दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 75 | जयपुर | शुक्रवार, 17 जनवरी, 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष चतुर्थी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹ 4.50 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर

18.0° अधिकतम तापमान

8.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेक्स | 77,042.82 +318.74 (0.42%)

निफ्टी | 23,311.80 +98.60 (0.42%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना | 81,065 /10g

चांदी | 95,500 /Kg

# राजस्थान की 6759 पंचायतों में सरपंच होंगे प्रशासक

## हर पंचायत में मौजूदा पंचों और उप सरपंच की प्रशासनिक कमेटी बनेगी; चुनाव टले

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान की 6759 ग्राम पंचायतों में जनवरी में चुनाव कराने की जगह सरकार ने मौजूदा सरपंचों को ही प्रशासक नियुक्त करने का फैसला किया है। सरपंचों की सहायता के लिए हर ग्राम पंचायत लेवल पर एक प्रशासकीय कमेटी भी बनेगी। इसमें उप सरपंच और वार्ड पंच मेंबर होंगे। पंचायती राज विभाग ने सरपंचों को प्रशासक नियुक्त करने और प्रशासनिक समिति बनाने के नोटिफिकेशन जारी कर दिए हैं। राजस्थान सरकार ने मध्य प्रदेश मॉडल पर यह फैसला किया है। पहले मध्य प्रदेश सहित कई भाजपा शासित राज्य भी इसी तरह सरपंचों को प्रशासक बना चुके हैं। प्रदेश की सभी पंचायती राज संस्थाओं के एक साथ चुनाव करवाने के लिए इसे काफी अहम माना जा रहा है। राजस्थान की 6759 ग्राम पंचायत का कार्यकाल इसी महीने खत्म हो रहा है। इन पंचायतों के चुनाव 31 जनवरी से पहले करवाने जरूरी थे। सरकार वन स्टेट वन इलेक्शन के लिए उनके चुनाव नहीं करवा रही। पिछले दिनों सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन का फैसला किया था, जब तक पुनर्गठन नहीं होता तब तक चुनाव नहीं होंगे।

### सरपंच समिति से सलाह लेकर काम करेंगे

जिन पंचायतों का कार्यकाल पूरा हो गया है, उनमें सरपंच प्रशासक का काम करेंगे, लेकिन उन्हें प्रशासनिक समिति से राय लेनी होगी। कलेक्टर हर ग्राम पंचायत में प्रशासक लगाने और प्रशासनिक समिति बनाना काम करेंगे। पंचायती राज विभाग की अधिसूचना के अनुसार सभी जिलों के कलेक्टर अपने-अपने इलाके में जिन ग्राम पंचायत का कार्यकाल पूरा हो रहा है। उनमें प्रशासक लगाने और प्रशासनिक समिति बनाने का काम करेंगे।

### वन स्टेट वन इलेक्शन से पहले पंचायत चुनाव में गैप मिटाने की कोशिश, इसलिए चुनाव टाल प्रशासक लगाए

प्रदेश में 11000 से ज्यादा ग्राम पंचायतें हैं। इनका कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा हो रहा है। वन स्टेट वन इलेक्शन के तहत सभी पंचायती राज संस्थाओं का एक साथ चुनाव करवाने के लिए प्रशासक लगाने जरूरी थे। 6759 ग्राम पंचायत का कार्यकाल जनवरी में पूरा हो रहा है। 704 पंचायत का कार्यकाल मार्च में में पूरा हो रहा है। 3847 पंचायत का कार्यकाल सितंबर-अक्टूबर में पूरा हो रहा है। चुनाव के इस गैप को कम करने के लिए प्रशासक लगाने का फैसला किया है।




### सरकार ने सरपंचों को साधा, लेकिन सियासी चुनौतियां बरकरार

सरकार ने हर पंचायत में मौजूदा सरपंचों को ही प्रशंसक लगाकर सरपंचों को तो साध लिया, लेकिन सियासी चुनौतियां अभी भी बरकरार है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि हर पंचायत में राजनीति बहुत ही अलग तरह की है। हर सरपंच का विरोधी खेमा है। मोटे अनुमान के मुताबिक एक गांव में दो से तीन राजनीतिक गुट बने हुए होते हैं। मौजूदा सरपंचों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। उनके प्रति स्वाभाविक तौर से नाराजगी भी होती है। अब उन्हें सरपंचों का एक तरह से कार्यकाल बढ़ाने से गांव में सरपंच विरोधी खेमा इस फैसले से नाराज होगा।

**अब तक ग्राम सचिव लगते रहे हैं प्रशासक, नाराजगी टालने के लिए सरपंचों को प्रशासक लगाया**

राजस्थान में अब तक किसी पंचायत के चुनाव टालने पर ग्राम सचिव को प्रशासक की जिम्मेदारी दी जाती रही है। इस बार प्रदेश में अलग मॉडल अपनाया गया है। सरपंचों को ही प्रशासक की जिम्मेदारी दे दी है। एक प्रशासनिक कमेटी बना दी है, जिसमें मौजूदा उप सरपंच और वार्ड पंच ही शामिल होंगे। इस नए मॉडल के पीछे सरपंचों की नाराजगी टालने और सियासी समीकरण साधने की कोशिश को मुख्य कारण माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव आयोग बोला- पार्टियां एआई का सही इस्तेमाल करें

#### कंटेंट में इसका लेबल जरूर लगाएं, गलत जानकारी देने पर कार्रवाई होगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलेक्शन कमीशन ने दिल्ली चुनाव से पहले प्रचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल पर एडवाइजरी जारी की है। आयोग ने राजनीतिक दलों को एआई का सही इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा है कि अगर पार्टियां एआई से तैयार किए गए कंटेंट का इस्तेमाल कर रही हैं तो उसमें इसका डिस्क्लेमर जरूर लगाएं। ताकि जनता को पता रहे कि यह कंटेंट एआई से जेनरेट किया गया है। अगर इसके बावजूद किसी भी पार्टी या नेता की तरफ से गलत जानकारी दी जा रही है तो कार्रवाई होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने हाल ही में चुनावों में गलत जानकारी फैलाने के लिए एआई और डीप फेक के इस्तेमाल पर चेतावनी दी है।

बढ़ता TOON!







# केंद्र सरकार ने 8वां वेतन आयोग बनाने की मंजूरी दी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कर्मचारियों के लिए केंद्र सरकार ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। आयोग की सिफारिशें 2026 से लागू होंगी। यह जानकारी कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने दी। उन्होंने कहा- सातवां वेतन आयोग 2016 में लागू हुआ था, इसकी सिफारिशें 2026 तक जारी रहेंगी। 7वां वेतन आयोग (पे-कमीशन) 1 जनवरी, 2016 से लागू हुआ था। इससे करीब 1 करोड़ लोगों को फायदा हुआ था। वेतन आयोग हर 10 साल में लागू किया जाता है। उम्मीद है कि मोदी सरकार 1 जनवरी, 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू कर देगी। इससे केंद्रीय कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन और पेंशन बढ़ेगी। इसके अलावा वैष्णव ने बताया कि केंद्र सरकार आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित इंडियन स्पेश रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) के रॉकेट लॉन्चिंग सेंटर में तीसरा लॉन्च पैड बनाएगी। यह 3985 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। इस फैसले से न्यू जेनरेशन लॉन्च व्हीकल प्रोग्राम को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यहां से चंद्रयान और मंगलयान जैसे ऐतिहासिक मिशन लॉन्च हुए हैं।

### 2026 से लागू होगा

#### श्रीहरिकोटा में 3985 करोड़ में तीसरा सैटेलाइट लॉन्च पैड बनेगा

### थर्ड लॉन्च पैड प्रोजेक्ट 4 साल में होगा तैयार

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि थर्ड लॉन्च पैड प्रोजेक्ट के तहत इसरो का लक्ष्य है कि श्रीहरिकोटा में अगली पीढ़ी के लॉन्च वाहनों के लिए बुनियादी ढांचे की स्थापना की जाए। इस प्रोजेक्ट के लॉन्च के पीछे एक और कारण यह है इसरो श्रीहरिकोटा के दूसरे लॉन्च पैड को एक स्टैंडबाय लॉन्च पैड के तौर पर रखना चाहता है। साथ ही इससे भविष्य में भारतीय ह्यूमन स्पेसफ्लाइट मिशन के लिए लॉन्च क्षमता को बढ़ाने का भी उद्देश्य है।



# महाकुंभ में हरे राम-हरे कृष्ण...पर झूमे विदेशी

## संगम में लगाई डुबकी, अखाड़ों में पहुंचे; महाकुंभ में आईआरसीटीसी की टेंट सिटी फुल

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ में आए 10 देशों के 21 डेलिगेट्स ने संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद सभी अखाड़ों में गए। महाकुंभ का धार्मिक महत्व समझा, भारतीय संस्कृति के अद्भुत पहलुओं का अनुभव किया। वहीं, महाकुंभ में इस्कॉन की शोभायात्रा में विदेशी श्रद्धालुओं ने जमकर डांस किया। हरे राम-हरे कृष्ण... भजन पर विदेशी डांस करते दिखे। संगम में आज चौथे दिन अभी तक 25 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक देश-विदेश से आए करीब 6.30 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। उधर, महाकुंभ में IRCTC (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन) की टेंट सिटी 30 जनवरी तक फुल हो गई है। अगर आप अब बुकिंग कराते हैं, तो फरवरी के पहले सप्ताह का इंतजार करना होगा। 24 जनवरी को महाकुंभ में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री संगम स्नान के लिए पहुंचेंगे। वह 3 दिन तक कथा करेंगे। उनका दरबार लेटे हुए हनुमान मंदिर के सामने लगेगा। 16 जनवरी से 24 फरवरी तक संस्कृति का महाकुंभ होगा। आज गंगा पंडाल में बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन अपनी प्रस्तुति देंगे। यमुना, सरस्वती पंडाल में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू होंगे।

### मंत्री सुरेश खन्ना ने महाकुंभ मेले में संविधान गैलरी का किया उद्घाटन

संविधान गैलरी के उद्घाटन पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा, आज कुंभ मेले में संविधान गैलरी का शुभारंभ किया गया है। आम नागरिक को संविधान के निर्माण के बारे में, संविधान के महत्वपूर्ण अंगों के बारे में, इसके विशेष अनुच्छेद के बारे में जानकारी होनी चाहिए। इसलिए ये प्रयास किया गया है।

### महाकुंभ में आकर्षण का केंद्र बने रुद्राक्ष वाले बाबा

महंत वशिष्ठ गिरी, जिन्हें रुद्राक्ष वाले बाबा के नाम से जाना जाता है, महाकुंभ 2025 में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। वे बचपन से ही साधु बनने का सपना देखते थे और उत्तराखंड के केदारनाथ में रहते हैं। बाबा ने अपनी नित्य क्रिया के बाद सवा लाख दानों की रुद्राक्ष की माला धारण की, जिससे उनका नाम रुद्राक्ष वाले बाबा पड़ा। यह माला उनके दादा गुरुजी की कृपा से उन्होंने 2013 में पहनी थी।

### कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद

# कर्मचारी राज्य की महत्वपूर्ण कड़ी, उनकी समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता : सीएम



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कर्मचारी हमारे राज्य की महत्वपूर्ण कड़ी है तथा सरकार और कर्मचारी का संबंध प्रगाढ़ होता है। हमारी प्राथमिकता है कि कर्मचारियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि विकसित और खुशहाल राजस्थान के लक्ष्य के लिए कार्मिक समर्पण एवं सेवाभाव के साथ काम करें तथा आगामी बजट 2025-26 में कर्मचारी संगठनों से प्राप्त सुझावों को परीक्षण कर यथासंभव शामिल किया जाएगा। शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में कर्मचारी संघों के साथ बजट पूर्व संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य की 8 करोड़ जनता की आशा और आंकाक्षाओं को पूरा करने में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि गत एक वर्ष में राज्य सरकार ने राज्य में बिजली-पानी की प्राथमिकता को समझते हुए अनेक निर्णय लिए हैं। ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना सहित विभिन्न परियोजनाओं से जहां राज्य में जल की आपूर्ति बढ़ी हैं, वहीं किसानों को 2027 तक दिन में बिजली देने के लक्ष्य को लेकर राइजिंग राजस्थान में ऊर्जा के क्षेत्र में सर्वाधिक एमओयू किए गए हैं। राज्य सरकार प्रदेश को उत्कृष्ट और विकसित राजस्थान बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही है।

### कर्मचारियों के हित में लिए कई अहम फैसले

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कर्मचारियों के हित में कई अहम फैसले लिए हैं। कार्मिकों को पदोन्नति के लिए वर्ष 2023-24 में वांछित अनुभव में 2 वर्ष की शिथिलता दी गई है।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# प्रयागराज की पावन भूमि पर मेहंदीपुर बालाजी सेवा शिविर में भव्य धार्मिक अनुष्ठानों का दिव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**मेहन्दी पुर बालाजी/प्रयागराज ( भरत सिंह )।** प्रयागराज की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को सशक्त करते हुए मेहंदीपुर बालाजी सेवा शिविर में प्रतिदिन भव्य और दिव्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन महंत डॉ. नरेश पुरी जी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हो रहा है। इस पवित्र अनुष्ठान का उद्देश्य संगम नगरी प्रयागराज के धार्मिक महत्व को बढ़ाते हुए समाज में आध्यात्मिक चेतना का विस्तार करना है। हर दिन 11 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा यजुर्वेद पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जो ज्ञान, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। इसके साथ ही, 108 बार रामचरितमानस पाठ से भगवान श्रीराम की लीलाओं और आदर्शों का प्रचार किया जा रहा है, जो समाज में नैतिकता और आदर्श जीवन मूल्यों को स्थापित करने में सहायक है। 21 बार श्रीमद्भागवत पाठ के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और प्रेम का संदेश दिया जा रहा है। सवा लाख बार द्वादश अक्षर मंत्र ( नमो भगवते वासुदेवाय) के जाप से भक्ति, ध्यान और आंतरिक शुद्धि का वातावरण निर्मित होता है। 110 बार हनुमान चालीसा का पाठ श्रद्धालुओं में साहस, शक्ति और भक्ति का संचार करता है। 3100 बार विष्णु सहस्त्रनाम के पाठ से भगवान विष्णु के हजार नामों के उच्चारण के माध्यम से जीवन में दिव्यता और शांति की अनुभूति होती है। इसके अतिरिक्त, 5100 बार श्री सूक्त का पाठ माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्ति और समृद्धि के लिए किया जाता है। 2100 बार सुंदरकांड के पाठ से सकारात्मकता, आत्मबल और धर्म की महिमा को प्रचारित किया जा रहा है।

**प्रयागराज की पावन भूमि पर धार्मिक अनुष्ठानों का महत्व :** प्रयागराज, जो संगम नगरी के रूप में जानी जाती है, अनादि काल से ही धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र रही है। इन अनुष्ठानों के माध्यम से न केवल आध्यात्मिक चेतना का विस्तार हो रहा है, बल्कि प्रयागराज की पवित्रता और धार्मिक गरिमा को और अधिक सशक्त किया जा रहा है। यजुर्वेद और रामचरितमानस के पाठ से शांति, संयम और संतुलन का संदेश मिलता है। विष्णु सहस्त्रनाम और श्री सूक्त के पाठ से भौतिक और आध्यात्मिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। हनुमान चालीसा और सुंदरकांड के पाठ श्रद्धालुओं में सकारात्मक ऊर्जा और आत्मबल का संचार करते हैं। महंत डॉ. नरेश पुरी जी महाराज के मार्गदर्शन में यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आध्यात्मिक अनुभव और पुण्य प्राप्ति का अवसर प्रदान कर रहा है।



# जयपुर-दिल्ली हाईवे पर केमिकल से भरे टैंकर में लगी आग

## भांकरोटा अग्निकांड की आई याद

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के ग्राम पनियाला से होकर गुजर रहे नेशनल हाईवे संख्या 48 पर रात करीब 2 बजे के आस-पास एक केमिकल से भरा टैंकर पलट गया। टैंकर को हाईवे से हटाने के दौरान टैंकर में भरे ज्वलनशील केमिकल में आग लग गई, जिसके एक क्रेन भी जलकर राख हो गई। साथ ही एक अन्य क्रेन को भी नुकसान हुआ है। आग पर करीब एक दर्जन दमकलों ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद क़ाबू पाया। गनीमत ये रही की प्रशासन की सतर्कता के चलते कोई जनहानि नहीं हुई।इस हादसे ने पिछले माह दिसंबर में जयपुर के भांकरोटा में हुए अग्निकांड की याद दिला दी। गौरतलब है कि भांकरोटा में हाइवे पर पिछले माह हुए हादसे में 20 लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए।पुलिस का मानना झपकी आने से हुआ हादसा डिवाईएसपी राजेंद्र बुरडक़ ने बताया कि संभवत- हादसे की वजह ड्राइवर की नींद आना रही है। हालांकि पुलिस अभी इसकी जांच कर रही है। रात में कोहरे के कारण या किसी और वजह से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

**पलटे टैंकर को हटाते वक्त दो क्रेन भी जली :** रात दो बजे के आस पास नेशनल हाईवे पर टैंकर के पलटने की घटना हुई जिसके बाद प्रशासन ने एहतियातन ट्रैफिक को करीब एक किलोमीटर पहले दोनों साइडों में रोक दिया था। इसके बाद टैंकर को हाईवे से हटाकर सर्विस लाइन पर लाए जाने की कोशिश की जा रही थी। मौक़े पर दो क्रेन भी मंगाई गई थी। जब क्रेन टैंकर को हटा रही भी उसी दौरान टैंकर में भरे ज्वलनशील बेंनजील केमिकल ने आग पकड़ ली। आग इतनी भयानक थी कि क्रेन चालकों को अपनी क्रेन बचाने का मौका ही नहीं मिला किसी तरह उन्होंने क्रेन से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना में एक क्रेन पूरी तरह जलकर खाक हो गई, वहीं दूसरी क्रेन में भी काफी नुक़सान हुआ है। आग को बुझाने के लिए कोटपूतली बहरोड़ और नीमराना से करीब एक दर्जन दमकल आई। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### सतर्कता ने बचाया बड़ा हादसा

ज्वलनशील टैंकर में हुई आगजनी की घटना में प्रशासन की सतर्कता काम आई। समय रहते प्रशासन ने आला इंतजाम किए जिसके चलते कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हादसे की सूचना पर डीवाईएसपी राजेंद्र बुरडक और एसडीएम बृजेश चौधरी मौक़े पर पहुंचे। पुलिस ने एहतियातन आस पास के सभी होटलों को भी पहले ही खाली करवा दिया था।

# आमजन के परिवादों में समय निर्धारित कर पेंडेंसी को खत्म करें : सुराणा

- जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में सुने जन अभाव-अभियोग, अधिकारियों को दिए निर्देश
- प्रभारी सचिव भास्कर ए सावंत ने प्रदेश स्तर से जुड़कर जिला स्तरीय जनसुनवाई की समीक्षा की

बढ़ता राजस्थान




**चूरू ( सुरेश लाटा )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने डीओआईटी वीसी सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिलेभर से आमजन के अभाव-अभियोग सुने व अधिकारियों को परिवादों में समुचित जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरणों पर भी विस्तार से चर्चा कर निर्देश दिए गए। प्रभारी सचिव भास्कर ए सावंत ने प्रदेश स्तर से वीसी के जरिए जुड़कर जिला स्तरीय जन सुनवाई की समीक्षा की। जिला कलक्टर सुराणा ने जिला स्तरीय जन सुनवाई में आए फरियादियों के परिवाद सुनकर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन के परिवादों में समय निर्धारित कर पेंडेंसी को समाप्त करें। प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण कर फरियादियों के संतुष्टि स्तर को बेहतर बनाएं। शिकायतों के निस्तारण में एवरेज डिस्पोजल टाइम व परिवादी के संतुष्ट स्तर का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों के जवाब देने तथा निस्तारण के दौरान किसी प्रकार की गलत रिपोर्टिंग ना हो। परिवादों की बारीकी से मॉनीटरिंग करें तथा नियमित रिव्यू करें। सभी जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी जिला कलक्टर कार्यालय से किए जाने वाले पत्राचार की निर्धारित समय सीमा में पालना रिपोर्ट भिजवाएं। इसी के साथ राज्य स्तर के प्रकरणों व सीएसआर अंतर्गत करवाए जाने वाले कार्यों की जानकारी भिजवाएं। सुराणा ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर सम्मानित करने हेतु अच्छे व कर्तव्यनिष्ठ कार्मिकों के साथ इनोवेटिव कार्य करने वाले कार्मिक की अभिशंषा समय से भिजवाएं। गणतंत्र दिवस समारोह की समुचित तैयारियां करें। सभी व्यवस्थाएं बेहतरीन ढंग से हो, यह सुनिश्चित किया जाए। जन सुनवाई के दौरान अतिक्रमण, फर्जी कंपनी बनाकर पैसे वसूलने, रास्ते के विवाद, निर्माण कार्य का मलबा सड़क पर पड़ा होने से रास्ता अवरूद्ध होने, स्वच्छता, जल भराव, पट्टे बनवाने, बकाया एरियर भुगतान, डेयरी बूथ हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने, बिजली के खंभों को हटवाने सहित सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त व सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरणों को लेकर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समुचित जांच करवाते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, तहसीलदार अशोक गोरा, पीएचईडी एसई रमेश कुमार राठी, सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, डीओआईटी डीडी नरेश टुहानिया, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, डिस्कॉम एक्सईएन अनिल पूनिया, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, उद्यान उपनिदेशक डॉ धर्मवीर डूडी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेन्द्र राठौड़, डीएसओ सुरेन्द्र महला, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल, सीपीओ भागचंद खारिया, सांख्यिकी उपनिदेशक आरजी सेपट, रेंजर पवन, सीडीपीओ शिवराज सिंह, एक्सईएन प्रेम कुमार, खेल प्रशिक्षक सीताराम प्रजापत सहित अधिकारी तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

# सिल्क ऑफ इंडिया मेला अब अंतिम दौर में, डिस्काउंट पर सिल्क की साड़िया खरीदने उमड़ रही महिलायें



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** नगर निगम प्रांगण में चल रहे सिल्क मेला अब अन्तिम दौर है। अब तक यहां पर हजारों लोगों ने विभिन्न उत्पादों की खरीदारी की है। जो जो सर्दी बड़ी मेले में खरीदारों की भीड़ भी अपने आप बढ़ती गई और उसका सीधा फायदा व्यापारियों को हुआ। मेले में व्यापारियों द्वारा सिल्क साड़ियों सहित विभिन्न उत्पादों पर दी जा रही छूट के कारण महिलायें उमड़ रही है। कई व्यापारियों ने बताया कि वह उदयपुर में कई बार आ चुके हैं लेकिन इस बार उनका व्यापार जिस तरह से चला उतना पहले कभी नहीं चला। अभी सिल्क मेले का अंतिम दौर है। शहर वासी यह मौका नहीं चूकना चाहते हैं इसलिए यहां पर इन दिनों खरीददारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सिल्क मेले में राधा रानी पोशाक भंडार उदयपुरवासियों में और मेले में आने वाले हर व्यक्ति के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ हैं। इसका कारण यह है कि उनके पास लगभग 15 तरह के खुशबूदार इत्र है। लड्डू गोपाल और राधा रानी के लिए विभिन्न तरह की उचित दामों में पोशाक के भी उपलब्ध है। पोशाक भंडार के संचालक सत्यम ने बताया कि उनके यहां पर लड्डू गोपाल की मूर्ति, महादेव की मूर्ति, शिवलिंग, रामलाल की मूर्ति जो कि फाइबर और काले मार्बल से बनी हुई है काफी बिक रही है और लोगों के आकर्षण का केंद्र बन रही है। इनके साथ ही विभिन्न प्रकार की लड्डू गोपाल एवं राधा रानी की पोशाकें, माला, मुकुट, बांसुरी, पगड़ी, आसान, झूला, सिंहासन, बिस्तर तथा भगवान के लिए श्रृंगार की सभी वस्तुएं उपलब्ध है। इसके साथ ही उत्तम जड़ी बूटी से निर्मित हवन सामग्री, गंगाजल, अगरबत्ती, कलवा, समरानी कप, अष्टगंध, चंदन, कपूर, धूप, लोबान, धूप स्टेट गूगल इत्यादि हवन पूजन सामग्री लोग खूब खरीद कर ले जा रहे है। सत्यम का दावा है कि उनके पास ताना चंदन नाम का ऐसा शुद्ध चंदन है जो उदयपुर शहर क्या उदयपुर संभाग में कहीं भी उपलब्ध नहीं हो सकता। एकदम शुद्ध चंदन है इसमें किसी भी तरह की मिलावट नहीं है इस चंदन की जो खुशबू है वह भी प्राकृतिक है। यह चंदन सूखने के बाद और भी ज्यादा चमकदार हो जाता है और इसके खासियत यह है कि इसकी खुशबू दिनभर नहीं जाती हैं।

# सीएम के बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम में उदयपुर से नर्सेज़ यूनियन के पदाधिकारियों ने भाग लिया



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम में उदयपुर से राजस्थान नर्सेज यूनियन जिलाध्यक्ष हितेश लबाना,सचिव गुलाम नबी एवं उपाध्यक्ष योगेश उपाध्याय,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हंसराज मीणा ने भाग लिया। संवाद कार्यक्रम में उदयपुर संभाग में कार्यरत नर्सेज की विभिन्न मांगों पर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के समक्ष नर्सेज समस्याओं को अवगत कराया। आरएनयू सचिव गुलाम नबी ने बताया कि संविदा सेवा से नियमित हुए नर्सेज को नोशनल लाभ देते हुए 9-18-27 का लाभ देने,प्रोबेशन पीरियड में पूर्ण वेतन देने,नर्सिंग ऑफिसर को अतिआवश्यक दवाइयां लिखने का अधिकार देने,अलग से नर्सिंग निदेशालय खोला जाएं ,केंद्र के समान वेतन भत्ते दिए जाएं,वेतन विसंगतियां दूर की जाएं, पुरानी पेंशन योजना यथावत लागू रखते हुए असमंजस्य की स्थिति स्पष्ट की जाए ,समयबद्ध डीपीसी करने ,हार्ड ड्यूटी एलाउंस देने,प्रक्रियाधीन नर्सेज भर्ती में होल्ड रहे अभ्यर्थियों को जल्द नियुक्ति देने एवं अस्थाई नर्सेज(यूटीबी) का समय पर एक्सटेंशन करने सहित कई विभिन्न मांगों का मांगपत्र मुख्य मंत्री एवं मुख्य सचिव को सौंपा । संयोजक हंसराज मीणा ने मुख्यमंत्री के समक्ष ठेकाकर्मी नर्सेज साथियों का दर्द बता कर कहा कि मात्र आठ हजार के अल्प मानदेय पर तन मन से दिन रात मरीजों की सेवा करने वाले इन ठेकाकर्मी नर्सेज को दैनिक मजदूरी से भी कम वेतन में सालों से कार्य कर रहे है। इन्हें परमानेंट नर्सिंग ऑफिसर पद पर समायोजन किया जाएं।

# स्टार्टअप और रोजगार विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय के आई स्टार्ट केंद्र द्वारा आई स्टार्ट दिवस पर स्टार्टअप और रोजगार विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जितेन्द्र सिंह द्वारा स्टार्ट अप को लेकर रोजगार की अनंत संभावनाओं पर व्याख्यान दिया। जितेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि आपके पास यदि कोई आईडिया है तो हमें शेयर करें हम आपकी काउंसलिंग करके आपके आईडिया को फलीभूत करेंगे। प्राचार्य डॉ आर के सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में आई स्टार्ट केंद्र से जुड़कर अपने सपनों को साकार करें। अध्ययन करते हुए धनार्जन कर सकते हैं। महाविद्यालय में आई स्टार्ट संयोजक डॉ सत्यवीर सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि महाविद्यालय में इस केंद्र के साथ जुड़कर यश और धन दोनों का अर्जन कर सकते हैं।

# जाम से बेहाल कोटपूतली, राजमार्ग की सर्विस लेन पर घण्टों जाम की स्थिति



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण सर्दी के साथ-साथ कोटपूतली कस्बे में इन दिनों नियमित रूप से लग रहे जाम ने क्षेत्रवासियों का हाल-बेहाल कर दिया है। बुधवार दोपहर बाद कस्बे से होकर गुजर रहे जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर सर्विस लेन पर लम्बा जाम लग गया। लगातार जाम की स्थिति रहने से सर्विस लेन से जुड़ रहे सभी आम रास्तों पर भी जाम की स्थिति बन गई। इस दौरान जाम में दुपहिया वाहन सहित चौपहिया वाहन कारें, ट्रक, ट्रैक्टर आदि भी आमने-सामने फंस गये।

बड़ी संख्या में अधिकारियों की कारें, एम्बुलेंस आदि भी जाम में फंसी हुई दिखाई दी। वहीं जाम में फंसे महिलाओं, बुजुर्गो व बच्चों को भी भारी समस्या का सामना करना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि कस्बे में नियमित रूप से जाम की स्थिति बनी रहती है।

इससे निपटने के लिये ना तो यातायात पुलिस के द्वारा कोई प्रबंध किया जा रहा है एवं ना ही उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर गया है।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 15 वे दिन भी अनवरत जारी

## जिला समाप्त करने के विरोध में 8 वे दिन क्रमिक अनशन धरने पर खटीक समाज शाहपुरा के सदस्य बैठे

बढ़ता राजस्थान




**शाहपुरा ( कमलेश अग्रवाल )।** दिनांक 16-1-25 को शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर 8 वे दिन खटीक समाज शाहपुरा के सदस्यों ने क्रमिक अनशन धरना दिया । संघर्ष समिति के महासचिव व अभिभाषक संस्था के सहसचिव कमलेश मुण्डेतिया ने बताया कि शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा व सयोंजक रामप्रसाद जाट ने क्रमिक अनशन धरने पर बैठे खटीक समाज शाहपुरा के रामस्वरूप चावला मदनलाल खटीक दलीचंद खींची छगनलाल मोड़ूराम खटीक सोलंकी सत्यनारायण चंदेल नाथु सोलंकी रामेश्वर सोलंकी रामप्रसाद खींची रामस्वरूप टेपन प्यार चंद चावला गजराज खटीक शंकर लाल खटीक राजेंद्र खटीक बालू राम खटीक सरवन खटीक पप्पू खटीक दुर्गा लाल खटीक सहित महिला मंडल बदाम देवी खटीक विमला देवी खटीक कमला देवी शांति देवी डाली देवी मंजू देवी संतोष देवी बाली देवी सीता देवी रितिका खटीक सहित सैकड़ों पुरुष महिला सदस्यों को माला पहनाकर धरने पर बैठाया।

**खटीक समाज की महिलाओं ने धरना स्थल पर किया भजन कीर्तन :** खटीक समाज शाहपुरा की महिलाओं ने क्रमिक अनशन धरने पर अपने वाद्य यंत्र ढोलक मजीरे बजाकर भजन कीर्तन किया और सरकार से शाहपुरा को वापस जिला बनाने की मांग की। महिला सदस्य विमला देवी और बदाम देवी ने आक्रोश जताते हुए सरकार से शाहपुरा को पुन जिला नहीं बनाने पर गांव गांव तक जाकर महिलाओं को साथ लेकर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

**अधिवक्ताओं ने आंदोलन को अनवरत जारी रखने का लिया निर्णय :** अभिभाषक संस्था के सचिव वीरेंद्र पत्रिया ने बताया कि जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में चल रहे आंदोलन को लेकर अभिभाषक संस्था शाहपुरा की साधारण सभा की बैठक संस्था अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमे नयायिक कार्य का बहिष्कार जारी रखते हुए आंदोलन को अनवरत जारी रखने का निर्णय लिया। बैठक में संस्था के उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत सह सचिव कमलेश मुंडेतिया कोषाध्यक्ष तेज प्रकाश पाठक पुस्तकालय अध्यक्ष दीपक मीणा त्रिलोक चंद नौलखा रामप्रसाद जाट सुनील शर्मा शिवराज कुमावत अंकित शर्मा मोहम्मद शरीफ कैलाश चंद्र सुवालका राजेश वर्मा चावंड सिंह शक्तावत संजय हाडा अक्षय राज रेबारी विनोद रासनाढय विजय पाराशर जितेंद्र पाराशर आदि ने विचार रखते हुए जिला बचाओ आंदोलन को अनवरत जारी रखने का निर्णय लिया।

### राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया

संयोजक रामप्रसाद जाट ने बताया कि खटीक समाज के महिला और पुरुषों ने शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा शाहपुरा जिला समाप्त होने पर आक्रोश जताते हुए धरना स्थल से एकत्रित होकर ढोलक की थाप और मजीरे बजाकर नाचते गाते नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन कर शाहपुरा जिला बहाल करने की मांग का ज्ञापन राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को दिया।

# मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की पालना में जेडीए ने दी नववर्ष पर आमजन को तीन सौंगाते

## गोपालपुरा बाईपास पर त्रिवेणी नगर आरओबी से गुर्जर की थड़ी तक एलिवेटेड रोड

- सालिगरामपुरा फाटक पर आरओबी निर्माण, सीबीआई/इंडुनी फाटक पर आरओबी निर्माण
- आमजन को मिलेगा सुगम और सुरक्षित यातायात, 500 करोड़ रूपये पीडब्ल्यूसी की बैठक में किये स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर शहर के सुनियोजित एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जेडीसी ने बताया कि इस क्रम में जेडीए द्वारा गुरूवार को मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की अनुपालना में आमजन की सुविधार्थ सुरक्षित एवं सुगम यातायात हेतु गोपालपुरा बाईपास पर एलिवेटेड रोड, इंडुनी/सीबीआई फाटक पर आरओबी एवं सालिगरामपुरा फाटक पर आरओबी निर्माण हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां जारी कर आमजन को राज्य सरकार की ओर नववर्ष पर जेडीए द्वारा तीन सौगातें दी गई है। जिससे जयपुर के बाशिन्दों को उमदा और विश्वस्तरीय सुविधाएं सुलभ होंगी और जयपुर में निवेश के नये आयाम खुलेंगे। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में गुरूवार को चिंतन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 500.00 करोड़ रूपये के कार्य स्वीकृत किये गये। बैठक में जोन-14 में जयपुर-सवाईमोपुर रेल्वे लाईन पर सालिगरामपुरा फाटक एल.सी. 67(ए) आरओबी निर्माण हेतु 86.00 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बैठक में जोन-10 में जयपुर रेवाड़ी रेल्वे लाईन पर सीबीआई/इंडुनी फाटक (एल.सी.214) पर आरओबी निर्माण हेतु 95.00 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बैठक में जोन-5 में गोपालपुरा बाईपास पर त्रिवेणी नगर आरओबी से गुर्जर की थड़ी तक एलिवेटेड रोड़ निर्माण हेतु 185.00 करोड़ रूपये प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बजट घोषणा वर्ष 2024-25 अनुसार नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अनन्तपुरा (जैतपुरा) चौमू के भवन निर्माण हेतु अनन्तपुरा ग्रुप हाउसिंग योजना के आरक्षित भूखण्ड क्षेत्रफल 15885.98 वर्गमीटर में से 4000.00 वर्गमीटर भूमि आवंटन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में जोन-6 में विद्याधर नगर विधानसभा में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 70.25 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बैठक में जोन-2 में विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 20.02 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। बैठक में जोन-4 में पीएचईडी द्वारा पाईप लाईन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के मरम्मतीकरण एवं अन्य सड़कों के नवीनीकरण कार्य हेतु 6.93 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बैठक में जोन-6 में निर्मल विहार एस-2ए एवं लोहामण्डी में पीएचईडी पाईप लाईन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के मरम्मतीकरण एवं अन्य सड़कों के नवीनीकरण कार्य हेतु 5.61 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

# नगरपालिका का चेयरमैन पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की पर सीकर टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए नगर पालिका खण्डेला जिला सीकर के चेयरमैन मोहम्मद याकूब मलकान को पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पूर्व में 7 जनवरी 2025 को जारी किये गये आवासीय पट्टे की एवज में पचास रुपये बतौर रिश्वत ले जा रहा था। फिलहाल एसीबी की टीम पूछताछ करने में जुटी है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की सीकर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके पूर्व में बनाये गये पट्टे की एवज में नगरपालिका चैयरमैन का मौहम्मद याकुब मलकान की ओर से पचास रूपये रिश्वत मांग रहा है। इस एसीबी की सीकर टीम के पुलिस उप अधीक्षक रवीन्द्र सिंह शेखावत के निर्देशन में शिकायत का


सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए चैयरमैन मौहम्मद याकुब मलकान को पचास रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-तृतीय, बीसलपुर परियोजना, देवली

### निविदा सूचना संख्या 07 वर्ष 2024-25 कार्यो की विवरण सूची

1. कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन निर्माण खण्ड-तृतीय, बीसल0 परि0, देवली
2. निविदा की कुल लागत राशि रू0 4.95 लाख (01 कार्य)
3. निविदा का कार्य बीसलपुर परियोजना देवली कॉलोनी एवं रेस्ट हाऊस से सम्बन्धित ।
4. न्यूनतम एवं अधिकतम निविदा वाले कार्य की लागत क्रमशः रू0 4.95 लाख कार्य की दिनांक 13.01.2025 से 20.01.2025 को 11 बजे तक बेची जाकर उसी दिनांक को अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में सायं 2.00 बजे तक प्राप्त की जाकर उसी दिनांक को सायं 04.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी ।।

नोटः निविदा की शर्ते एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट www.dipronling.org.in www.waterresources.rajasthan.gov.in एवं निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।

| कार्य संख्या | UBN No. |
|---|---|
| 1. | WRD 2425WSO B01489 |

**अधिशाषी अभियन्ता निर्माण खण्ड-तृतीय**
**बीसल0परि0 देवली**


# उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को जयपुर स्थित परिवहन भवन से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) प्रथम के सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। परिवहन मंत्री ने बताया कि यह जागरूकता रथ न केवल शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा का संदेश प्रसारित करेगा अपितु विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भी जाकर छात्र-छात्राओं को जागरूक करेगा।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी के साथ-साथ सीपीआर एवं अन्य आपातकालीन चिकित्सा सहायता के विषय में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

# जयपुर पुलिस कमिश्नर ने आमेर थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों को दी राहत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरुवार को आमेर थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अपराध कुंवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डूडी डोगरा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर-प्रथम दुर्ग सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त आमेर, भोपाल सिंह भाटी सहित संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे। बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए थाना स्तर में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। गौरतलब है कि इससे पहले जयपुर पुलिस कमिश्नर ने शिप्राप्थ, कानोता, करधनी, विद्याधरनगर, शिवदासपुरा, बगरू, चौमू, प्रतापनगर, जयसिंहपुरा खोर, जवाहर सर्किल, वैशालीनगर एवं मुहाना थाने में जनसुनवाई कर सैकड़ों परिवादियों को राहत दी थी। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाता है। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिया जाता है।


**Office of The Superintending Engineer,**
**PHED, Project Circle, Jaipur**
**Sector-26, near Ayush Bhawan, Pratap Nagar**
(Email Official-seproj.jal.phed@rajasthan.gov.in)

Sr.- Date:

**Corrigendum-01**

The date of submission of bid against NIB No 02/2024-25 for work detailed below is postponed up to 16.01.2025. The Details of this Bid amendment can be seen on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in. Bids are to be submitted online electronic format on web site http://eproc.rajasthan.gov.in.

**UBN: PHE2425WLOB07225**

| NIB NO. | Particulars of work | NIB Cost |
|---|---|---|
| 02/24-25 | Construction of Intake, RWR, WTP at Masi Dam, Pump house and connecting it with CWR for Conjunctive use including O & M work for ten years after one year defect liability period for Bisalpur-Niwai-Tonk Water Supply Project under JJM (Package-III). | Rs. Crores 21.01 |

**Superintending Engineer,**
**PHED Project Circle, Jaipur**


# ऑपरेशन सायबर शील्ड : चौदह गुमशुदा मोबाइल बरामद कर मोबाईल धारकों किया सुपुर्द

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए साइबर शील्ड अभियान के दौरान पुलिस थाना कानोता जिला जयपुर पूर्व टीम ने कानोता क्षेत्र से गुमशुदा मोबाइल को सीईआईआर पोर्टल से ट्रेस कर मोबाइल उपयोगकर्ताओं से सम्पर्क कर चौदह गुमशुदा मोबाइल को बरामद कर मोबाईल धारकों को सुपुर्द किया। सभी मोबाइल धारक का मोबाइल प्राप्त करने पर खुशी से चेहरे खिल खिल उठे। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि राज्य मे साइबर अपराधों का ग्राफ प्रतिदिन बढ़ने पर साइबर अपराधो मे प्रभावी कमी लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम व साइबर जागरूकता के प्रचार प्रसार के लिए साइबर शील्ड विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की सफलता के लिए समस्त पुलिस थानो को साइबर क्राईम पुलिस थानों से समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया था। इस साइबर शील्ड विशेष अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही के लिए एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कानोता क्षेत्र से गुमशुदा मोबाइल को सीईआईआर पोर्टल से ट्रेस कर मोबाइल उपयोगकर्ताओं से सम्पर्क कर गुमशुदा मोबाइल को बरामद कर मोबाईल धारकों को सुपुर्द किया।

# घुमंतू समाज भूख हड़ताल मामला : विधायक कैलाश वर्मा पहुंचे धरना स्थल पर, शीघ्र मामले को हल करने का किया वादा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में चल रहे घुमंतू समाज के यथा स्थान पर पट्टे प्राप्त करने के मार्ग में भू माफियाओं द्वारा उत्पन्न की जा रही बाधा को दूर करने के लिए चल रहे भूख हड़ताल के दसवें दिन स्थानीय बगरू विधानसभा के विधायक कैलाश वर्मा अपने लोगों के बीच में पहुंचे । विधायक कैलाश वर्मा ने धरना दे रहे समाज के पंच पटेल, एवं घुमंतू समाज के नागरिकों को मामले में शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और मौके पर ही जयपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम के अधिकारियों को मामले में तुरंत दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिये। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने कहा है कि जब तक जयपुर विकास प्राधिकरण तथा नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू नहीं की जाती तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगा तथा 19 जनवरी को महापड़ाव की घोषणा यथावत रहेगी। नाडार ने शहर में हाल ही में किए गए सर्वे में छोड़ दिए गए बस्तियों में तुरंत प्रभाव से सर्वे के आदेश की मांग की हैं। घुमंतू समाज के अंतर नाथ तथा बिशन बावरी ने जयपुर जिले के तथा प्रदेश भर के घुमंतु अर्ध घुमंतु तथा विमुक्त जाति के पंच पटेल एवं समस्या ग्रस्त नागरिकों का आह्वान किया है कि वह 19 जनवरी को जयपुर में हो रहे महापड़ाव में भाग लेकर अपनी समस्या रखें।


## सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी एवं प्रमूख चिकित्सा अधिकारी उपजिला चिकित्सालय चाकसू जिला जयपुर-2

क्रमांक- SDH/लेखा/2024/ 37 दिनांक - 15/01/2025

### खुली निविदा सूचना 2024-25

वितीय वर्ष 2024-25 हेतु चिकित्सालय के अग्रलिखित खरीद हेतु वैध पंजीकृत संस्थाओ से मोहरबंद निविदाये आमत्रित की जाती है। निविदाये प्रपत्र दिनांक 15/01/2025 प्रात: 10 बजे से दिनांक 21/01/2025 शाम 02.00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 22/01/2025 को दोपहर 12 बजे तक प्राप्त कर दिनांक 22/01/2025 को दोपहर 03.00 बजे निविदादाताओ के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम एवं NIB एवं UBN नंबर | कार्य की अवधि | अनुमानित लागत लाखो में | धरोहर राशियों | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आरएमआरएस/फलेक्सिपुल/राजकीय बजटउपलब्धता एवं आवश्यकतानुसार Medfli& BC 60 Hematology Analyzer के रेजेंट्स की आपूर्ति हेतु निविदा 2024-2025 हेतु NIB-MHS2425A3185 UBN-MHS2425GSOB04571 | कार्यालय आदेश दिनांक तीन माह तक | 10 लाख | 20000 (2%) | 500/ |
| 2. | आरएमआरएस/फलेक्सिपुल/राजकीय बजटउपलब्धता एवं आवश्यकतानुसार Medfli& BC 60 Hematology Analyzer के रेजेंट्स की आपूर्ति हेतु निविदा 2024-2025 हेतु NIB-MHS2425A3185 UBN-MHS2425GSOB04572 | कार्यालय आदेश दिनांक तीन माह तक | 10 लाख | 20000 (2%) | 500/ |
| 3. | आरएमआरएस/फलेक्सिपुल/राजकीय बजट उपलब्धता एवं आवश्यकतानुसार साफ-सफाई सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा 2024-2025 NIB-MHS2425A3186 UBN-MHS24255SOB04573 | कार्यालय आदेश दिनांक तीन माह तक | 05 लाख | 10000 (2%) | 500/ |
| 4. | आरएमआरएस/फलेक्सिपुल/राजकीय बजट उपलब्धता एवं आवश्यकतानुसार MAA योजना के अंतर्गत भर्ती मरीजो एवं संस्थान में होने वाली 56 जाँच हेतु निविदा 2024-2025 NIB-MHS2425A3187 UBN-MHS2425G50B04574 | कार्यालय आदेश दिनांक तीन माह तक | 10 लाख | 20000 (2%) | 500/ |

1 धरोहर राशि बैंकर्स चेक / डीडी द्वारा ही सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी चाकसू नाम से देय होगी, अन्य किसी भी माध्यम / नाम से प्रतिभूति राशि स्वीकृत नही की जावेगी।
2 राज्य सरकार द्वारा निर्धारित निविदा फार्म सबंधित शर्ते वैब पोर्टल SPPP.RAJASTHAN.Gov.IN पर उपलब्ध है। शेष शर्ते निविदा फार्म के साथ सलंग्न है, जो कार्यालय समय में कभी भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म में अंकित एवं सलग्न समस्त शर्तों की पूर्ति करने वाली संस्था की निविदा ही मान्य होगी।
3. सफल निविदा दाता द्वारा धरोहर राशि 3प्रतिशत अतिरिक्त देय होगी ।

**सदस्य सचिव,**
**राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी**
**एवं प्रमूख चिकित्सा अधिकारी उपजिला चिकित्सालय चाकसू जिला जयपुर**

**DIPR/C/785/2025**

## सम्पादकीय

# दुनिया में आ रहा है फ्रीलांस का दौर

भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) कलकत्ता से स्नातक करने के बाद सन 1971 में जब मैंने बंबई में पहली नौकरी शुरू की तो मैं चकित रह गया था: मेरे सामने जो दफ्तर था वहां 50 फीसदी हिस्सा युवक-युवतियों से भरा था। उनके सामने टाइपराइटर रखे थे और टाइपिंग करने के लिए वे उनके कीबोर्ड को पीटे जा रहे थे। मैं जिस दफ्तर में था, वह उस समय देश की सबसे रचनात्मक विज्ञापन एजेंसी का दफ्तर था। मैं 21 वर्ष का था और मेरा दिमाग घूमने लगा: क्या इस कंपनी ने अखबारों में छपने वाले वे सभी शानदार विज्ञापन इसी तरह बनाए हैं? क्या मशीनी टाइपराइटर का इस्तेमाल ही सबको रचनात्मक बना रहा था? आज भी जब मैं ऐसी कंपनियों के बारे में सुनता हूं, जहां हजारों कर्मचारी दफ्तर में बैठकर कंप्यूटर पर काम करते हैं तो अचरज में पड़ जाता हूं। फिर कंपनी चाहे वित्तीय क्षेत्र की हो, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की हो या किसी अन्य क्षेत्र की। साथ ही मैं सोचने लगता हूं कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के विकास के साथ दफ्तरों से क्या ये पर्सनल कंप्यूटर भी उसी तरह गायब हो जाएंगे, जैसे कंप्यूटर आने के बाद टाइपराइटर और टाइपिस्ट दफ्तरों से खत्म होने लगे थे। क्या पर्सनल कंप्यूटरों पर काम करने वाले ये युवक-युवतियां भी इसी तरह दफ्तरों से विदा हो जाएंगे? भविष्य में किस तरह के बदलाव आ सकते हैं इसके कुछ संकेत हालिया खबरों में नजर आते हैं। उदाहरण के लिए अमेरिकी श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़े देखिए, '2024 में तकरीबन 38 फीसदी अमेरिकी कामगार यानी लगभग 6.4 करोड़ लोग फ्रीलांस कामकाज कर रहे हैं। इस अनुमान के अनुसार 2027 तक अमेरिका की कुल श्रम शक्ति में करीब 50 फीसदी लोग फ्रीलांस काम करने वाले हो सकते हैं।' गहराई से पड़ताल करने पर पता चलता है कि यह रुझान इसलिए नहीं आया है कि नियोक्ता अपने दफ्तरों में पूर्णकालिक कर्मचारियों की संख्या कम कर रहे हैं बल्कि कर्मचारी खुद ऐसा चाह रहे हैं। ज्यादा समय नहीं हुआ जब मध्य वर्ग के हम सभी लोग मानते थे कि किसी दफ्तर में पूर्णकालिक या स्थायी कर्मचारी होना एक तरह से खुशहाल जीवन की गारंटी है। आगे और जानकारी जुटाने पर पता चलता है कि जेन जी (1997 से 2010 के बीच जन्म लेने वाली पीढ़ी) के तकरीबन 52 फीसदी सदस्य और मिलेनियल (1981 से 1996 के बीच जन्मे) आबादी के 44 फीसदी लोग फ्रीलांसिंग कर रहे हैं। इसका मतलब है कि जो लोग युवा हैं, वे फ्रीलांस कामकाज कर रहे हैं। मुझे लगता था कि इन फ्रीलांसरों में अधिकतर वे लोग होंगे, जिन्हें अच्छी शिक्षा नहीं मिली होगी और जो कम वेतन वाले एक काम से दूसरे काम के बीच भागाभागी करते होंगे। परंतु खबरों के मुताबिक आधे से अधिक फ्रीलांसरों के पास स्नातकोत्तर डिग्री है। इससे संकेत मिलता है कि स्वतंत्र रूप से काम करने वालों में भी उच्च शिक्षित लोगों की संख्या बहुत अधिक है। यह भी संभव है कि युवा महिलाएं रोजाना दफ्तर में घंटों बिताने के बजाय फ्रीलांसिंग करना पसंद कर रही हों क्योंकि इससे उन्हें अपने छोटे बच्चों की देखभाल करने का भरपूर समय मिल जाता है। परंतु सवाल का सही जवाब इससे भी नहीं मिलता क्योंकि फ्रीलांसिंग करने वालों में स्त्रियों और पुरुषों की संख्या करीब बराबर ही है। इनमें 52.3 फीसदी महिलाएं और 47.7 फीसदी पुरुष हैं।

जाहिर है कि फ्रीलांसिंग चुनने के पीछे कोई और वजह काम कर रही है। इसके अलावा शोध बताता है कि ये नई पीढ़ी काम करने का समय खुद तय करना पसंद करती हैं और वे परियोजनाएं ही चुनती हैं, जो उन्हें दिलचस्प लगती हैं। साथ ही ये काम और निजी जीवन में संतुलन कायम करने का प्रयास करती हैं। फ्रीलांसिंग में उन्हें जगह चुनने, अपनी आजादी को सबसे ऊपर रखने, सार्थक काम करने और लीक से हटकर करियर चुनने का मौका मिलता है।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 17 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा फ्रांस के राजा हेनरी चतुर्थ ने 1595 में की।
- मुग़ल बादशाह अकबर ने 1601 को असीरगढ़ के अभेद किले में प्रवेश किया।
- फ्रांस ने स्पेन के साथ समझौता करने पर फ्रांस को 1601 में बगेस वोल्रोमेय, ब्रीस तथा गेक्स इलाका प्राप्त हुआ।
- प्रूशिया के खिलाफ जर्मनी ने 1757 को युद्ध की घोषणा की।
- दक्षिण अफ्रीका के ट्रांसवाल की स्वतंत्रता को ब्रिटेन ने 1852 को मान्यता दी।
- अमेरिकी राज्य वर्जीनिया में 1863 को गृह युद्ध हुआ।
- केबल कार सिस्टम के लिए एन्ड्रू एस. हैलिदी को 1871 में पेटेंट दिया गया।
- फ्रांसीसी राष्ट्रपति कैसिमिर पेरियर ने 1895 में इस्तीफा दिया।
- 1913 में रेमंड प्वाइनकेयर फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
- पश्चिमी यूक्रेन और बुकोविना पर रूस ने 1915 में कब्जा किया।
- 2.5 करोड़ डॉलर में वर्जिन आइलैंड्स को अमेरिका ने 1917 में खरीदा।
- स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस कलकत्ता से जर्मनी के लिए 1941 में रवाना हुए।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पहली बैठक 1946 में हुई।
- फॉक्सवैगन की पहली बीटल कार 1949 में जर्मनी से अमेरिका पहुँची।
- हरमस रॉकेट को यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने 1976 में लांच किया।
- सोवियत संघ ने 1979 में परमाणु परीक्षण किया।
- फ्लाटसटकोम-3 नासा ने 1980 में लांच किया।
- इंगलैंड के खिलाफ भारतीय क्रिकेटर अजहरुद्दीन ने 1985 में दूसरा टेस्ट शतक लगाया।
- 1989 को उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने वाले कर्नल जेके बजाज पहले भारतीय बने।
- जापान के कोबे शहर में 1995 में आए जबरदस्त भूकंप के कारण बहुत से लोग मारे गए।
- यूरोपीय संघ का सदस्य बनने के लिए चेक गणराज्य ने 1996 में आवेदन किया।
- 2007 में आस्ट्रेलिया के क्रिकेटर माइकल बेवन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लिया।
- भारतीय ओलम्पिक संघ के महासचिव रणधीरसिंह ने अपने पद से 2009 में इस्तीफा दिया।
- इराक में 2013 को हुए सिलसिलेवार बम धमाकों में लगभग 40 लोग की जाने गयी।

### 17 जनवरी को जन्मे व्यक्ति

- 1863 में महान् रशियन अभिनेता 'कोंस्तेंतिन स्तानिस्लावस्की' का जन्म हुआ।
- 1888 में भारत के प्रसिद्ध निबन्धकार, व्यंग्यकार और साहित्यकार बाबू गुलाबराय का जन्म हुआ।

## विशेष आलेख

# मेटा की माफी से सोशल मीडिया मंचों को सख्त सन्देश

**मेटा इंडिया भी जुकरबर्ग की ही कंपनी है, जिसके एक आला अधिकारी ने कहा है कि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी समूह मेटा के लिए भारत एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण एवं संभावनाभरा खास देश बना हुआ है। मेटा अपने व्यापार को भारत में विस्तारित करने के लिये विभिन्न योजनाओं पर काम भी कर रहा है। भारत मेटा के लिए बहुत अहम देश है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपस में भारत में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मार्च 2024 में जामनगर में हुए बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री वेडिंग फंक्शन में जुकरबर्ग शामिल हुए थे। तभी उन्होंने रिलायंस के साथ इसको लेकर एक समझौता किया था। इस तरह मेटा के लिए भारत अहम है, तो इसके मालिक को भारत का नाम बहुत संभलकर एवं सोच समझकर लेना चाहिए।**



– ललित गर्ग.

फेसबुक के लिये भारत एक संभावनाओं भरा बड़ा बाजार होने के बावजूद उसकी भारत के प्रति सोच भ्रामक, विवादास्पद एवं नकारात्मक रही है। फेसबुक और मेटा भारत के तथ्यों के साथ छेड़छाड़ और फेकन्यूज को लेकर विवादों में घिरती रही हैं। हाल ही में मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग एक बार फिर भारत को लेकर दिये गलत बयान के मामले में फंस गए हैं। जुकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि कोरोना के बाद दुनिया के कई देशों में मौजूदा सरकारें गिर गईं। भारत के लोकसभा चुनाव में भी नरेन्द्र मोदी सरकार हार गई। यह जनता का सरकारों में घटता भरोसा दिखाता है। इस बयान के बाद संसद की आईटी एंड कम्युनिकेशन मामलों की स्टैंडिंग कमिटी के अध्यक्ष और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि इस गलत बयान पर कंपनी को माफी मांगनी चाहिए। वरना हमारी समिति उन्हें मानहानि का नोटिस भेजेगी। भारत सरकार की सख्त आपत्ति को देखते हुए भले ही मेटा ने माफी मांग ली हो, लेकिन मार्क भरोसे के लायक नहीं है। यह माफी जहां जरूरी थी वही अब स्वागतयोग्य भी है। लेकिन मार्क का भारत के प्रति नजरिया गैर जिम्मेदाराना, लापरवाहीपूर्ण एवं दोषपूर्ण है। ऐसी निरंकुश सोच एवं उच्छृंखल मानसिकता की बुनियाद पर संबंधों की खड़ी होने वाली ईमारत खोखली एवं विनाशकारी ही होती है। यह वाकई हैरत की बात है कि जकरबर्ग ने भारत को भी उन देशों में शामिल कर लिया जहां पिछले साल चुनाव में सरकारों ने सत्ता गंवाई। तथ्य यह है कि भाजपा की सीटें भले कम हुई हों, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए ने बहुमत हासिल कर सरकार में वापसी की एवं सफलतापूर्वक सरकार को चला रही है। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और न केवल देश में बल्कि दुनिया में भारत का परचम फहरा रहे है। इस तथ्य से जकरबर्ग कैसे अनजान हो सकते हैं? क्या वह जानबूझकर भारत सरकार के बारे में गलत सूचनाएं फैला रहे हैं? क्या यह शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्रों के साथ-साथ वहां की बड़ी आर्थिक शक्तियों की भारत के प्रति विरोधाभासी दुर्भावना नहीं है। कैसे मान लिया जाये कि यह गलती अनजाने में हुई है? क्या दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया मंच फेसबुक को संभालने वाली इतनी बड़ी कंपनी के मालिक से ऐसी गलती की उम्मीद की जा सकती है और ऐसी गलती उनको शोभा देती है कि वह भारत जैसे देश के चुनाव परिणाम से परिचित न हों? अगर यह गलती जुकरबर्ग से भूल या अनजाने में हुई है, तो भी यह गंभीर बात है। वैसे भी भारत सरकार अमेरिका, यूरोपीय देशों या चीन की तरह आक्रामक एवं उग्र नहीं है। आक्रामक देशों में तो सरकारें फेसबुक या मेटा की गलतियों पर उसे न केवल सबक सीखाती है बल्कि कई बार ऐसी गलतियों के चलते कंपनियों को भारी जुर्माना भी चुकाना पड़ता है। उन देशों की कड़ाई का ही नतीजा है कि सोशल मीडिया कंपनियां इन देशों में बहुत सजग रहती हैं, जबकि भारत के मामले में उनकी नीति बदल जाती है। भारत की उदारता का ये कंपनियां अधिकतम दुरुपयोग करना चाहती हैं। भारत को भी उदारता, सरलता एवं लचीलेपन की जगह कठोर एवं सख्त रवैया अपनाना चाहिए क्योंकि भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने के साथ दुनिया में अपनी एक स्वतंत्र एवं ठोस जगह बना चुका है। जुकरबर्ग से जुड़ा यह ताजा मामला ऐसे ही लोगों के लिये एक सबक एवं चेतावनी बनना चाहिए। भारत सरकार को चाहिए कि वह ऐसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों को चेतावनी के शब्दों में सचेत कर दे कि वे भारत के महत्व को समझें, पर्याप्त सजग एवं सावधान रहें। भारतीयों को पता है कि साल 2019 में अमेरिका में फेडरल ट्रेड कमीशन ने उपयोगकर्ता की गोपनीयता का उल्लंघन करने के लिए फेसबुक पर पांच अरब डॉलर का जुर्माना लगाया था। मेटा प्रमुख मार्क के भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी प्रतिक्रिया दी और इसे गलत जानकारी करार देते हुए तथ्य और विश्वसनीयता बनाए रखने का आह्वान किया। मेटा के पब्लिक पॉलिसी के वाइस प्रेसिडेंट, शिवनाथ ठुकराल ने अश्विनी वैष्णव के पोस्ट पर जवाब देते हुए लिखा, मार्क जुकरबर्ग का यह कहना कि 2024 के चुनावों में कई देशों में सत्ताधारी पार्टियां फिर से नहीं चुनी गईं, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं। हम इस अनजाने में हुई गलती के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए बेहद महत्वपूर्ण देश है और हम इसके इनोवेशन से भरे भविष्य का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं। भारत को अपना बाजार मानने वाले मेटा के लिये ऐसी भूल अनायास या जानबूझकर जैसे भी हो, होना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि भारत जैसे सशक्त एवं ताकतवर लोकतांत्रिक देश के लिये गलत जानकारी प्रसारित करना देश की छवि को धूमिल करती है। यह तो भारत की उदारता, सहिष्णुता एवं भलमनसाहत है कि उसने ऐसी अक्षम्य गलती पर भी माफी से संतोष कर लिया, वरना भारी जुर्माना या अन्य कठोर सजा के प्रावधान हो सकते थे। फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल सिर्फ अधिक से अधिक मुनाफा हासिल करने के मकसद से हो रहा है।

# ड्रॉपआउट से बचने के लिए फीनलैंड से प्रेरणा की जरूरत

**आंकड़े बताते हैं कि हमारे देश में 2021-22 में हुई गणना के मुताबिक, 10,22,386 सरकारी और 3,35,844 प्राइवेट स्कूल हैं। आंकड़े बताते हैं कि सरकारी स्कूलों की संख्या 10,22,386, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की संख्या 82,480 तथा निजी स्कूलों की संख्या 3,40,753 है। यू-डाइस की साल 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कुल 14,08,115 स्कूल हैं,**



– सुनील कुमार महला

आज देश में स्कूल ड्रॉपआउट की संख्या में इज़ाफा हो रहा है। इस संबंध में हाल ही में 'शिक्षा हेतु एकीकृत ज़िला सूचना प्रणाली, यू-डाइस यानी कि यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफोर्मेशन सिस्टम फोर एजुकेशन ने भारत में स्कूली बच्चों की ड्रॉपआउट यानी समय से पहले स्कूल छोड़ने की दर के आंकड़े जारी किए हैं।एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022-23 और 2023-24 के बीच जहां प्री-प्राइमरी पंजीयन संख्या 1.01 करोड़ से बढ़कर 1.30 करोड़ रही, वहीं स्कूल स्तर पर यह संख्या 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गई। यहां यह बहुत चिंताजनक है कि एक साल में मिडिल और सेकंडरी स्तर तक जाते-जाते ड्रॉप-आउट रेट क्रमश 5.2 और 10.9त्न बढ़ गया। हालांकि,राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को रोकने और वर्ष 2030 तक माध्यमिक स्तर तक 100% सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) हासिल करने पर संकल्पित है, और इस दिशा में एक उल्लेखनीय प्रगति भी हासिल की है। मसलन, वर्ष 2014 में, 59.25 लाख बच्चे (6-14 वर्ष) और 255.81 लाख बच्चे (14-18 वर्ष) ड्रॉपआउट हुए। गौरतलब है कि वर्ष 2022-23 तक, 6-14 वर्ष आयु वर्ग में स्कूल छोड़ने की दर में 50त्न और 14-18 वर्ष आयु वर्ग में 16.3त्न की कमी आई।ये आंकड़े दर्शाते हैं कि शिक्षा के क्षेत्र में अनूठे और परिवर्तनकारी प्रयासों को बल दिया गया है और यह सुनिश्चित हुआ है कि हर बच्चा स्कूल में रहे। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारे देश में स्कूलों में उच्च ड्रॉपआउट दर के पीछे अनेक कारण जिम्मेदार हैं, जिनमें क्रमश: गरीबी, बुनियादी ढांचे(इंफ्रास्ट्रक्चर) की कमी, स्कूलों में अपर्याप्त शिक्षण स्टाफ, शिक्षा में रुचि की अभाव और बाल श्रम का प्रचलन। आज माता-पिता,अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाना तो चाहते हैं, लेकिन पढ़ाई में उनकी ग़रीबी कहीं न कहीं आड़े आ जाती है। वास्तव में एक गरीब व्यक्ति की यह आम सोच होती है कि वह अपने बच्चों को किसी काम या आजीविका कमाने में लगा दे, ताकि परिवार का खर्च आसानी और सरलता से चलाया जा सके। यह भी कहा जा सकता है कि बच्चों को छोटी उम्र में ही या स्कूल जाने की उम्र में ही आजीविका में लगाना उनकी मजबूरी हो जाती है और बच्चों का ड्राप आउट होता है। ऐसा भी नहीं है कि आज देश में स्कूलों की संख्या में कोई कमी है। आज गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक में स्कूल खुल चुके हैं। यहां तक कि हाई राइज सोसाइटी में भी आज अनेक किंडरगार्टन स्कूल तक खुल गए हैं?। भारत में आज तीन तरह के स्कूल हैं, जिनमें सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त (एडेड) और निजी स्कूल शामिल हैं। आज भी स्कूलों में अपर्याप्त शिक्षण स्टाफ, इंफ्रास्ट्रक्चर में कमियां ड्रापआउट का कारण बन रहें हैं। शिक्षा के प्रति रूचि का अभाव, उदासीनता भी ड्रापआउट का एक बड़ा कारण है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि यदि हमें स्कूलों से ड्रापआउट को कम करना है तो हमें स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर (बुनियादी ढांचे) को और अधिक मजबूत करना होगा। अभिभावकों को व छात्रों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना होगा।

## शख़्सियत – बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री दीपक भार्गव जी। 27 नबम्बर सन1968 को जयपुर में जन्में श्री दीपक जी ने एम.ए (अर्थशास्त्र) बीएससी (भौतिकी,रसायन विज्ञान, गणित) में शिक्षा प्राप्त कर राजस्थान पुलिस सेवा में आकर जनमानस को अपनी सेवाएं दी। ये अनेक स्थानों पर डिप्टी एसपी और कई जिलों में एडिशनल एसपी रहे। आज निदेशक, इन्टेलिजेन्स ट्रेनिंग एकेडमी जयपुर जैसे पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक, बाड़मेर रहे। पुलिस अधीक्षक, एसओजी, जयपुर। पुलिस अधीक्षक, चित्तौड़गढ़। पुलिस अधीक्षक, कोटा शहर कोटा। पुलिस अधीक्षक, पाली। पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर रहे। विभिन्न ट्रेनिग व प्रशिक्षण के साथ बेहतरीन पुलिसिंग करके पुलिस के स्लोग्र आमजन में विश्वास व अपराधियों में भय को चरितार्थ किया है। 44वां इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स व सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में ट्रेनिग इनका एक पार्ट रहा है। बाडमेर में एसपी शिप एक बड़ी चुनौति के रूप में स्वीकारी जहां सीमा पर हो रहे अपराध को रोकने में सक्षम रहे। इधर कोटा में लगभग ड़ेढ साल एसपी शिप करके युवाओं को अपराध से रोकने के साथ नशे में भटके रहे युवाओं के लिए आदर्श बने। अनेकों संगठनों के साथ मिलकर अपराध को रोकने व आमजन में पुलिस के प्रति सम्मान बढाए जाने का कार्य किया। जहां भी रहे अपने उच्चाधिकारी के साथ बेहतरीन तालमेल व अपने अधिनस्थ कर्मचारियों के साथ बेहतरीन समन्वय स्थापि कर कार्य करने का अद्भुत सा जज्बा है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा



श्री दीपक भार्गव
वरिष्ठ आईपीएस

## 2025_017 a बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | 4 | 8 | 7 | |
| 8 | 3 | | 1 | 5 | | 4 | 2 | 9 |
| 9 | | 4 | | 8 | | 5 | 1 | 6 |
| | | | | 1 | 8 | | | 7 |
| 7 | 9 | | | | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | | | 7 | 9 | | 4 | 5 |
| 4 | | 8 | | 3 | 1 | | | |
| 5 | 1 | | | 6 | | 7 | 3 | 8 |
| 2 | | 3 | 8 | 9 | | | 5 | 4 |

**Ans_2025_016**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 8 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 7 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 2 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 |
| 4 | 7 | 8 | 5 | 3 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | 3 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 8 | 9 | 7 | 1 | 5 | 4 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**वृष**

सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन**

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**कर्क**

आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

**सिंह**

स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**कन्या**

दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**तुला**

आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**वृश्चिक**

व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**धनु**

आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**मकर**

मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**कुंभ**

मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**मीन**

किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# अधिकारी जनसुनवाई में आए लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें : डॉ. सौम्या झा

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,( का.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी अधिकारी एवं कार्मिक परिवादियों की समस्याओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। जिला कलेक्टर ने माह के तीसरे गुरुवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में विभिन्न उपखंडों एवं ग्राम पंचायतों से आए परिवादियों की समस्याओं को सुना। साथ ही, जिला अधिकारियों एवं वीसी से जुड़े ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। टोंक शहर के अशोक कुमार, बनवारी सैन एवं उपखंड मालपुरा के ग्राम लावा निवासी किशोर बावरी ने पट्टे दिलवाने को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इसी तरह टोंक शहर के पुरानी टोंक निवासी रामअवतार गुर्जर ने सीवरेज लाइन का चैंबर सही करने, छावनी के प्रेमचंद रैगर ने विकलांग प्रमाण पत्र बनाने, पुरानी टोंक की धापु ने पेंशन दिलवाने, चिड़ियों बाड़ी के कमलेश सैनी ने रोड़ लाईट लगाने, काफला बाजार के मोहम्मद उमर ने चैक बाउंस होने, रईस मिया ने पट्टा फाईल दिलवाने, हाउसिंग बोर्ड के अशोक बैरवा ने पट्टा बनवाने, रतनी देवी ने आर्थिक सहायता दिलाने, गुलजार बाग इंद्रा कॉलोनी के समस्त निवासियों ने पेयजल लाइन एवं लोड़ लाईट को सही कराने को लेकर गुहार लगाई। इसी प्रकार रजबन निवासी शमीम बानो ने पेंशन नहीं आने, ताज कॉलोनी की कलावती ने खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने, संघपुरा के अशोक बैरवा ने पट्टे पर रोक लगाने, बहीर के समस्त निवासियों ने सफाई कराने, छावनी निवासी विमला ने विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने, नगर परिषद कॉलोनी के पानमल पहाड़िया ने रोड़ लाईट लगाने, मेहंदी बाग के रामचरण साहू ने रोड़ बनवाने एवं वार्ड नंबर 25 के वासियों ने पेयजल समस्या से निजात दिलाने के लिए कहा। तहसील पीपलू के ग्राम डोडवाड़ी के सोहन लाल प्रजापत ने मनरेगा में मजदूरी दिलाने, श्योराम जाट ने अतिक्रमण हटाने, ग्राम निमेड़ा के तुलसीराम गुर्जर ने पेयजल आपूर्ति करने, सिसोला के राधा किशन कुम्हार ने अतिक्रमण हटाने, पासरोटिरया के शंकरलाल सैनी ने विद्युत खंबे लगाने, तहसील उनियारा के रूपवास निवासी रामफुल मीना ने पालनहार योजना में लाभान्वित करने, गोकुल चंद गुर्जर ने जीपीएफ का भुगतान करने, तहसील देवली के प्रेमचंद गुर्जर ने मनरेगा की जांच कराने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। जनसुनवाई में तहसील निवाई के ग्राम जामडोली के बजरंग लाल ने अतिक्रमण हटाने, तहसील दूनी के ग्राम खरोई के मोहनलाल मीणा नाले का निर्माण नहीं होने, तहसील टोंक के ग्राम पराणा के समस्त ग्रामवासियों ने पानी की उचित निकासी कराने के लिए जिला कलेक्टर से गुहार लगाई। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में आये सभी प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को परिवादियों की परेशानी का स्थायी समाधान करने के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई में सीईओ परशुराम धानका, एडीएम रामरतन सौकरिया, सहायक निदेशक लोक सेवाएँ जावेद अली, उपखंड अधिकारी हुक्मीचंद रोहलानिया, पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार, सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार यादव, सीडीओ सुशीला करनानी जिला कोषाधिकारी हरीश लालावत समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## समन्वय बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा के महेश सेवा सदन में सिकोईडिकोन संस्था के तत्वावधान में सरकारी अधिकारियो पंचायत जनप्रतिनिधियो एवं सामाजिक संगठनो के पदाधिकारियो के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। संस्था समन्वयक सत्यनारायण योगी व मोहन मीणा ने बताया कि गुरूवार को आयोजित बैठक में जिला परिषद सदस्य किशनलाल बैरवा ने पंचायत राज विभाग की ओर से संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देकर मोजुद सभी से सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को पहुंचा कर सहयोग का आव्हान किया। वहीं ब्लाक मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव चौधरी ने सरकार द्वारा चिकित्सा विभाग की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में रीण्डलिया ग्राम पंचायत सरपंच ने पंचायत सरपंच कार्यकाल के अपने पांच साल के अनुभवो के बारे में बताया। सिकोईडिकोन संस्था के मालपुरा शाखा प्रभारी विवेक त्रिपाठी ने संस्था की ओर से क्षैत्र की ग्राम पंचायत क्षैत्रो में चलाए जा रहे कार्यक्रमो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चिकित्साधिकारी डॉ. नासिर ने बालिकाओ के संबंध स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। बैठक में कम्प्यूटर टीचर ममता यादव, स्वास्थ्य मित्र सखी सुमन वैष्णव ने किशोरी बालिकाओ के स्वास्थ्य पर विचार रखे। समन्वय बैठक में कल्याण किसान सेवा समिति के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद मोरला, सामाजिक जन संगठनो के गोपाल मिश्रा, संस्था के उप निदेशक डॉ. आलोक व्यास , पंचायत समिति के उप प्रधान रहे गोपाल गुर्जर, किसान महासंघ के अध्यक्ष कैलाश गुर्जर ने भी विचार रखे। बैठक में कम्प्यूटर टीचर ममता यादव, स्वास्थ्य मित्र सखी सुमन वैष्णव ने किशोरी बालिकाओ के स्वास्थ्य पर विचार रखे। अंत में आयोजक संस्था के अधिकारियो द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने किया उप कारागृह मालपुरा का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा के अजमेर रोड स्थित उप कारागृह मालपुरा का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं एडीजे टोंक दिनेश जलूथरिया गुरूवार को मालपुरा पहुंच उप कारागृह मालपुरा का निरीक्षण किया।

उप कारागृह मालपुरा का निरीक्षण करने के लिए मालपुरा के अजमेर रोड स्थित उप कारागृह मालपुरा का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं एडीजे टोंक दिनेश जलूथरिया उप कारागृह पहुंचने पर मुख्य प्रहरी अब्दुल वहाब ने कारागार की व्यवस्थाओ के बारे में जानकारी दी। वहीं जलूथरियो के निरीक्षण के दौरान उप कारागृह में कुल 31 बंदी मिले। सचिव ने निरीक्षण के दौरान बंदियो को मिलने वाली मूलभूत सुविघाओ व व्यवस्थाओ के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। वहीं एडीजे जलूथरिया ने केदियो से रूबरू होकर उनके मुकदमो की जानकारी लेकर मुदकमो की पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं होने की स्थिति में नि:शुल्क विघिक सहायता उपलब्ध कराने की जानकारी दी। इसके अलावा उप कारागृह के निरीक्षण के दौरान बंदीयो को परोसे जाने वाले भोजन की गुधवत्ता की जांच परख करने के साथ साथ परिसर की साफ व्यवस्था और विधिक सेवा क्लिनिक का भी जायजा लिया। उपकारागृह में संचालित किए जाने वाले रजिस्टरो का अवलोकन कर मुख्य प्रहरी को सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

**परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित :** तालुका विधिक सेवा समिति मालपुरा के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विधिक सहायता की दृष्टि से गठित क्रियान्वयन एवं विनिमय के तहत गठित परामर्शदात्री समिति की बैठक अदालत परिसर में एडीजे कृष्ण मुरारी जिन्दल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समिति सदस्यो ने पेनल अधिवक्ताओं आवटिंत प्रकरणो की प्रगति व कार्य प्रदर्शन की रिपोर्ट का अवलोकन किया।

### जिला परिषद सवाई माधोपुर की साधारण सभा की बैठक आयोजित

# जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करवाएं विभागीय अधिकारी : सुदामा

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला परिषद् सवाई माधोपुर की साधारण सभा की बैठक बुधवार को जिला प्रमुख सुदामा मीना की अध्यक्षता में जिला परिषद् सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला प्रमुख ने समस्त अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी आमजन के प्रति मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए अपने कर्तत्व्यों का निवर्हन करें। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करवाया जाए। बैठक में जिला प्रमुख ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने, जारी सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत व पेचवर्क करवाने सहित अन्य निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने को कहा। उन्होंने सभी जिला परिषद सदस्यों से उनके क्षेत्र में जनहित के कार्यो के संबंध में प्रस्ताव भिजवाने की बात कहीं ताकि आगामी बजट में जनहित के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा सकें। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीना ने गत बैठक कार्यवाही का अनुमोदन, महानरेगा पूरक पालना का अनुमोदन, जिले में जी.पी.डी.पी. का निर्माण, जिले में शिक्षा, पेयजल, सड़को, विद्युत, कृषि आदि की स्थिति पर विचार-विमर्श किया। बैठक में संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार रामराज मीणा ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं तारबंदी, फार्म पौण्ड, ड्रिप, उन्नत खाद व बीज उपलब्ध कराने के साथ उत्पादन बढ़ाने एवं कृषि कल्याण योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए विभाग द्वारा प्राप्त उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीना ने जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विभागों से हुई चर्चा में अवगत कराई गई समस्याओं एवं कार्यों के बारे में संबंधित अधिकारियों से वस्तुस्थिति जानते हुए अविलंब समस्याओं के समाधान करने एवं कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सवाई माधोपुर एवं गंगापुर सिटी के सदस्यों, पंचायत समिति प्रधान, जिला स्तरीय, जिला परिषद तथा पंचायत स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का अनुनाद 2025 कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्र को ऊंचाइयों तक ले जाने का सामर्थ्य : डॉ हेमंत

बढ़ता राजस्थान




**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गंगापुर सिटी में अनुनाद 2025 कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमलता मीणा, विशिष्ट अतिथि डॉ हेमन्त शर्मा, मुख्य वक्ता शिवांगी खरवाल, प्रांत उपाध्यक्ष धर्म वीर मीणा व नगर मंत्री अभिषेक मीणा उपस्थित थे। इस मौके पर डॉ हेमन्त शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह मंच न केवल युवाओं को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि उनके भीतर छिपी असीम संभावनाओं को उजागर करने का भी माध्यम है। आज का युग नवाचार, ज्ञान और नैतिक मूल्यों के समन्वय का है। देश का भविष्य और उसकी प्रगति आपके विचारों, आपके प्रयासों और आपके समर्पण पर निर्भर है। आपके भीतर वह सामर्थ्य है, जो हमारे राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। मुझे विश्वास है कि आप न केवल एक सफल विद्यार्थी बनेंगे, बल्कि एक सशक्त नागरिक के रूप में राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं है, बल्कि समाज और देश की सेवा करना भी है। अपने विचारों और कार्यों से आप समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। इससे पूर्व शहर के विभिन्न मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ। एसएफडी प्रांत संयोजक सीताराम गुर्जर ने बताया कि मंच संचालन रामकेश मीणा ने किया जबकि कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री अनिरुद्ध कुलश्रेष्ठ, एबीवीपी जिला संगठन मंत्री अशोक शर्मा, एबीवीपी वजीरपुर नगर मंत्री राशि उपाध्याय, सपोटरा नगर मंत्री नरेश मीणा, पूर्व नगर मंत्री रिंकू मीणा, गोपाल मीणा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक सोनवाल, निर्जरा शर्मा, चेतराम मीणा, नागेश शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 16 दिवसीय भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान ध्वजारोहण के साथ हुआ आगाज

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( मनीष शर्मा )।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में आयोजित 16 दिवसीय भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान का आयोजन बालाचार्य निपूर्ण नन्दी महाराज संध के सानिध्य में ध्वजारोहण के साथ आगाज किया गया जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। चातुर्मास कमेठी के अध्यक्ष सुनिल भाणजा एवं विमल जौंला ने बताया कि 16 दिवसीय भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान की सफलता के लिए गुरुवार को सुबह पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री के निर्देशन में जैन मुनि बालाचार्य निपूर्ण नन्दी महाराज संध के समक्ष आचार्य निमन्त्रण देकर भगवान शांतिनाथ जी के समक्ष श्री फल चडा़कर आशीर्वाद लिया। जौंला ने बताया कि अनुष्ठान का ध्वजारोहण करने का सौभाग्य नेमीचंद शिखरचंद संजय कुमार अमित जैन अंकित जैन सिरस परिवार को मिला। इस दौरान विधानाचार्रय सुरेश कुमार शास्त्री के मंत्रोच्चार द्वारा भगवान शांतिनाथ जी के अभिषेक एवं शांतिधारा की गई जिसमें भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान का आयोजन किया गया जिसमें सोधर्म इन्द्र नेमीचंद सिरस, कुबेर इन्द्र नरेंद्र कुमार दिलीप कुमार भाणजा, एवं इन्द्र मोहनलाल कठमाणा के नेतृत्व में 225 श्री फल अर्ध्य मण्डल जी पर समर्पित किए। जौंला ने बताया कि भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान के इन्द्र इन्द्राणियो ने मण्डप में 3 काव्यों की संगीतमय पूजा अर्चना की जिसमें मीत एण्ड पार्टी महुआ द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी।

इस दौरान धर्म प्रभावना महिला मण्डल, जिन श्री महिला मण्डल, णमोकार महिला मण्डल, विशुद्ध वर्धनी महिला मण्डल, शांतिनाथ एवं पारसनाथ महिला मण्डल इन्द्र इन्द्राणियो सहित कई श्रद्धालुओं ने जैन संतों का पादप्रक्षालन एवं आरती करके स्वागत किया।

## चितेरे दंपती सीमा-राजेन्द्र अपनी पेंटिंग्स से दे रहे 'सेव द टाइगर' का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सवाई माधोपुर के चितेरे कलाकार दंपती, सीमा जादौन और राजेन्द्र सिंह राजावत, अपनी पेंटिंग्स के माध्यम से 'सेव द टाइगर' का संदेश दे रहे हैं। सीमा ने बचपन से कला में रुचि ली और 2018 में फाइन आर्ट्स में एमए करते हुए जिला टॉपर बनीं। पति राजेन्द्र ने उनकी कला में सहयोग करते हुए अपनी चित्रकारी को फिर से शुरू किया। रणथम्भौर टाइगर रिजर्व से प्रेरित होकर, दंपती ने बाघों और वन्यजीवों पर आधारित कई उत्कृष्ट पेंटिंग्स तैयार कीं, जिनमें जंगल, पानी, और आधुनिक कला के साथ प्रकृति का सामंजस्य झलकता है। इनकी पेंटिंग्स को 2024 में इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्लीऔर उड़ीसा के सिमलीपाल टाइगर रिजर्व की प्रदर्शनियों में खूब सराहा गया। चार पेंटिंग्स को यूएसए एमबीसी ने चयनित किया। उनकी कला न केवल बाघ संरक्षण का संदेश देती है, बल्कि प्रकृति प्रेम का प्रतीक भी है।

## कोहरे का आगोश, इन्द्र ने दिखाया जलवा

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** प्रदेश में फिर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बुधवार को जिले में इसका असर दिखा। सुबह से ही मौसम की आंख मिचौली देखने को मिली। सुबह तक जहां कोहरा छाया रहने से सर्दी अपना असर दिखा रही थी। वहीं दोपहर बाद हुई मावठ ने ठंड को और बढ़ा दिया। इस दौरान शीतलहर और गलन के चलते आम जनजीवन थमा सा नजर आया। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश के 17 जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट था। इसके चलते जिला मुख्यालय पर बुधवार सुबह 11 बजे हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन दोपहर 12 बजे बाद अचानक बारिश शुरू हो गई। इससे जनजीवन मानो थम सा गया। दोपहर के समय भी बाजार में सन्नाटा नजर आया और लोग सर्दी से राहत पाने को घरों में कैद नजर आए। इस दौरान बाजार में व्यापारी लोग अलाव जलाकर भी ठंड से बचने का जतन करते दिखे। जिला मुख्यालय पर अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री नजर आया।

### बारिश का अलर्ट, गिर सकता है तापमान

मौसम विभाग के अनुसार जिले में गुरुवार को भी बारिश हुई । इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में भी गिरावट हुई। गुरुवार को न्यूनतम तापमान तीन डिग्री तक गिरकर 10 डिग्री पहुंच सकता है। ऐसे में सर्दी की अधिकता रही।

## आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ करें निराकरण : शुभम

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर(राकेश शर्मा)।** आमजन की परिवेदनओं का त्वरित निस्तारण के लिए जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में हुआ। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग नियमित रूप से जनसुनवाई करते हुए आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें। जनसुनवाई में आया कोई भी नागरिक निराश होकर नहीं लौटे, कार्यालयों में योजनाओं की जानकारी देने के साथ समस्या निराकरण के बारे में की गई कार्यवाही से भी परिवादी को अवगत कराएं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण करें कोई भी प्रकरण जनसुनवाई बार-बार नहीं आए। इस दौरान जनसुनवाई के पत्रों पर कोई कार्यवाही नहीं होने, अतिक्रमण हटवाने, एलआर रिकॉर्ड में कोई शुद्ध नहीं करने, नाली बनवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने, सीमाज्ञान करवाने, अवैध बिजली कनेक्शन हटवाने सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए। इस दौरान एसडीएम अनूप सिंह, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग हरीश चन्द मंगल, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरि सिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग भगवान सहाय, मण्डी सचिव दिलीप मीणा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मनोज कुमार मीणा, सीएमएचओं डॉ. धर्मसिंह मीणा सहित अन्य अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से समस्त उपखण्ड स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## स्वामित्व योजना के तहत पट्टे एवं प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम 18 जनवरी को

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** स्वामित्व योजना के तहत पट्टे एवं प्रॉपर्टी पार्सल वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम शनिवार, 18 जनवरी को प्रात: 9:30 बजे कृषि ऑडिटोरियम बमोर गेट टोंक में आयोजित किया जाएगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका ने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी लाभार्थियों को वर्चुअली संबोधित कर उनके साथ संवाद करेंगे। सीईओ ने बताया कि प्रोपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारी समेत लाभार्थी उपस्थित रहेंगे।

## हदसा टला, ट्रेक्टर ट्रोली सहित गिरा नाले में

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा के व्यास सर्किल से कृषि मंडी की ओर जाने वाली जीर्ण शीर्ण व टूटी फूटी सड़क पर चलते समय अचानक नाले में गिर गया। हादसे के अनुसार एक ट्रेक्टर ट्रोली सहित इस सड़क से गुजर रहा था। अचानक एक गड्डे में टायर आ जाने से ट्रेक्टर का संतुलन बिगड़ गया और नजदीक स्थित नाले में ट्रोली सहित गिर गया। हादसे के समय सड़क पर कोई अन्य वाहन नहीं होने से हादसा टल गया।



# सराहनीय : जेल में आध्यात्म की आबो हँवा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** गायत्री चालीसा व गायत्री मंत्र लेखन कैदियों को की भेंट व उनके द्वारा लिखित करीब 200 मंत्र लेखन लिखी हुई बुक उनसे प्राप्त की

अलवर। गुरूवार को केंद्रीय कारागृह में सुपरीटेंडेंट, जेलर साहब व समस्त स्टाफको गायत्री परिवार की तरफसे पीले चावल ज्योति कलश यात्रा के लिए आमंत्रण के लिए दिए गए। पुरुष केंद्रीय कारागृह में अंदर उनके लिए प्रोग्राम रखा गया जहां पर उनको गायत्री चालीसा गायत्री मंत्र लेखन सभी कैदियों को दी गई और उनके द्वारा लिखित करीब 200 के करीब मंत्र लेखन लिखी हुई उनसे प्राप्त की महिला कारागृह में भी सभी महिला कैदियों को गायत्री चालीसा गायत्री मंत्र लेखन दिया गया भजन की प्रस्तुति महिलाओं द्वारा भी और गायत्री परिवार के द्वारा भी दी गई सभी महिलाओं को योग ध्यान प्राणायाम गायत्री मंत्र साधना के बारे में विस्तार से बताया गया और उनके द्वारा लिखित डेढ़ सौ कॉपी गायत्री मंत्र लेखन की उनसे प्राप्त की जो की लिखित साधना नियमित रूप से कर रही हैं पुरुष जेल में भी नियमित साधना मंत्र लेखन की चल रही है बराबर। इसके साथ ही बाल अपचारी ग्रह बाल संप्रेषण गृह में बाल अपराधियों के बीच उनका गायत्री मंत्र की महत्व ओम उच्चारण महत्व दैनिक दिनचर्या कैसी हो हमारी उसके बारे में बच्चों को मार्गदर्शन दिया गया बच्चों को गायत्री मंत्र लेखन गायत्री चालीसा व बाल साहित्य भी लाइब्रेरी में रखवाया गया। इधर जेल अधीक्षक शिवेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से जेल के बंदियों के मानसिक विचारधारा में भी बहुत अच्छा परिवर्तन नजर आता है। वहीं पूरे वातावरण में धर्म व आध्यात्म का विस्तार होता है।

# घने कोहरे और शीत लहर से परेशान लोग अब मावठ की मार झेलने को मजबूर

## किसानों के चेहरे खिले, कहा गेहूं की फसलों के लिए अमृत के समान मावठ

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया हुआ है। बुधवार सुबह से ही छाए घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी 15 मीटर से भी कम हो गई है। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों को दिन में भी हैड हेडलाइट जलाकर चलना पड़ रहा है। शीत लहर और बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में जमी बर्फ के कारण फसलों के नुकसान की आशंका बढ़ गई है। हालांकि अधिकतर किसानों का यह भी कहना है कि मावठ गेहूं की फसल के लिए बहुत ही लाभकारी रहेगी। किसानों ने यह भी बताया अगर मावठ के साथ ओले भी पड़ते हैं तो सभी फसलों को बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है।



बारिश और कोहरे में छतरी का सहारा लेकर स्कूल जाते हुए बच्चे

### सकट चौथ का व्रत आज

महिलाओं को सकट चौथ पर चांद न दिखने की चिंता सताने लगी- वजह कोहरा घनें बादल ऊपर से बारिश बोलीं आज अगर चांद नहीं दिखा तो उपवास कैसे खोलेंगे, सुहागन महिलाएं निर्जल व्रत रखती है। लक्ष्मी पैलेस मैरिज होम के पीछे रहने वाली आरती शर्मा ने बताया की इस व्रत को सुहागन महिलाएं ही रखती है। शर्मा ने बताया इस व्रत को रखने वाली महिला सुबह 4.00 बजे से पहले चाय, पानी पीने के बाद शाम को चंद्रमा दिखाई देने पर चंद्रमा के सामने खड़े होकर के लोटे से चंद्रमा के आगे अर्ग देकर, दीपक जलाकर चंद्रमा के आगे अपने पति को खड़ा करके उसकी आरती उतार कर पति की लंबी उम्र की कामना करके अपने पति के हाथ से जल ग्रहण करके ही अपना व्रत खोलती है।और बताया इस व्रत में तिल या तिल से बनी गजक का महत्व बताया गया है। खराब मौसम के चलते महिलाएं अब नई-नई बातें करने लगी है अगर चांद नहीं दिखा तो क्या होगा कैसे होगा?

बुधवार दोपहर से ही पड़ रही मावठ के कारण स्कूल में जाने वाले बच्चों को बहुत बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर सड़कों पर घूम रही आवारा गऊ वंश और बंदर आदि जानवर परेशान दिखाई देने लगे। ठंड,कोहरे की वजह से पहले ही बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ था अब मावठ के कारण दुकानदार हाथ पर हाथ रख कर बैठे दिखाई देने लगे। इधर सब्जी मंडी के पीछे लगे मेगा ट्रेड फेयर में दुकानदारों और झूले वालों के चेहरे एकदम मुरझा गए।

मेले में आए दुकानदार और झूले वालों ने बताया कि अगर ऐसा ही मौसम रहा तो हमें जगह का किराया निकलना भी मुश्किल हो जाएगा दुकान लेकर जो लागत लगाई थी उसकी भरपाई होना मुश्किल लग रहा है।

# आईस्टार्ट इन्क्यूबेशन सेंटर में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर कायक्रम आयोजित

## गांव अटारी में किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे प्रयास अभियान को सफल बनाने के लिए पंजाब नैशनल बैंक के मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार के निर्देशानुसार अग्रणी जिला प्रबंधक, भरतपुर के द्वारा पंजाब नैशनल बैंक, लखनपुर के द्वारा गांव अटारी में अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशान्त कुमार की अध्यक्षता में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक लखनपुर राहुल गौतम, पंजाब नैशनल बैंक के कृषि प्रबंधक बलराम, अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय से दिनेश कुमार मीणा, बलबीर सिंह जी सोशल वेलफेयर एवं लगभग 100 से 125 ग्रामीण किसान एवं राजीविका की दीदियां उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिला कलक्टर द्वारा चलाए गए प्रयास अभियान को सफल बनाने एवं जिले में उद्योग एवं कृषि के क्षेत्र में जिले को आगे बढ़ाने के लिए किसानों एवं राजीविका दीदियों कि आय बढ़ाने के लिए समेकित फार्मिंग, कृषि ऋण सम्बन्धित योजनाओं, सरकार द्वारा संचालित सभी ऋण योजनाओं का सीधा लाभ पात्रजनों को मिल सके। अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशान्त कुमार द्वारा केसीसी, केजीएस एवं गोल्ड ऋण, पशुपालन ऋण, मत्स्य पालन, ग्रामीण भंडारण योजना, मुर्गी पालन आदि के फायदे के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी साथ ही उन्होंने लोगों को खेती के अलावा कमर्शियल पेड़ लगाने के लिए भी आग्रह किया। उन्होंने बताया कि कमर्शियल पेड़ लगाने से 15 से 20 साल के बाद एक पेड़ से लगभग 50 से 60 हजार रूपये की आमदनी हो सके और किसान अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला सकें। उन्होंने बताया कि जब बच्चे शिक्षित होंगे तो उन्हें भविष्य में रोज़गार करने या घरेलू काम करने में किसी से उधार लेने की आवश्यकता नही होगी। उन्होंने सभी ग्रामीणों को समय पर लोन भुगतान करने का फायदा भी बताया तथा सभी किसान भाईयों से समय पर लोन भुगतान करने के लिए आग्रह भी किया।

# हेमंत कुमार यादव होंगे खैरथल तिजारा के नए खाद्य सुरक्षा अधिकारी

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** हेमंत कुमार यादव अब नव सृजित जिला खैरथल तिजारा के खाद्य सुरक्षा अधिकारी होंगे। उन्हें आयुक्त, आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर के आदेश पर नए जिले खैरथल तिजारा का नोडल अधिकारी खाद्य सुरक्षा नियुक्त किया गया है। जिले में अभी तक पुराने जिले अलवर से ही कार्य हो रहा था इस आदेश से अधिकारी लगाने पर जिला खैरथल तिजारा में राजस्थान सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट खोरी रोकने के लिए चलाए गए कार्यक्रमों में तेजी आएगी। अभी तक यादव करीब 3 वर्षों से जिला अलवर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे।

# बेमौसम की बारिश में रात भर छत से टपका पानी, रात भर यात्री रहे परेशान

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** रेलवे प्रशासन की ओर से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बयाना रेलवे स्टेशन पर इन दिनों करीब 25 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास और सौन्दर्यीकरण कार्य कराए जा रहे हैं। लेकिन निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के निर्धारित मापदंडों के अनुसार नहीं किया जा रहा है। इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि बयाना में बीती रात हुई बेमौसम की मध्यम दर्जे की बारिश में ही रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित प्रतीक्षालय की छत से जमकर पानी टपका। इससे रात को प्रतीक्षालय में बैठकर अपनी ट्रेनों के आने का इंतजार कर रहे यात्रियों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्रियों ने इधर-उधर जाकर प्लेटफॉर्म की टिनशेड के नीचे शरण ली। जानकारी के मुताबिक करीब 3 महीने पहले बयाना रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों के दौरान नया प्रतीक्षालय बनाया गया है।

लेकिन बीती रात रुक-रुक कर हुई मध्यम दर्जे की बारिश में छत से लगातार टपके पानी से प्रतीक्षालय में पानी भर गया। नवनिर्मित प्रतीक्षालय में पानी टपकने से यात्रियों ने रोष जताते हुए कहा कि इससे साफ जाहिर है कि निर्माण कार्यों में निर्धारित मापदंडों की अनदेखी करते हुए घटिया सामग्री उपयोग में लाई जा रही है। रेलवे की ओर से निर्माण कार्यों के लिए भारी-भरकम बजट देने के बावजूद इस तरह की लापरवाही बरती जा रही है। गंभीर बात यह है कि निर्माण कार्यों का जायजा लेने लगभग प्रत्येक महीने कोटा मंडल के डीआरएम अपने मंडल स्तरीय अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण कर हर बार गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य करने के निर्देश देते हैं। उसके बावजूद निर्माण कार्य में लापरवाही बेहद गंभीर मामला है।

# आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करते हुए उन्हें राहत पहुंचाऐं : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं जिला स्तरीय जनअभाव अभियोग निराकरण समिति की बैठक गुरूवार को डीओआईटी के वीसी कक्ष में आयोजित की गई। जनसुनवाई में ...प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें व्यक्तिश: सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में सड़क, पेयजल, अतिक्रमण, भूमि विवाद, अवैध निर्माण कार्य, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग से सम्बंधित विभिन्न परिवेदनाओं का संज्ञान लेते हुए जिला कलक्टर ने संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और सम्बंधित विभागों से फीडबैक लेकर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने परिवादी को की गई कार्यवाही से अवगत कराते हुये संतुष्ट होने पर ही प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आम रास्तों पर अतिक्रमण, भूमि पैमाइश के कारण आपसी विवाद, आवासीय क्षेत्रों में अतिक्रमण के मामलों में पुलिस सहायता लेकर अंतिम रूप से समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, सीएमओ, मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकोष्ठ एवं जनसुनवाईयों में प्राप्त होने वाले प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं एवं विभागीय योजनाओं की पात्रता के आधार पर आमजन को सभी अधिकारी स्वप्रेरित होकर लाभान्वित करें। उन्होंने उपखण्ड अधिकायिों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि पटवारियों से मांग प्राप्त कर सर्वेयर की नियुक्ति सुनिश्चित करें एवं गिरदावरी का कार्य पूर्ण करा कर वांछित प्रगति प्राप्त करें। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलजीवन मिशन के तहत पूर्ण कार्यों का हैण्डओवर ग्राम पंचायतों को करने के निर्देश दिए। पीएम आवास योजना के तहत सर्वेयर के माध्यम से व पोर्टल पर स्वयं द्वारा जानकारी देकर पात्रों को चिन्हित करने एवं पीएम स्वामित्त्व योजना में गति लाने को कहा।



# खाटूधाम क्षेत्र में रीयल स्टेट में नियोजन के लिए किया सम्पर्क



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** गुरूवार को श्याम भक्ता तुलसी सोनी ने एक कम्पनी में खाटूधाम क्षेत्र में रीयल स्टेट में नियोजन के लिए सम्पर्क किया इस दौरान विवेक सक्सेना सेल्स हैड़ व सोनाक्षी खंडेलवाल. एचआर प्रमुख मौजूद रहे। मंजू सैनी, शालू राजपूत, ईशा गोयल . सेल्स एक्जीक्यूटिव भी साथ में रहे। इस दौरान जिला अध्यक्ष तुलसी सोनी योग प्रशिक्षक रचना,श्रीमती ज्योति को विवेक सक्सेना सेल्स हैड़ द्वारा श्रीमद् भगवतगीता भेंट की गई। तुलसी सोनी अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन की महिला जिलाध्यक्ष हैं। इनका उद्देश्य खाटूश्याम की पावन धरती पर लोगों को बसा कर धर्म की स्थाप्रा करना है।

# राजस्थान मरू उड़ान नवाचार के तहत जागरूकता संवाद कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजस्थान मरू उडान नवाचार के तहत जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग, भरतपुर की ओर से 16 जनवरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, भरतपुर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत स्तन कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर जागरुकता के विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपनिदेशक महिला अधिकारिता राजेश कुमार ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. चरन सिंह कैंसर रोग विशेषज्ञ, राजबहादुर मेमोरियल अस्पताल, भरतपुर ने बालिकाओं एवं महिलाओं में होने वाले कैसर एवं उनकी रोकथाम एवं उपचार के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उपनिदेशक द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की एवं स्वंयसेवी संस्था दिशा फाउंडेशन की कार्यक्रम प्रभारी शालो हेम्ब्रॉम ने महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार एवं आत्मरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। जिला समन्वयक प्रवीण कुमार के द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में बताया। कार्यक्रम में नीरज कुंतल, राजकुमारी शर्मा, हेमलता सहित लगभग 80 महिलाओं ने भाग लिया।

# आरक्षण में उप वर्गीकरण अधिकार रथ यात्रा पहुंची बयाना, बाल्मीकि समाज के लोगों ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** आरक्षण में उप वर्गीकरण लागू करने की मांग को लेकर वंचित वर्ग (वंचित अनुसूचित समाज) की ओर से प्रदेशभर में निकाली जा रही रथयात्रा गुरुवार शाम बयाना पहुंची। जहां अम्बा टॉकीज के पास बाल्मीकि बस्ती में वंचित समाज के लोगों की ओर से रथयात्रा में आए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित सभा में वंचित वर्ग आरक्षण उपवर्गीकरण संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष विकास नरवार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एक अगस्त 2024 को आरक्षण के वर्गीकरण को लेकर फैसला दिया है। उसी क्रम में वंचित वर्ग अधिकार रथ यात्रा निकाली जा रही है। जो पूरे राजस्थान में गांव-गांव, ढाणी- ढाणी यह



अधिकार यात्रा निकालकर उपवर्गीकरण की मांग को लेकर वंचित समाज को जागरूक किया जा रहा है और एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाज के कई वर्ग ऐसे हैं, जो आरक्षित श्रेणी में तो आते हैं, लेकिन पिछड़ेपन के कारण इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसा वंचित वर्ग विकास की मुख्य धारा से अछूता है। वहीं, दूसरी तरफ आरक्षण का लाभ लेकर कई समाज आगे बढ़ गए, लेकिन इसके बाद भी वे आरक्षण का फायदा दूसरे समाजों को देने के लिए तैयार नहीं हैं।

# गरीब ब्राह्मण कन्या के लिए शादी के लिए किया दान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** गरीब ब्राह्मण कन्या के लिए शादी के लिए अनाथ थी जो माता-पिता नहीं है उनके लिए 21000 रुपए लिफाफे में और कुछ सामान उसकी शादी के लिए भेंट किए गए। बालिका की शादी 30 जनवरी की है उसके लिए गायत्री परिवार व डॉक्टर ग्रुप आराधना ग्रुप की तरफ से भेंट किया। और मकर संक्रांति के पावन पवित्र दिन पर ये पुनित कार्य किया गया। गायत्री परिवार की मुख्य ट्रस्टी डॉ.सरोज गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के कार्यो से सकारात्मक भाव पैदा होता है और साथ ही हम किसी की मदद करके पुण्यार्जन कर सकते हैं।



# राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के तहत अवैध कट को बंद कराने की कार्यवाही की गई





बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिले में 31 जनवरी तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को कटोरी वाला तिबारा स्थित पेट्रोल पम्प के पास किए गए अवैध कट को बन्द कराया गया। आरटीओ सतीश चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के तहत जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक में जिले प्रमुख मार्गों पर हो रहे अवैध कट्स को बन्द कराने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में आज कटोरी वाला तिबारा स्थित पेट्रोल पम्प के पास किए गए अवैध कट को बन्द कराया गया जिससे सडक दुर्घटना में कमी आएगी। उन्होंने आमजन से आह्वान किया है कि कोई भी व्यक्ति सडक पर अवैध कट करें तो उसकी सूचना आरटीओ अथवा संबंधित सडक निर्माण एजेन्सी को देवे। सूचना मिलने पर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीण क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला स्त्री रोग विशेषज्ञ

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** राज्य की भाजपा सरकार ने आमजन को सुविधा पहुंचाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में आम जन को स्वास्थ्य सेवाएं के लिए अन्य चिकित्सकों के साथ महिला रोग विशेषज्ञों के भी ग्रामीण क्षेत्र में नियुक्ति की है इसी के तहत भुसावर उपखंड क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 स्थित वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला चिकित्सक डॉ कमलेश मीणा को नियुक्त किया है इससे ग्रामीण क्षेत्र में खुशी की लहर है स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति होने करने पर जिला परिषद सदस्य किशन सिंह उर्फ पप्पू चौधरी ,एडवोकेट सुरेंद्र चौधरी भुसावर पंचायत समिति प्रधान सुफेदी देवी, पूर्व जिला प्रमुख द्वारका प्रसाद गुप्ता, पेंशनर समाज के मिट्ठू सिंह चौधरी, केदार शर्मा, खैमचंद कटारा आमोली, मिस्टर बदनसिह शर्मा महतौली, पूर्व सरपंच नैमी सिंह सहित अनेक नागरिकों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, चिकित्सा मंत्री, सहित स्थानीय विधायक बहादुर सिंह कोली का आभार व्यक्त किया है!



### भाजपा कोटा शहर की ओर से प्रदेश में 'संविधान गौरव अभियान 2025 का शुभारम्भ

# संविधान निर्माता बाबा साहब के साथ किए अन्याय के लिए देशवासियों से माफी मांगे कांग्रेस : कृष्ण पाल गुर्जर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** भाजपा शहर जिला कोटा की ओर से गुरुवार को 'संविधान गौरव अभियान 2025' का शुभारम्भ किया गया। शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल श्रीनाथपुरम-डी में हुए इस आयोजन में केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री गुर्जर ने कहा कि कोटा शहर में गुरुवार से संविधान गौरव अभियान 2025 का शुभारम्भ हो रहा है। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर आमजन को बताएं कि किस तरह कांग्रेस ने बार-बार संविधान एवं संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर जी का अपमान किया। आजादी के बाद बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर जी को सबसे ज्यादा अपमानित किसी ने किया है तो वह कांग्रेस है। कदम-कदम पर संविधान को कुचलने का काम कांग्रेस ने किया है। यह सब रिकॉर्ड में है। कांग्रेसी जो संविधान की किताब हाथों में लेकर आमजन में भ्रम फैला रहे हैं, वो सबसे पहले अपनी आत्मा में झांककर देखे, संविधान का सबसे ज्यादा दुरूपयोग एवं बाबा साहब का अपमान करने का कार्य कांग्रेस ने ही किया है। केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री गुर्जर ने आगे कहा-कांग्रेस को अपनी भूलों, गलतियों के लिए प्रायश्चित करना चाहिए। इसे देश व देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। यह ना करके



कांग्रेस आरोप-प्रत्यारोप लगाने का काम कर रही है। झूठा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है कि भाजपा सरकार संविधान को बदल देगी, संविधान खतरें में है। जबकि अब तक भारतीय संविधान में 106 संशोधन किए गए हैं। इनमें से 75 संशोधन कांग्रेस शासन के दौरान किए गए। जो यह दर्शाता है कि कांग्रेस ने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान को बार-बार बदला।

**केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने दावा किया**-इस बात का सबूत है कि कांग्रेस बाबा साहब के संविधान के विरुद्ध थी। इन संशोधनों के नकारात्मक पहलुओं को ठीक करने का काम भारतीय जनता पार्टी व अन्य सरकारों ने किया। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी को मान-सम्मान देने में भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा ही अग्रणी भूमिका निभाई है, जबकि कांग्रेस ने बाबा साहब अम्बेडकर जी को भुलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक सौरभ सारस्वत ने कहा-कांग्रेस आमजन में झूठ फैला रही है कि भाजपा की सरकार, मोदी जी की सरकार इस देश के संविधान को बदल देना चाहती है, संविधान खतरे में है। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि भारत के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी सम्पूर्ण देश में 'संविधान गौरव यात्रा' कार्यक्रम के द्वारा बूथ लेवल से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक संविधान के प्रति जन जागरण कर रही है। इसी क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है। कार्यक्रम संचालन जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापित कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट मनोज पुरी ने किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री अनसुईया गोस्वामी, पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर, वरिष्ठ नेता महेश गुप्ता, गोविंद शर्मा, भाजपा के जिले, मोर्चा, प्रकोष्ठ, मंडल अध्यक्ष, प्रतिनिधि से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इंटरनेशनल साइबर गिरोह के 4 बदमाश जोधपुर से गिरफ्तार

### कोटा एसपी सिटी अमृता दुहन ने दी जानकारी, भारतीयों से 50 करोड़ रुपए ठग कर चीन में बैठे ठगों को भेजे



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा पुलिस ने इंटरनेशनल साइबर गिरोह के चार बेहद शातिर बदमाशों को जोधपुर से गिरफ्तार किया है। इन्हें कोटा ले आया गया है। ये चारों बदमाश भारत में ही बैठकर चीन के साइबर ठगों के साथ मिलकर लोगों को तगड़ी चपत लगाते थे। ठगी की रकम को ये यूएसडीटी में कन्वर्ट कर विदेशों में भेजते थे। अब तक ये बदमाश करीब 50 करोड़ रुपए इसी तरह कन्वर्ट कर चीन भेज चुके हैं।

कोटा शहर एसपी अमृता दुहन ने यह जानकारी देते हुए बताया-साइबर ठगों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत यह कार्रवाई की गई है। इनके मोबाइल से विदेशी नम्बर, विदेशी साइबर ठगों को रुपए ट्रांसफर करने की चैट और स्क्रीनशॉट मिले हैं।

**जोधपुर के ही रहने वाले हैं चारों बदमाश :** एसपी अमृता दुहन ने बताया- ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत कोटा से एक टीम जोधपुर पहुंची थी। टीम ने बैंक रिकॉर्ड और तकनीकी साक्ष्य जुटाकर अक्षय कुमार (24) निवासी भगवान महावीर नगर नांदड़ी, रामदीन (30) निवासी बीनावास, तहसील बिलाड़ा, भोम सिंह (26) निवासी रुणकिया, तहसील पीपाड़ सिटी व राकेश (25) गुजरावास खुर्द, बनाड रोड को गिरफ्तार किया है। इस प्रकार ये सभी आरोपी जोधपुर जिले के ही रहने वाले हैं। इनके खिलाफ साइबर थाना कोटा शहर में मामला दर्ज है।

#### वाट्सएप और टेलीग्राम पर मिले विदेशी नम्बर

एसपी अमृता दुहन ने बताया- ये चारों शातिर साइबर ठग चीन में बैठे साइबर ठगों के साथ मिलकर भारतीयों को ही ठगते थे। ठगी की रकम को अन्य खातों में ट्रांसफर करवाया जाता था। इसके बाद यूएसडीटी खरीदकर अपना कमीशन काटकर अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगों को क्रिप्टो करेंसी यूएसडीटी चीन में भेज रहे थे। चारों के मोबाइल को जब्त किया गया है। इनके वाट्सएप और टेलीग्राम पर विदेशी नम्बर पर चैट मिली है। भारतीय बैंक खातों में राशि डलवाने और राशि के बदले में यूएसडीटी विदेशी साइबर ठगों को ट्रांसफर करने की चैट व स्क्रीनशॉट भी मिले हैं।

#### कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में ये रहे शामिल

साइबर ठगों को जोधपुर से पकड़ कर कोटा लाने वाली पुलिस टीम में विनोद कुमार (आरपीएस) थानाधिकारी साइबर थाना कोटा, सतीशचंद पुलिस निरीक्षक, अशोक हेड कॉन्स्टेबल, सुरेन्द्र सिंह, वजीर सिंह, विकास व जितेन्द्र शामिल रहे।

# हाड़ोती संभाग के महाविद्यालयों की प्रतिभाओं ने नृत्य कला का बिखेरा जादू

- कोटा विश्वविद्यालय की इंटर कॉलेज नृत्य प्रतियोगिता 'उमंग फेस्ट-2025' का भव्य आयोजन
- फॉक व क्लासिकल नृत्यों की प्रस्तुतियों पर झूमते रहे दर्शक, बजती रही तालियां

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा विश्वविद्यालय के तत्वावधान में इंटर कॉलेज नृत्य प्रतियोगिता उमंग फेस्ट-2025 का भव्य आयोजन लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज में हुआ। लाल बहादुर शास्त्री शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष कुलदीप माथुर ने बताया कि इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के कुलपति प्रो. कैलाश सोड़ानी रहे।

अध्यक्षता डॉ. नीलू चौहान, डीन स्टूडेंट वेलफेयर ने की। कार्यक्रम में डॉ. केआर चौधरी, डॉ. आशीष असोपा, प्राइवेट कॉलेज वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष विशाल जोशी, कोषाध्यक्ष नीरज कुलश्रेष्ठ, बारां जिले के प्रतिनिधि अभिषेक सोडी, अन्य



कॉलेजों के अध्यक्ष व प्रिंसिपल मौजूद रहे।

**रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां :** इस दौरान हाड़ोती संभाग के कोटा, बूंदी, बारां व झालावाड़ के सरकारी व गैर सरकारी कॉलेजों में से समस्त प्रतिभागी कॉलेजों के प्रतिभागियों ने नृत्य प्रतियोगिता में रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इनमें से फॉक/आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-आकाश सहरिया एंड ग्रुप, स्वामी विवेकानन्द कॉलेज केलवाड़ा बारां, द्वितीय स्थान-हिमांशी एंड ग्रुप एलबीएस टीटी कॉलेज कोटा व तृतीय स्थान-विनीता नागर एंड ग्रुप, कौटिल्य कॉलेज कोटा को मिला। वहीं, क्लासिकल प्रतियोगिता में प्रथम माही गौतम, विभाग फार्मेसी, कोटा विश्वविद्यालय कोटा, द्वितीय तनिष्का शर्मा, अकलंक कॉलेज कोटा व तृतीय नीरजा सोनी, सर्वोदय टीटी कॉलेज कोटा रहीं।

**डायरेक्टर शिल्पा माथुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया :** संस्थान की डायरेक्टर डॉ. शिल्पा माथुर ने अंत में अतिथियों व विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। संस्थान की प्राचार्य डॉ. दीप शिखा नामदेव, स्पेशल कॉलेज प्राचार्य ऋषभ कुमार व समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन नीतू कुमावत ने किया।

# बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहन दें अभिभावक, हर प्रतिभा को निखारेंगे : बिरला

## मल्टीपरपज स्कूल में फुटबॉल ग्राउंड, बास्केटबॉल और वॉलीबॉल ट्रेक का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को शहर के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को खेल सुविधाएं की सौगात दीं। उन्होंने यहां गुमानपुरा स्थित मल्टीपरपज स्कूल में 1.25 करोड़ की लागत से नवनिर्मित फुटबॉल ग्राउंड, बास्केटबॉल और वॉलीबॉल ट्रेक सहित अन्य सुविधाओं का लोकार्पण किया। बिरला ने कहा कि ये सुविधाएं हमारे युवाओं को अपने कौशल को निखारने और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का सशक्त मंच प्रदान करेंगी। बिरला ने कहा कि मल्टीपरपज विद्यालय से मेरा व्यक्तिगत जुड़ाव रहा है। यहां से निकले हजारों विद्यार्थी आज कई क्षेत्र में नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने हर अभिभावक को आग्रह किया कि वे बच्चों को प्रोत्साहित करें, ताकि वे खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी क्षमताओं का सर्वोत्तम प्रदर्शन



कर सकें। उन्होंने कहा कि हर खेल प्रतिभा को निखारने के लिए कोटा में विश्वस्तरीय खेलसुविधाएं विकसित की जाएंगी।

**हर तहसील पर बनाएंगे इंडोर स्टेडियम :** लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत आज खेलों में तेजी से प्रगति कर रहा है। ओलंपिक से लेकर एशियन गेम्स तक, हमारे खिलाड़ियों ने अद्भुत प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया है। मेरा सपना है कि हाड़ौती के युवा भी खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि कोटा और बून्दी में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स की सुविधा खिलाड़ियों को मिल रही है। चार बड़ी तहसीलों में इंडोर स्टेडियम निर्माणाधीन हैं, हर तहसील पर खिलाड़ियों को यह सुविधाएं दी जाएंगी ताकि गांव-ढाणी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी खेलों में आगे बढ़ सकें।

### सपने हो रहे साकार

विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला ने 10 वर्ष पहले कोटा में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने का सपना देखा था। मुझे खुशी है आज हम इस लक्ष्य को पूरा कर रहे हैं। जब एक खिलाड़ी अपनी मेहनत और समर्पण से विजय प्राप्त करता है, तो वह केवल व्यक्तिगत उपलब्धि अर्जित नहीं करता बल्कि समाज और देश को गौरवान्वित करता है। आज कोटा में ऐसी खेल सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी। इस दौरान जनप्रतिनिधि श्री राकेश जैन, महापौर श्री राजीव अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, पार्षद नरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### स्कूल-कॉलेज में ही बनेंगे पासपोर्ट, मोबाइल वैन सेवा हुआ शुभारम्भ

# स्पीकर बिरला की पहल पर विद्यार्थियों के लिए शुरू हुआ स्टूडेंट कनेक्ट प्रोग्राम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में विद्यार्थियों के लिए एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। लोकसभा अध्यक्ष ने गुरुवार को श्रीनाथपुरम स्थित लॉरेंस मेयो स्कूल से 'स्टूडेंट कनेक्ट प्रोग्राम' के तहत पासपोर्ट मोबाइल वैन सेवा का शुभारंभ किया, जिसके तहत विद्यार्थियों को स्कूल और कॉलेज में ही पासपोर्ट बनाने की सुविधा मिल सकेगी। इस पहल के माध्यम से शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विद्यार्थियों को पासपोर्ट के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही, विद्यार्थियों के लिए पासपोर्ट आवेदन की प्रक्रिया को भी सरल और सुलभ बनाया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश की युवा शक्ति ही हमारे उज्जवल भविष्य का निर्धारण करेगी। हमारा कर्तव्य है कि हम विद्यार्थियों को हर संभव अवसर प्रदान करें। इस सुविधा से अब छात्र-छात्राएं पासपोर्ट बनाने के लिए पासपोर्ट कार्यालय जाने की बजाय अपने विद्यालय या कॉलेज में ही आवेदन कर सकेंगे, जिससे उनका समय बच सकेगा और उन्हें भविष्य में यात्रा, उच्च



शिक्षा या रोजगार के लिए पासपोर्ट प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

**एक लाख पासपोर्ट जारी हुए :** श्री बिरला ने कहा पहले के मुकाबले पासपोर्ट बनाने के प्रक्रिया कई अधिक सरल हुई है। एक समय था जब अपॉइन्टमेंट के लिए इंतजार करना होता था, जयपुर जाना पड़ता था। कोटा में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय बनने के बाद महज एक वर्ष में रिकॉर्ड 1 लाख से अधिक पासपोर्ट जारी हुए हैं। इसका लाभ केवल कोटा-बून्दी और हाड़ौती को ही नहीं बल्कि आसपास के 12 जिलों के नागरिकों को मिल रहा है।

## केशवरायपाटन पंचायत समिति सदस्य देवकिशन मीणा की जमानत याचिका खारिज

बढ़ता राजस्थान

**केशवरायपाटन( सुनील मेघवाल )।** केशवरायपाटन में अवैध विद्युत आपूर्ति लेने वालों के खिलाफ बिजली विभाग द्वारा वीसीआर भरने की कार्रवाई के विरोध में हिंडोली विधायक अशोक चांदना के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया। उक्त मामले में पुलिस ने केशवरायपाटन पंचायत समिति के सदस्य देवकिशन मीणा को गिरफ्तार किया था। उनकी जमानत याचिका अदालत द्वारा खारिज कर दी गई है।

# रावतभाटा में इनकोड इंस्टीट्यूट की नई शाखा का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** रावतभाटा में गुरुवार को चेतक मार्केट में इनकोड इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस कोडिंग की नई शाखा का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डॉ. वाई. पी. नकड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में कोडिंग के साथ-साथ रोबोटिक वेब डेवलपमेंट, पायथन बूटकैंप, सी और स्क्रैच कोडिंग जैसे विषयों पर चर्चा हुई। नवाचार और कोडिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, मुख्य अतिथि डॉ. नकड़ा ने आने वाले समय में कंप्यूटर और कोडिंग के बढ़ते महत्व पर बल दिया। अन्य विशिष्ट अतिथियों में श्री जे. के. छाबड़ा, आर. एल. चौधरी, और पूरण सिंह ने कोडिंग की वर्तमान उपयोगिता और भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। नोएडा से आए एक रोबोटिक प्रोग्रामर द्वारा रोबोटिक मॉडल का प्रदर्शन किया गया, जिसने कार्यक्रम में खास आकर्षण जोड़ा। संस्थान के संचालक और प्रमुख एजुकेटर राजप्रकाश पंवार ने कोडिंग और सॉफ्टवेयर डेवलपर बनने के अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने कोडिंग और रोबोटिक्स क्षेत्र में नवाचार के इस प्रयास की सराहना की।

# जो परिवाद तुरंत निस्तारित किए जा सकते हैं उनमें देरी नहीं हो-कलक्टर

### जिला कलक्टर की जनसुनवाई में आए 142 परिवाद

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. गोस्वामी ने सभी विभागों को निर्देश दिये हैं कि जो परिवाद एक दिन में निस्तारित किए जा सकते हैं, उनका तुरंत समाधान किया जाए। साथ ही, न्यायालय के आदेश या नियमों के कारण लंबित परिवादों की जानकारी परिवादियों को लिखित में दी जाए। उन्होंने एक सप्ताह में निस्तारण योग्य मामलों का समाधान तय समय में करने के निर्देश दिए। डॉ. गोस्वामी गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय जनसुनवाई कर रहे थे। जनसुनवाई में कुल 142 परिवाद प्राप्त हुए। कलक्टर ने निर्देश दिये कि जनसुनवाई के दौरान ही अधिकतर समस्याओं के बारे में डिटेल पताकर उसका समाधान किया जाए, ताकि परिवादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कलक्टर ने अतिक्रमण से संबंधित शिकायतों पर केडीए और नगर निगम को निर्देश दिए कि मौके पर टीम भेजकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने शहर के श्रीनाथपुरम क्षेत्र में अवैध स्पीड ब्रेकर और रोड कट से जुड़े मामलों में सड़क सुरक्षा टीम एवं केडीए को मौके पर जाकर जांच करने और मानकों के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दुर्घटना बीमा से संबंधित मामले में कलक्टर ने कोषाधिकारी को निर्देश दिए कि परिवादी को जल्द से जल्द बीमा राशि प्रदान की जाए। डॉ. गोस्वामी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक परिवाद को संवेदनशीलता के साथ सुनें और परिवादियों को निस्तारण की लिखित में जानकारी प्रदान करें। जनसुनवाई में अतिक्रमण, पेंशन, बिजली और पानी जैसे विषयों पर अधिक शिकायतें आईं। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, नगर निगम उत्तर आयुक्त अशोक त्यागी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह, केडीए में विशेषाधिकारी भूमि अवाप्ति मालविका त्यागी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश सोनी, और न्यू मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्रधानाचार्य नवनीत पाराशर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# शहर के कीड़ी मोहल्ले और माधव नगर कॉलोनी में लापरवाही से परेशान नागरिक

- सीवर लाइन और पेयजल पाइप लाइन की खुदाई के दौरान सड़क खोद कर डाली
- 15 दिन से परेशान कॉलोनी के लोगो की समस्या पर नहीं दिया जा रहा कोई ध्यान

बढ़ता राजस्थान





**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के कीड़ी मोहल्ले और माधव नगर कॉलोनी में पिछले 15 दिन से लोगों का जीवन दूभर हो रहा है। इसकी वजह सीवर और पेयजल पाइप लाइन कार्य में ठेकेदार और संबंधित कार्मिको द्वारा बरती जा रही लापरवाही है। मोहल्ले की सड़कों को खोदकर डाल दिया गया है और उससे निकल मिट्टी से अब कीचड़ हो रही है साथ में घरों में जाने वाली कई पेयजल पाइप लाइन तोड़ दी गई है और कई जो बची हैं उनमें गंदा पानी आ रहा है। जिसको लेकर नागरिकों द्वारा नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन में शिकायत की गई लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। इससे नागरिक आक्रोशित दिखाई दे रहे हैं। कीड़ी मोहल्ले और माधव नगर कॉलोनी की महिला नैनीबाई, मायादेवी, पूजा अग्रवाल, राजकुमारी ,रामेंद्र कुमार,पप्पू सिंह, रामनिवास ,शिवचरण सहित अन्य लोगो ने बताया कि पिछले 15 दिन पूर्व यहां सीवर और पेयजल पाइप लाइन के काम करने को लेकर जेसीबी से खुदाई की गई। खुदाई के बाद पाइप भी डाला गया लेकिन उसके बाद जैसे की तैसी स्थिति छोड़ दी गई।जिसको ना तो ठीक ढंग से मरम्मत किया गया ना ही आगे कोई कार्य हुआ है। ऐसे में अब वहां दलदल भरा कीचड़ हो गया है। इसमें से रास्ता निकलना मुश्किल हो रहा है।

यह स्थिति पिछले 15 दिन से बनी हुई है। जिसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल के साथ नगर पालिका प्रशासन और उपखंड कार्यालय में ज्ञापन दिया है लेकिन उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। और अब सीवर और पेयजल पाइप लाइन के ठेकेदार द्वारा भी इसकी कोई सुध नहीं ली जा रही। इससे छोटे बच्चे और बड़े बुजुर्गों का रास्ता निकालना मुश्किल हो गया है।

**जनहित की याचिका पर एडीजे कोर्ट ने दिए थे ,निर्देश नहीं दिया जा रहा ध्यान :** पिछले एक वर्ष से शहर में चल रहे सीवर रोड पेयजल पाइप लाइन के काम में बरती जा रही लापरवाही को लेकर शहर के दो नागरिकों द्वारा जनहित याचिका कोर्ट में दाखिल की थी । और जिस पर एडीजे द्वारा उक्त मामले में लापरवाही नही बरतने और कार्य को नियम अनुसार करने के सम्बंधित ठेकेदारों के साथ नगर पालिका, पीडब्ल्यूडी और जलदाय विभाग को निर्देश दिए थे और लेकिन उन पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

# टोटरी भीमगढ़ गांव की दर्जनों बीघा चरागाह भूमि पर दबंगो का कब्जा

## मवेशियों को चरने में आ रही परेशानी, ग्रामीणों ने सौंपा उपखंड प्रशासन को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के टोटरी-भीमगढ़ गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने गुरुवार को उपखंड प्रशासन को ज्ञापन कर गांव की चरागाह भूमि को दबंगों से मुक्त करने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि दबंगों द्वारा पशुओं के चढ़ने की चरागाह भूमि पर कब्जा कर जंगल को नष्ट कर दिया और वहां खेती की जा रही है। जिसको लेकर ग्रामीणों से कई बार झगड़ा भी हो चुका है। उक्त झगड़े के बाद अब ग्रामीणों ने उपखंड प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की है। भीमगढ़ गांव निवासी ठाकुर रणवीर सिंह परमार के साथ आए ग्रामीण सुनील,राजेश,दिनेश पहाड़िया,शिवचरण, संजय सिंह,पप्पू,हरिप्रसाद आदि ने बताया कि गांव टोटरी और भीमगढ़ के बीच में दर्जनों बीघा चारागाह भूमि है। उक्त भूमि में तीन गांव टोटरी,झंडे का पूरा और पूरा मदारी के पशु चरने जाते हैं साथ में गौ माता,गोवंश और आवारा जानवर भी पेट भरते हैं लेकिन पिछले कई महीनो से उक्त भूमि को दबंगों की नजर लग गई है। दबंग आरोपी उसमें से प्राकृतिक पेड़ों को नष्ट कर रहे है। उक्त भूमि को मशीन चलाकर खेती करने के लिए तैयार कर रहे हैं। कुछ बीघा भूमि पर खेती की भी जा रही है। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो दबंग झगड़े पर उतारू हो गए और धमकी दी है। इससे ग्रामीण परेशान और आक्रोशित है। इसी को लेकर आज उपखंड अधिकारी हेमंत सिंह घनघोर को ज्ञापन सौपा है और मामले में मौका निरीक्षण कर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि उनका चारागाह भूमि मुक्त नहीं हुई तो उनके पशुओं को चरने का संकट पैदा हो जाएगा।

# तुलसी वन रोड की सेठ कॉलोनी में जलभराव, नाले के रिसाव से फैल रही बीमारी

## जिस मालिक ने कॉलोनी बनाई उसी के खाली भूखंडों में जलभराव

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के तुलसीवन रोड पर नवीन कॉलोनी में जल भराव से लोग परेशान है। जिस खेत मालिक द्वारा उक्त भूमि पर प्लाटिंग की गई है। उसी के खाली भूखंडों में अब पानी भर रहा है। नाले के इस गंदे पानी में पनप रहे मच्छरों से जहां बीमारियां बढ़ रही हैं वहीं कॉलोनी के लोग परेशान हो रहे हैं। जिसको लेकर कई बार स्थानीय प्रशासन से शिकायत की गई लेकिन समस्या पर कोई ध्यान नहीं है।

तुलसीवन रोड के सेठ वाले बाग के ठीक सामने बसी नई कॉलोनी निवासी कालू कोठारी,वृंदावन शर्मा,किशोर मंगल, विष्णु शिवहरे,त्रिलोकी,शुभम मंगल,दीपू गर्ग आदि ने बताया की करीब 5 साल पूर्व उक्त कॉलोनी में लोगों ने अपने नवीन भवन बनाए हैं। जिनमें वह रह रहे है। नगर पालिका द्वारा भी कॉलोनी के रास्तों में सीसी खरंजा कराया गया है लेकिन कॉलोनी में मुख्य रास्ते के किनारे करीब छह भूखंड खाली पड़े हैं। उक्त भूखंडों में सड़क किनारे नाले का गंदा पानी रिस कर जमा हो गया है। जिसमें अब गंदगी फैल रही है साथ में मच्छर भी पनप रहे हैं। इससे परेशानी बढ़ रही है। कॉलोनी निवासी महिला रोशनी अग्रवाल,महावीर शिवहरे, बनवारी गर्ग,दीपू,अजब सिंह,जीतू शिवहरे आदि ने बताया की खाली पड़े भूखंडों में ना तो भूखंड का मालिक चारदीवारी करा रहा है,ना ही उसमें पानी नहीं जाए इसको लेकर कोई व्यवस्था की है।

कई बार निवेदन करने पर भी कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा। कॉलोनी के नागरिकों ने नगर पालिका के सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा और नगर पालिका प्रशासन से भी कई बार शिकायत की हैं साथ में बाड़ी एसडीएम को भी ज्ञापन दिया गया है लेकिन कहीं पर कोई सुनवाई नहीं है। ऐसे में कॉलोनी के लोग परेशान है। मच्छरों के प्रकोप से उनके बच्चे बीमार हो रहे हैं। जिसको लेकर अब जिला कलेक्टर से गुहार लगाई है साथ में मुख्यमंत्री जन समस्या पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज की है।

# परिवादियों की इष्टतम संतुष्टि हेतु करें प्रयास : जिला कलक्टर

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को परिवादों के निस्तारण हेतु दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उन्होंने कहा कि सभी परिवादों का यथा संभव समाधान किया जाये जिससे अधिकतम परिवादी संतुष्ट हो सकें। जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त सभी उपखंड अधिकारियों को हिदायत दी कि वे राज्य आपदा निधी से स्वीकृत कार्यां की नियमित मॉनिटरिंग करें। सर्दी के मौसम को देखते हुए आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर माकूल इंतजाम सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियें से कहा कि आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना भी परिवादी को देना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान चारागाह भूमि पर अतिक्रमण हटवाने, सीवरेज लाईनों की सफाई, राजस्व, सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए जिनके शीघ्र निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरणों की भी समीक्षा की गई एवं प्रकरणों का निस्तारण किया गया। ग्राम दुर्गसी के परिवादियों ने ग्राम पंचायत खुर्दिया में चारागाह भूमि पर से अतिक्रमण हटवाने हेतु परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने उपखण्ड अधिकारी सरमथुरा को मौका देखकर त्वरित ढंग से अतिक्रमण हटवाये जाने हेतु निर्देशित किया। परिवादी विनोद कुमार ने कृषि विद्युत कनेक्शन दिलवाये जाने से संबंधित परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने जेवीवीएनएल को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। परिवादी हरिविलास जाटव ने पट्टा दिलाये जाने हेतु निवेदन किया जिस पर नगर परिषद को पट्टा दिलाये जाने की कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये। दौनारी में आम रास्ते पर अतिक्रमण के मामले में तहसीलदार को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही वार्ड नम्बर 3 में स्ट्रीट लाइट खराब होने के मामले में परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने नगर परिषद को समस्या के निस्तारण हेतु निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह, उपखण्ड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## अंजली इकाई अध्यक्षा एवं सोनम प्रजापति बनी इकाई मंत्री

# राजकीय बालिका महाविद्यालय बाड़ी की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बाड़ी द्वारा शहर के राजकीय बालिका महाविद्यालय में परिषद की नवीन इकाई का गठन किया है। जिसमे अंजलि को इकाई अध्यक्ष और सोनम प्रजापति को मंत्री बनाया गया है। महाविद्यालय की इकाई मंत्री रश्मी सोनी ने बताया कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा एवं अनुशासित छात्र संगठन है। जो वर्षभर निरंतर कार्यरत रहती है।साथ ही दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करता है। वही परिषद शिक्षा व राष्ट्र के विभिन्न मुद्दे पर अपनी आवाज को मुखर करते हुए राष्ट्र में एक स्वतंत्र एवं स्वायत्त छात्र संगठन की अपनी पहचान स्थापित किये हुए है।ऐसे में परिषद के विभिन कार्यो को देखते हुए इसके विस्तार में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमे अंजली कुमारी इकाई अध्यक्ष, रेखा कुशवाह इकाई उपाध्यक्ष, सोनम प्रजापति इकाई मंत्री बनाया गया है साथ में नीरज कुशवाहा को इकाई सहमंत्री, अंजली को एसएफएस संयोजक, नीतेश मीणा एसएफडी संयोजक, रंजना गौड़ राष्ट्रीय कला मंच संयोजक, दुर्गे मीणा को एनएसएस संयोजक,कुमकुम को सोशल मीडिया संयोजक बनाया गया है।

## हाईवे की सर्विस रोड पर पलटा ट्रक : जलभराव के कारण बना था गड्ढा, जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले में आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 की सर्विस रोड पर गुरुवार शाम को एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। सड़क पर बने गहरे गड्ढे में एक लोहे की टीन से भरा ट्रक पलट गया। बारिश के कारण सर्विस रोड पर जलभराव की स्थिति बन गई थी, जिससे सड़क पर कई गहरे गड्ढे बन गए। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इन गड्ढों को लेकर कई बार प्रदर्शन भी किया गया, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। गनीमत यह रही कि हादसे के समय आस पास कोई नहीं था, वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी। हादसे के बाद मौके पर भारी संख्या में लोग जमा हो गए। स्थानीय लोगों और दुकानदारों का कहना है कि इस सड़क पर पहले भी कई बार ऐसे हादसे हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं है। सड़क की दयनीय स्थिति से आस पास के निवासी और व्यापारी लगातार परेशान हैं।

## धौलपुर में रात भर रुक-रुक कर हुई बारिश : किसानों को मावठ से फायदा, कक्षा 5 तक के स्टूडेंट्स की 18 जनवरी तक छुट्टी

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण धौलपुर में मौसम ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। बुधवार रात 2 बजे से मेघ गर्जना के साथ झमाझम बारिश शुरू हुई। जो रुक-रुक कर जारी है। आसमान में देर तक बिजली चमकती रही, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। शीतलहर को लेकर जिला कलेक्टर ने कक्षा 1 से 5 तक के स्टूडेंट्स की छुट्टियां 18 जनवरी तक बढ़ा दी हैं। अन्य कक्षाओं के लिए स्कूल का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है।किसानों के लिए यह बारिश वरदान साबित हो रही है। रबी सीजन में गेहूं, चना और मटर की फसलों को इससे विशेष लाभ मिला है। हालांकि सरसों और आलू जैसी फसलों को कुछ नुकसान की आशंका है। शीतलहर और बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़कों पर वाहनों की आवाजाही कम हो गई है और लोग घरों में दुबके हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी शीतलहर और बारिश की संभावना बनी हुई है। पूर्वी राजस्थान में यह मौसमी बदलाव पश्चिमी विक्षोभ का परिणाम है। जिसके लिए पहले से ही अलर्ट जारी किया गया था।

## थर्मल पावर प्लांट में बॉयलर विस्फोट की मॉकड्रिल

### कलेक्टर : एसपी की मौजूदगी में सभी विभागों ने आपातकालीन प्रतिक्रिया का किया सफल परीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर थर्मल पावर प्लांट में बुधवार दोपहर आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें बॉयलर विस्फोट की काल्पनिक स्थिति बनाई गई, जिसमें आपातकालीन प्रतिक्रिया का व्यापक परीक्षण किया गया। कलेक्टर श्रीनिधि बीटी और पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सूचना मिलते ही थर्मल प्लांट की फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस और रेस्क्यू टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए प्लांट में स्थापित स्प्रिंकलर सिस्टम और फायर हाइड्रेट सिस्टम को सक्रिय किया गया। थर्मल के कंट्रोल रूम से सभी विभागों को समन्वित रूप से निर्देश जारी किए गए। इस महत्वपूर्ण मॉक ड्रिल में अतिरिक्त जिला कलेक्टर धीरेंद्र सोनी, वृत्ताधिकारी मुनेश मीणा, विभिन्न थानों के थानाधिकारी, यातायात पुलिस, 108 एम्बुलेंस सेवा, प्रदूषण विभाग, जीआरपी और अन्य विभागों की टीमों ने भाग लिया। सभी विभागों ने आपसी तालमेल के साथ आपातकालीन स्थिति से निपटने में अपनी भूमिका का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया, जिससे मॉक ड्रिल सफल रही।

# केकड़ी जिला बचाने के लिए अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन लगातार जारी, लंबे संघर्ष की तैयारी

## कोर्ट परिसर में तंबू के नीचे तेज हुई 'जिला वापस चाहिए' की गूंज, मुवक्किलों व अन्य संगठनों को जोड़ने का अभियान शुरू

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** कड़ाके की ठण्ड और सर्द हवाओं के बावजूद वकीलों का जज्बा ठंडा नहीं पड़ रहा है, बल्कि धरना स्थल पर तंबू के सहारे और चाय की भाप के बीच 'जिला चाहिए' की गूंज और तेज होने लगी है। हालांकि सरकार की चुप्पी संघर्ष की ठिठुरन बढ़ा रही है, लेकिन वकीलों का कहना है कि जिला बचाओ अभियान केकड़ी के हक की लड़ाई है, जिसके लिए वे मजबूती से डटे रहेंगे। जिला बचाओ अभियान के तहत केकड़ी बार एसोसिएशन द्वारा कोर्ट परिसर में दिया जा रहा धरना गुरुवार को ठण्ड और ठिठुरन के बीच भी जारी रहा। सभी वकील धरने पर डटे नजर आए तथा गीत व शायरियां गाकर एक दूसरे की हौंसला अफजाई की। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता मगन लाल लोधा ने कहा कि सरकार ने निर्दयता के साथ केकडी से जिले का दर्जा छीनकर केकडी क्षेत्र के बाशिंदों को अनाथ की भांति कर दिया है। उन्होंने कहा कि जिला रहने से सरकार पर ना तो कोई अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड रहा था और ही किसी प्रकार की प्रशासनिक दिक्कत आ रही थी। सरकार ने महज राजनैतिक स्टंट दिखाने के चक्कर में जिला खत्म किया है, जिसका खामियाजा अब केकडी की जनता को भुगतना पड रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि सरकार जनता के हित के लिए होती है, मगर इस बार सरकार ने जनता का हित नहीं देखा और ऐसा कदम उठाया जिससे जनता का अहित हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने आर्थिक बोझ के चलते केकडी जिले को हटाया है तो फिर सभी नवगठित जिलो को हटाना चाहिए था। केकडी जिला तो हर मापदण्ड पर खरा उतर रहा था, फिर केकड़ी जिले को क्यों खत्म किया गया? सरकार को समझना चाहिए कि जिला हटाने से आमजन की कितनी परेशानी बढी है। धरना स्थल पर वरिष्ठ अधिवक्ता सलीम गौरी व बार के पूर्व महासचिव विशाल राजपुरोहित ने शेर-ओ-शायरी व गीत-गजलों के माध्यम से सरकार के रवैये पर कटाक्ष करते हुए



अधिवक्ताओ की हौंसला अफजाई की तथा कहा कि सरकार के खिलाफ इस संघर्ष में अधिवक्ता झुकेगा नहीं। धरना स्थल पर बार अध्यक्ष डॉ मनोज आहूजा, महासचिव मुकेश शर्मा, उपाध्यक्ष शिवप्रसाद पाराशर, भिनाय बार अध्यक्ष शिवचरण चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता मगनलाल लोधा, प्रहलाद चौधरी, हेमराज कानावत, मुकेश शर्मा, सूर्यकान्त दाधीच, अनुराग पाण्डेय, अशोक पालीवाल, गजराज सिंह कानावत, रामावतार मीणा, शिवप्रताप सिंह, लोकेश शर्मा, केसरलाल चौधरी, सुरेन्द्र सिंह धन्नावत, आशुतोष शर्मा, डीएल वर्मा, लक्ष्मीकान्त मीणा, सांवरलाल चौधरी, हनुमान शर्मा, शैलेन्द्र सिंह देवडा, दिनेश पारीक, बुद्धिप्रकाश चौधरी, धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ सहित बड़ी संख्या में वकील व मुंशी मौजूद रहे।

# चंडालिया परिवार द्वारा मरणोपरांत नेत्रदान



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ द्वारा बुधवार 15 जनवरी शाम को चित्तौडगढ़ प्रतापनगर निवासी रतन देवी धर्मपत्नी स्व. रोशन लाल चंडालिया के जैन धार्मिक परम्परा संथारा सीजने के पश्चात् आकस्मिक निधन होने पर दत्तक पुत्र निर्मल रांका, परिवारजन देवेंद्र रांका, सुजान रांका, अशोक रांका, समाजजन रोशन लोढ़ा, सोहन पोखरना, सुरेश डांगी, गणपत डागलिया, सुनील छाजेड़ एवं अन्य की उपस्थिती मे महावीर इंटरनेशनल के नेत्रदान प्रकल्प प्रभारी नवनीत मोदी एवम प्रकाश पोखरना के माध्यम से संस्था के पारस पोखरना, अनिल पोखरना, अभय संजेती की मोजुदगी में कॉर्निया का उत्सर्जन कर नेत्रदान संपन्न करवाया। नेत्र कॉर्निया उत्सर्जन का कार्य डॉ प्रतिष्ठा छीपा के निर्देशन में उत्सर्जन विशेषज्ञ महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय के वसीम खान एवं राहुल गर्ग ने सम्पन्न किया। प्राप्त दोनो कॉर्निया आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान जयपुर को भेजे गए जिससे अंधत्व का दंश झेल रहे दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को अविलंब आंखों की ज्योति प्राप्त होगी।

# 51 किलो 760 ग्राम डोडा-चूरा बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** भीलवाड़ा डीएसटी टीम और सदर थाना पुलिस ने कार से 51 किलो 760 ग्राम डोडा-चूरा बरामद कर दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार, सदर थाना अधिकारी उगमाराम को डीएसटी टीम प्रभारी अयूब मोहम्मद ने बताया कि वे, कोटा रोड रुपाहेली चौराहे के आस-पास गश्त कर रहे थे, तभी एक संदिग्ध सफेद कार सवाईपुर की ओर से आती नजर आई। कार को रोकना चाहा, लेकिन नहीं रुकी। कार, कोटड़ी चौराहा से भीलवाड़ा की ओर गई है। कार को रोका जाये, इस सूचना पर थाना अधिकारी ने थाने के सामने नाकाबंदी कर बेरिकेडस लगाये। इस दौरान यह कार तेजगति से आई, जिसे पुलिस ने रोकना चाहा तो चालक ने कार को भगाने का प्रयास किया, जिस पर पुलिस ने कार के शीशे पर डंडा मारा, जिससे शीशा टूट गया। बेरिकेडस लगे होने से चालक ने कार को रोक दिया। पुलिस ने कार सवार दो लोगों से पूछताछ की तो चालक ने खुद को जैसलमेर जिले के आसनोई निवासी भंवरलाल (24) पुत्र गणपत राम दर्जी व उसके साथी ने खुद को बाड़मेर जिले के डोली निवासी सुनील (24) पुत्र भप्पाराम विश्नोई होना बताया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें दो प्लास्टिक कट्टों में भरा 51 किलो 760 ग्राम डोडा-चूरा बरामद हुआ जिसे पुलिस ने कार सहित जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार से दो खुली हुई रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेटें भी जब्त की है। आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर गहनता से पूछताछ की जा रही है।

# मुख्यमंत्री कौशल विश्वास योजना : युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की नई पहल

बढ़ता राजस्थान

**अंता/बारां ( नि.स. )।** बारां राज्य सरकार ने युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कौशल विश्वास योजना के तहत युवाओं को विभिन्न व्यावसायिक और तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपने कौशल का विकास कर बेहतर रोजगार या स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। योजना का उद्देश्य राज्य के युवाओं को नई तकनीकों, डिजिटल कौशल, और अन्य उद्योगों की मांग के अनुसार तैयार करना है।

**योजना के तहत मुख्य रूप से निःशुल्क प्रशिक्षण :** युवाओं को सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थानों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्टाइपेंड प्रशिक्षण के दौरान चयनित युवाओं को वित्तीय सहायता के रूप में स्टाइपेंड दिया जाएगा।

**जॉब प्लेसमेंट :** प्रशिक्षण के बाद युवाओं को नौकरी के लिए मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की जाएगी।

**महिलाओं और दिव्यांगजनों को प्राथमिकता :** योजना के तहत महिलाओं और दिव्यांगजनों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा।

यह पहल न केवल युवाओं को रोजगार के लिए सक्षम बनाएगी, बल्कि राज्य के आर्थिक विकास में भी योगदान देगी। हमारा उद्देश्य है कि हर युवा आत्मनिर्भर बने और अपने परिवार का सहारा बने। योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया को सरल और डिजिटल बनाया गया है। इच्छुक उम्मीदवार सरकारी पोर्टल पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। यह योजना युवाओं में विश्वास जगाने और उन्हें सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पुलिस महकमे मे बड़ी मात्रा में फेरबदल, भवानी सिंह होंगे नये शहर कोतवाल

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** पुलिस अधीक्षक मे बुधवार दर रात्रि को स्थानांतरण सूचियों को जारी कर पुलिस महकमे मे बड़ा फेरबदल किया हैं। दूसरे जिलो से आयें पुलिस निरीक्षकों के भी स्थानापन्न आदेश जारी किये गये है। अब भवानी सिंह चौहान चित्तौड़ कोतवाली के प्रभारी होंगे।जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बुधवार देर रात्रि को जिला पुलिस महकमे की तबादला सूची जारी की। इन सूचियों मे 20 उप निरीक्षक, 101 सहायक उप निरीक्षक, 45 हैड कांस्टेबल व 246 कांस्टेबल को इधर उधर किया गया है। अन्य जिलों से आये पुलिस निरीक्षकों को भी पद स्थापित करते हुए 16 पुलिस निरीक्षकों कि सूची जारी की गई है। अब भवानी सिंह चौहान चित्तौड़ शहर कोतवाली, निरंजन प्रताप सिंह चित्तौड़ सदर, सुनीता गुर्जर चंदेरिआ, चंद्राज्योति शर्मा महिला थाना, शिवलाल मीना बेगू, हरिश राठौड़ साइबर थाना, मदन लाल खटीक यातायात थाना के प्रभारी होंगे। जल्द ही एक संशोधित सूची के भी जारी होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

बढ़ता राजस्थान

**अंता/बारां ( शफीक मंसूरी )।** आम जन की समस्याओं के निराकरण के लिए 16 जनवरी 2025 (तृतीय गुरुवार) को जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई विडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से राजीव गांधी सेवा केंद्र, मिनी सचिवालय परिसर में प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे एवं उपखण्ड स्तरीय अधिकारी विडियो कॉफेसिंग से जुड़ेगे।

# 17 रेलकर्मी विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** मुम्बई के यशवंत राव चाव्हान प्रतिष्ठान मुम्बई में पश्चिम रेलवे चर्च गेट कार्यालय द्वारा 69वां रेल सप्ताह विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे अशोक कुमार मिश्र द्वारा पश्चिम रेलवे के विभिन्न मंडलों, उत्पादन एवं निर्माण इकाइयों के कुल 92 अधिकारियों एवं कर्मचारियों जिसमें रतलाम मंडल के तीन अधिकारियों सहित 17 रेल कर्मियों को वर्ष 2024 में अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए एफिसियंसी मेडल एवं मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे द्वारा पुरस्कृत होने वालों में रतलाम मंडल के अधिकारियों में अंकित सोमानी वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, श्रीमती अरिमा भटनागर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, सुश्री दिव्या पारीक मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर एवं कर्मचारियों में मुकेश कुमार मुख्य जनसंपर्क निरीक्षक जनसंपर्क विभाग, राजेन्द्र सेन वरिष्ठ अनुवादक राजभाषा विभाग, रामेश्वर मीना कॉमर्शियल कम टिकट क्लर्क वाणिज्य विभाग, संदीप कुमार वरिष्ठ खंड अभियंता बिजली विभाग/दाहोद, अमित चौहान तकनीशियन ग्रेड-3 बिजली विभाग, सत्यजीत स्वेन वरिष्ठ खंड अभियंता पी वे निर्माण विभाग, निर्वेश गौड कनिष्ठ अभियंता निर्माण विभाग, अनिल लक्षकार ट्रैक मेंटेनर-द्वितीय इंजीनियरिंग विभाग, देवीदास थावरे सीनियर टेकनिशियन यांत्रिक विभाग, संजीव कुमार केमिकल एवं मेटलर्जिकल असिस्टेंट मेकेनिकल विभाग दाहोद, सुनील कुमार वरिष्ठ खंड अभियंता (सिगनल) संकेत एवं दूरसंचार विभाग, हरेन्द्र कुमार कांस्टेबल सुरक्षा विभाग, शिवम गोस्वामी डीएमएस स्टोर विभाग दाहोद, जगराम मीना सीडीएमएस स्टोर विभाग दाहोद शामिल हैं। विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार मिलने पर मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने उपरोक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए सभी अधिकारियो एवं कर्मचारियों से अपील की है कि वो अपने अपने क्षेत्र के कार्यों को पूरी तन्मयता एवं कर्मठता के साथ करें ताकि मंडल के अधिक से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियो को मंडल, जोनल एवं रेलवे बोर्ड स्तर पर सम्मान प्राप्त हो तथा रतलाम मंडल सतत विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहे।

# फिट इंडिया प्रोग्राम का अनुसरण करते हुए विधायक आक्या ने की पहल



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया प्रोग्राम का अनुसरण करते हुए चित्तौड़ में भी विधायक चंद्रभान सिंह आक्या की प्रेरणा से मॉर्निंग वॉक क्लब के सदस्यों में एक अलग प्रतिस्पर्धा आयोजित की। कुछ सदस्यों को वजन कम करने की प्रतियोगिता रखी गई जिसमें पांच सदस्यों ने अपना वजन 5 किलो से ज्यादा काम किया और एक सदस्य ने 3 किलो वजन कम किया। मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष गोपाल जाजू ने बताया कि क्लब के नवीन पटवारी ने 7 किलो 600, ग्राम राजू तोलंबिया ने 7 किलो, अनिल सुराणा ने 6 किलो 400 ग्राम, शैलेंद्र झंवर ने 6 किलो 100 ग्राम, अखिलेश भराड़िया ने 4 किलो 300 ग्राम एवं भोलाराम प्रजापत ने 3 किलो वजन कम किया। विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इन सदस्यों से प्रेरणा लेकर क्लब के बाकी सदस्य एवं आमजन अपने आपको चुस्त तंदुरुस्त रखने का प्रयास करेंगे।

# रोटरी के आगामी सत्र 2025-26 के लिये ऋतुराज दाधीच को अध्यक्ष एवं रोटे. जगदीश मंत्री को सचिव चुना



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** शहर के विकास नगर स्थित रोटरी सभागार में रोटरी क्लब की साधारण बैठक बुधवार शाम को आयोजित हुई । क्लब अध्यक्ष महेश पाटोदी ने बताया कि क्लब की नियमित साप्ताहित बैठक में आगामी सत्र 2025-26 के लिये रोटरी क्लब के अध्यक्ष पर के लिये रोटेरियन ऋजुराज दाधीच एवं सचिव पद के लिये रोटेरियन जगदीश मंत्री को उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से चुना गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव दोनों ने क्लब सदस्यों द्वारा दी गई इस नवीन जिम्मेदारी को सहर्श स्वीकार करते हुये कहा कि वर्षों से उत्कृष्ट सेवा करने वाले इस बून्दी क्लब को हम अपने सभी सदस्यों के साथ मिलकर वर्षभर अच्छे समाजोपयोगी कार्य करते हुए आगे बढ़ायेंगें। आने वाला सत्र भी इस सत्र की भांति ही सुन्दर होगा। सभी क्लब सदस्यों द्वारा नव निर्वाचित अध्यक्ष, सचिव का माल्यार्पण करके मुंह मीठा कराकर अभिनन्दन किया। बैठक में सुरेश जागेटिया सचिव, धनश्याम जोशी सहा0 प्रान्तपाल, लक्ष्मी चंद गुप्ता चन्द्रप्रकाश दौराश्री, त्रिलोचन्द जैन, हाशम भाई, महेन्द्र जैन ने अपने विचार व्यक्त किये । इस दौरान सत्यप्रकाश मोजी नुवाल, नारायण झंवर, सुरेश दाखेड़ा, लोकेश ठाकुर, जितेन्द्र छाबड़ा, निखिल मूलचन्दानी, प्रेमप्रकाश एवरग्रीन, मौजूद रहे ।

# चौधरी नोटेरी पब्लिक नियुक्त, अधिवक्ताओ ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** भारत सरकार के विधि विभाग ने केकडी बार के सदस्य अधिवक्ता सांवरलाल चौधरी को नोटेरी पब्लिक नियुक्त किया है। अधिवक्ता सांवरलाल चौधरी के नोटेरी पब्लिक बनने पर स्थानीय अधिवक्ताओं ने खुशी जाहिर की तथा अधिवक्ता सांवरलाल चौधरी का माल्यार्पण व साफा बांधकर अभिनन्दन किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अधिवक्ता सांवरलाल चौधरी ने साथी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि वे



निर्धन, असहाय व्यक्तियो के लिए निःशुल्क नोटेरी करेंगे। इस मौके पर अधिवक्ता हनुमान प्रसाद शर्मा, लोकेश शर्मा, सुनील जैन, केसरलाल चौधरी, शिवप्रकाश चौधरी, आशा पाराशर आदि मौजूद थे।

# राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**अंता बारां ( शफीक मंसूरी )।** बारां महिला अधिकारिता सहायक निदेशक शिशपाल चालिया ने बताया कि 15 जनवरी बुधवार को बालिकाओ, महिलाओ की शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को बढावा देने के उद्देश्य से बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के तहत महिला अधिकारिता विभाग द्वारा नवाचार के रूप में, राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के तहत जिले में उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में उपजिला कलक्टर अभिमन्यु सिंह कुंतल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महिला अधिकारिता सहायक निदेशक चालिया द्वारा पधारे समस्त अतिथिगणो का



स्वागत समारोह आयोजित कर सभी का अभिनंदन किया गया, तत्पश्चात् कार्यक्रम का आरंभ जुड़वां नवजात बालिकाओं रिद्धि-सिद्धि के जन्मोत्सव कार्यक्रम, मुख्य अतिथि उपजिला कलक्टर कुंतल द्वारा किया गया। उपजिला कलक्टर द्वारा यत्र नार्यस्तु पुजयन्ते तत्र रमन्ते देवताः श्लोक प्रस्तुति के साथ महिला शिक्षा एवं सशक्तिकरण पर उद्बोधन दिया एवं बताया कि सशक्त महिला ही समाज की धूरी है, बिना महिला समाज की कोई कल्पना नही की जा सकती है। इस कार्यकम में मुख्य भूमिका में वितरण कार्यक्रम एवं संवाद कार्यशालाएं रहे, इस अवसर पर जिले के समस्त महिला जनप्रतिनिधिगण एवं समाज सेविकाओं द्वारा नवजात बालिकाओं को बेबी किट वितरण किए गए एवं काली बाई भील उडान योजना निःशुल्क सेनेटरी नेपकिन योजनांतर्गत सेनेटरी नेपकिन महिला जनप्रतिनिधिगण द्वारा दिए। साथ ही कार्यक्रम में पधारे समस्त प्रतिभागियों को अल्पाहार एवं भोजन वितरण व्यवस्था उपरांत कार्यक्रम के आगामी चरण में उपस्थित महिला जनप्रतिनिधिगण को विभाग की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए और मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य कार्यशाला में राजकीय जिला चिकित्सा, बारां से पधारे विशेषज्ञ डॉ. संतोष डडवारिया, डॉ. प्रविंदा मीणा व डॉ. नीरज शर्मा द्वारा बारी बारी से स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर आवश्यक जानकारी एवं संवाद किया गया ।

# सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में मनाया सेना दिवस

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** सैनिक स्कूल में 77वां सेना दिवस स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया, उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पारुल श्रीवास्तव एवं प्रशासनिक अधिकारी मेजर सी श्रीकुमार के निर्देशन में धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के शंकर मेनन सभागार में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया थे। स्कूल के जनसंपर्क अधिकारी बाबू लाल शिवरान ने बताया कि भारतीय सेना दिवस की 77वी वर्षगांठ पर आयोजित सभा में मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिय ने कहा कि हमारे सैनिक अपने कर्तव्यों के प्रति अडिग निष्ठा रखते हुए कठिनतम परिस्थितियों में भी देश की सेवा करते हैं। यह वही सेना है जिसने न केवल सीमाओं पर हमारे देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाई है बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के समय में भी लोगों की मदद की है। उनके अदम्य साहस और समर्पण से हम प्रेरित होते हैं और हमारे हौसले को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। आज के इस अवसर पर, हम उन महान वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने अपनी जान की आहुति दी ताकि हम सुरक्षित रह सकें। उनके बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। हमें उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर



अपने देश के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। उन्होंने सभी कैडेट्स से कहा की आप सभी भी अपने आत्मविश्वास और अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदारी से हमेशा समर्पित रहें। कैडेट जितेन्द्र यादव ने भारतीय सेना के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर भारतीय सेना के इतिहास, भारतीय सेना में शामिल विभिन्न प्रकार के लड़ाकू टैंक एवं भारतीय सेना के द्वारा लड़े गए कारगिल युद्ध, आपरेशन मेघदूत, उरी सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में विस्तार से बताया गया। भारतीय सेना में प्रवेश प्रक्रिया, सेना के विभिन्न विभागों एवं भारतीय सेना के द्वारा किये गए कार्यो से भी अवगत कराया। कैडेट्स को भारतीय सेना पर आधारित एक शार्ट डॉक्यूमैन्ट्री भी दिखाई। इस अवसर पर स्कूल के समस्त स्टाफ एवं छात्र उपस्थित थे ।

# एडीएम कोर्ट से संबंधित मामलों की सुनवाई व निस्तारण के लिए केकड़ी को दिया पांच तहसीलों का क्षेत्राधिकार

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** राज्य सरकार द्वारा केकड़ी से जिले का दर्जा वापस लेने का बाद लगातार एक के बाद एक चल रही जिला स्तरीय दफ्तरों के यहां से स्थानांतरण की प्रक्रिया के बीच थोड़ी राहत भरी खबर भी आई है। अजमेर जिला कलक्टर लोक बंधु द्वारा जारी एक आदेश के मुताबिक अतिरिक्त जिला कलक्टर केकड़ी व अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट केकड़ी को पांच तहसीलों के राजस्व अपील के मामले एवं राजस्व संबंधित अन्य प्रार्थना पत्रों की सुनवाई व निस्तारण का क्षेत्राधिकार प्रदान किया गया है। इन तहसीलों में केकड़ी सहित सरवाड़, सावर, भिनाय व टांटोती तहसील शामिल की गई है। उल्लेखनीय है कि जिला हटने के बाद अधिवक्ताओं में न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट केकड़ी से सम्बंधित मामले भी अजमेर स्थानांतरित होने की आशंका व्याप्त थी। जिसके चलते बार एसोसिएशन केकड़ी द्वारा गत दिनों ज्ञापन देकर यह न्यायालय केकड़ी में ही कायम रखने की मांग की गई थी।

## विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ टीम ने जरूरतमंद परिवारों को वितरित किये गर्म वस्त्र



बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ द्वारा झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को गर्म कपड़े वितरित कर सर्दी से बचाने की सराहनीय पहल की हैं। विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ द्वारा सत्य सनातन के सर्वश्रेष्ठ दिन विप्र महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्या प्रभा पारीक की अगुवाई व महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजू दाधीच के नेतृत्व में वरिष्ठ उपाध्यक्ष गायत्री भोजक, उपाध्यक्ष प्रेमलता सारस्वत व उमा भोजक, महामंत्री अंजना भोजक के सानिध्य में महिला प्रकोष्ठ ने सर्दी से बचाव करने के लिए जरूरतमंद लोगों को बस्ती में जाकर गर्म वस्त्र व खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। सेवा के इस कार्य में कनक भोजक एवं सरिता शर्मा सहित सभी महिलाओं का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा ने बताया कि विप्र फाउंडेशन हर एक सामाजिक स्तर पर अपने दायित्व का निर्वहन कर रहा है। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र ने बताया की सभी के साथ सहयोग, विश्वास ओर समर्पण भावना से विप्र फाउंडेशन का कारवां दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है।

# विद्यार्थी भविष्य में मॉडल को असली रूप देकर समाज व राष्ट्र की सेवा करें : मलिक

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र के कोटपूतली रोड स्थित आरसीआई शिक्षा ग्रुप के प्रांगण में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन हुआ। आयोजन में 217 विद्यार्थियों ने अपने-अपने टैलेंट के आधार पर अलग-अलग मॉडल का प्रदर्शन किया। इन सभी मॉडल में से अतिथियों तथा निर्णायक मंडल की ओर से प्रथम तीन विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। दीक्षित यादव कक्षा 9 सोलर इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर बनाकर तथा अनुष्का स्वामी कक्षा 7 वायु तथा जल प्रदूषण रोकने के तरीके दर्शाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार तमन्ना सैनी ने सोलर का घर बनाकर और अदिति जांगिड़ कक्षा 11कला वर्ग ने पवन चक्की का शानदार मॉडल बनाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही मोहित सैनी ने मानव हार्ट का वर्किंग मॉडल बनाकर तथा वेदांत योगी कक्षा 6ने स्मार्ट सिटी दर्शाकर दोनों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि बानसूर थाना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार मलिक ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल को आगे चलकर वास्तविक रूप देकर समाज तथा देश को विज्ञान के क्षेत्र में आगे ले जाने की बात कही। उन्होंने इस मौके पर सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारियां भी विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति प्रधान सुमन सुभाष यादव ने की।यादव ने विद्यार्थियों के मॉडल का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा वर्किंग मॉडल की विस्तृत जानकारियां प्राप्त की। राज कोचिंग से राजकुमार, राव आईटीआई से राव राजेंद्र, कोचिंग डिफेंस यूनियन के संरक्षक रामगोपाल यादव, योगेश कुमार बहराम का बास, राम रतन, पुलिस थाना बानसूर से प्रकाश कुमार, गोपेश कुमार , मौजूद रहे।वहीं कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के निदेशक डॉक्टर विजय कुमार ने अतिथियों को माला तथा आरसीआई का प्रतीक पहनाकर स्वागत किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रामगोपाल यादव ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को आगे प्रैक्टिकल रूप से बढ़ाने की बात कही। राव राजेंद्र ने सीखने की आदत पढ़ने की बजाय प्रैक्टिकल से ज्यादा होती है यह बात कहते हुए विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल रूप से सीखाने के लिए विद्यालय प्रशासन की तथा स्टाफ की सराहना की। राजकुमार यादव ने विद्यार्थियों तथा स्टाफ को बधाई देते हुए विद्यार्थियों तथा विद्यालय परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय निदेशक डॉ विजय कुमार ने स्वागत भाषण के दौरान सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को क्रिएटिव एजुकेशन के साथ आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने बताया कि हमारे यहां विद्यार्थियों को रटने की शिक्षा से दूर करते हुए वास्तविक तथा प्रैक्टिकल आधारित विज्ञान के पहलुओं पर ध्यान रखते हुए शिक्षा देने की बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों के मॉडल को डिजिटल लॉकर में सेव करके आने वाले समय में छोटे वैज्ञानिक तैयार करने के लिए प्रयास करने की बात कही। उन्होंने समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थियों को उनकी मेहनत वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा प्रैक्टिकल आधारित शिक्षा के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य लक्ष्मण प्रसाद सैनी, प्रधानाचार्या नम्रता खुल्लर, उप प्रधानाचार्य रवि जांगिड़ तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# गौ,नन्दी सेवा मानव जीवन का सबसे बड़ा पुण्य-संत शिरोमणि मेवाड़ महामंडलेश्वर सीताराम दास महाराज

### श्री पंचमुखी हनुमान नंदी गौशाला तत्कालीन राजस्थान प्रदेश की दूसरी स्थापित नंदी गौशाला जहां होती है, नंदी की भगवान जैसी सेवा समय समय पर होते है, नंदी गौशाला में कई अनूठे कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** आमेट तहसील की ग्राम पंचायत आगरिया में स्थित सरदारपुरा भगवानपुरा रोड आगरिया में स्थापित श्री पंचमुखी हनुमान नंदी गौशाला में विगत 6 वर्षों से नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घूमती , निराश्रित गौमाता व नन्दीबेल की देखभाल करते हुए यह गौशाला ने नए आयाम स्थापित किये है।पिछले कुछ वर्षों में ही इस गौशाला के कार्यो व गौसेवा के प्रति समर्पित गौशाला समिति के सदस्यों द्वारा अध्यक्ष महामंडलेश्वर संत सीताराम दास की देखरेख में गौ,नन्दी सेवा से अनेक गौवंशो को नया जीवन मिला है।वही नगर सहित अनेक ग्रामीण क्षेत्रों से भी अनेक समाजसेवी,गौभक्तो द्वारा दिल खोलकर की गई गौसेवा में जीवन के अर्थ को समर्पित करते हूए इस गौशाला को व्यवस्थित रूप से चलाने में बड़ी मदद की गई है।इन्ही गौभक्त भामाशाह के द्वारा की गई आर्थिक सहायता से इस गौशाला में अनेक प्रकार के निर्माण कार्य करवाये गए जिससे गौ,नन्दी की देखभाल करने में सहायता मिली है।गौशाला समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन गौ माता के लिए विभिन्न प्रकार के खाद्यान्न सामग्री के साथ ही देसी घी की लापसी, गुड़, हरा रिजका इत्यादि गौ,नन्दी को खिलाया जाता है।समय समय पर गौ चिकित्सको के द्वारा समस्त गौवंशो की मेडिकल जाँच व इलाज के साथ उचित देखभाल की जा रही है।

**गौशाला का इतिहास :** श्री पंचमुखी नन्दी गौशाला तत्कालीन में राजस्थान प्रदेश की दूसरी नन्दी गौशाला है।इसका निर्माण 23 अप्रैल 2018 को भूमि पूजन का आयोजन हुआ। महामंडलेश्वर संत श्री सीताराम दास, ज्ञानानंद महाराज खमनोर, संत दास महाराज झड़ोल, मदन मोहन दास महाराज रायपुर साध्वी आराधना गोपाल सरस्वती , निष्ठा गोपाल सरस्वती एवं चारू गोपाल सरस्वती गोपाल परिवार प्रदेश के साधु, संतों की मंगलमय उपस्थित व कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ,समाजसेवी श्याम सिंह राठौड़ ,कौशल गोड़,मनोज पारीक सहित सैकड़ो की संख्या में गौभक्त उपस्थित थे। 15 दिसम्बर 24 को को गौ संत आशीर्वाद समारोह का आयोजन हुआ जिसमें राजस्थान गौसेवा समिति जिला शाखा राजसमंद जयपुर जिला अध्यक्ष जेठु सिंह राजपुरोहित के द्वारा उनकी पुत्री के विवाह उपरांत एक भव्य गौ आशीर्वाद समारोह रखा गया। इस आशीर्वाद समारोह में भेंट, उपहार खोल की राशि 1लाख 55 हजारे रुपये गौसेवा में समर्पित कर नया आयाम स्थापित किया। ये जानकारी गौ जिला प्रवक्ता माधव सिंह पंवार राजस्थान गौसेवा समिति जिला शाखा राजसमंद जयपुर ने दी।

# प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न







बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय) ।** क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह गुरुवार को एक भव्य समारोह के रूप में आयोजित किया गया समारोह के मुख्य अतिथि गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बैडम एवं अध्यक्षता पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा गिरधारी तिवारी ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में होटल व्यावसायिक जगजीत सिंह गिल, अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग के एशियाई सिल्वर मेडलिस्ट रहे दीपक शर्मा व राजस्थान क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव सोमेंद्र तिवारी रहे तथा समारोह में मुख्य आकर्षण के रूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर दीपक चाहर और रवि बिश्नोई वं पूर्व अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट विकेटकीपर सुरेंद्र खन्ना रहे इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहर सिंह बैडम द्वारा जिले का नाम राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाले 14 पुरुष व महिला खिलाड़ियों का सम्मान किया गया अतिथियों द्वारा वर्ष 2024 सत्र में अंडर-19 और अंडर-16 में राजस्थान में उप विजेता रही टीमों के सभी सदस्यों को भी सम्मान किया गया एवं हाल ही में राजस्थान सॉफ्टबाल संघ के सचिव बने राजवीर सिंह का भी सम्मान डीसीए द्वारा किया गया समारोह के दौरान में जिला संघ के सचिव शत्रुघन तिवारी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और संघ द्वारा पूर्व में की गई उपलब्धियां को सभी को बताई तथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी दीपक चाहर और रवि बिश्नोई द्वारा संघ के सचिव शत्रुघन तिवारी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि भरतपुर जैसे छोटे जिले से क्रिकेट खेल में अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय स्तर की प्रतिमा देने का काम अपने अपने आप में एक बड़ी बात है दोनों खिलाड़ियों ने कहा कि जिला संघ के सचिव शत्रुघन तिवारी द्वारा 1 साल में 14 बच्चों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना कोई छोटी बात नहीं है उन्होंने खिलाड़ियों में एक बड़ी ऊर्जा उत्पन्न की है और वह खुद प्रत्येक खिलाड़ी की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं समारोह में जिला संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह, उपाध्यक्ष विष्णु लोहिया ,संयुक्त सचिव अरुण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुनेंद्र तिवारी ,सदस्य नीरज शर्मा,पवन कौनते,उत्तम शर्मा, त्रिलोकीनाथ शर्मा, अमित सिंह,मनोज शर्मा, बीनू सिंह, राजकुमार जैन, अमृत भारद्वाज, देवेंद्र सिंह कालू, रूपेंद्र मोहन दीपू चौकी पूरा, मोहन मित्तल एवं वरिष्ठ खेल पत्रकार संजीव चिनिया उपस्थित रहे।

## आईमाता कम्प्यूटर क्लासेज़ ने किया नवचयनितो का स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**जालोर ( नि.स. )।** जिले के सायला में पावा आईमाता कम्प्यूटर क्लासेज़ एण्ड एजुकेशन सेंटर द्वारा गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पद पर चयनित हुए अभ्यर्थियों हेतु संस्थान् द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दुदाराम देवासी भाचुँदा व प्रवीण चौधरी पावा के ष्ट।ह्व पद पर चयनित होने पर संस्थान द्वारा खुशी जताई गई जिसमें संस्थान की व्यवस्थापिका ज्योति एवं कार्यालय सहायक आशा द्वारा तिलक व फूल माला से स्वागत किया गया तथा संस्थान के संचालक धन्नाराम चौधरी द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी महानुभावो के कर कमलों द्वारा चयनित हुए अभ्यर्थियों का माल्यार्पण कर आर्शीवाद दिया गया। इस अवसर पर कैलाश माली, दिनेश दादालिया, दानाराम देवासी, चेनाराम देवासी, रविंद्रसिंह अणदाराम चुँडावत साथ ही आंगनवाडी कार्यकर्त्ता और शिक्षिकाओं एवं परीक्षार्थियों की मौजुदगी रही।

## रोटी बैंक बानसूर द्वारा विशेष योग्यजन बालकों को कम्बल किए गए वितरित

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित रोटी बैंक बानसूर के द्वारा परमार्थ दिव्यांग एवं जनकल्याण संस्थान अलवर में रहने वाले बच्चों को कंबल वितरित किए गए।रोटी बैंक संचालक आर सी यादव ने बताया कि अलवर में दिव्यांग संस्था का आवासीय विद्यालय चलता है।जिसमे बौद्धिक दिव्यांग,श्रवणबाधित, प्रमस्तिष्क अंगघात,दृष्टिबाधित बच्चे रहते है ,जिनको सर्दी से बचने के लिए संस्था में रहने वाले सभी दिव्यांग बच्चों को कंबल दिए गए। संस्था के अध्यक्ष अशोक नगर ने बताया की हमारी संस्था में कोई भी व्यक्ति समाज में रहने वाले मानसिक विमंधित को भेज सकता है।जिसका रहना,खाना व पढ़ाई का खर्चा संस्था वहन करती है।ये संस्था जनसहयोग से चलती है जिसमे सभी कर्मचारी दिव्यांग है।संस्था के अध्यक्ष नगर स्वयं भी दोनों पैरो से दिव्यांग है।

## केंद्रीय विद्यालय जवाहर नवोदय चयन परीक्षा 18 जनवरी को

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी पारिख। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एवं परीक्षा केंद्राधीक्षक देवेंद्र पाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रवेश परीक्षा जवाहर नवोदय केंदीय विद्यालय में कक्षा 6 के प्रवेश हेतु आयोजित की जाती है। परीक्षा निवाई ब्लॉक में पी एम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में एवम् राजकीय विवेकानंद मॉडल स्कूल निवाई में आयोजित होगी जिसमें क्रमांक 2724082 से 2724369 तक कुल 288 परीक्षार्थी पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में एवम् क्रमांक 2724370 से 2724547 तक कुल 178 परीक्षार्थी विवेकानंद राजकीय मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय में उक्त परीक्षा देंगे।

## फेसबुक विज्ञापन के जरिए ठगी करने वाले दो ठगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** शहर की सदर थाना पुलिस ने फेसबुक विज्ञापन के जरिए ठगी करने वाले दो ठगों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों ठग फेसबुक पर पेपरकप का फर्जी विज्ञापन देकर लाखों की ठगी को अंजाम दे चुके थे। जानकारी के अनुसार, पुलिस मुख्यालय की ओर से चलाये जा रहे साइबर शील्ड अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के आदेश से प्रतिबिंब पोर्टल पर प्राप्त संदिग्ध मोबाइल के सिम धारक के खिलाफ शिकायत पर कार्रवाई के लिए सदर थाने की टीम गठित की। टीम ने सिम धारक के एड्रेस मकान नंबर 42 काशी विहार कॉलोनी हलेड रोड भीलवाडा पर दबिश दी। इस मकान पर गढ़ के पास गढ़वर, मालपुरा टोंक निवासी राजवीर सिंह (30) पुत्र भवानी सिंह खंगारोत व बदनपुरा, काछोला निवासी नरेन्द्र सिंह (30) पुत्र भगवान सिंह शक्तावत मिलें । इनके कब्जे से पुलिस ने 7 मोबाइल फोन व 4 सिम कार्ड बरामद किये। इनका विश्लेषण करने पर दोनों युवकों द्वारा अलग अलग फेसबुक पर पोस्ट एवं स्टोरी के जरीये हॉलसेल रेट पर डिस्पोजल पेपर कप उपलब्ध होने के विज्ञापन पोस्ट कर लोगो से राशि ठगी की जा रही है।

# मेवाड़ निर्माता कीर्तिपुरुष महाराणा कुम्भा की पावन जन्मभूमि मेवाड़ का एक गौरवशाली तीर्थ है : शेखावत

### महाराणा कुम्भा ने युद्धभूमि में विजयगाथाओं के साथ, साहित्य, कला, संगीत और संस्कृति क्षेत्र में नये कीर्तिमान रचे

बढ़ता राजस्थान






**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** महाराणा कुम्भा जन्मभूमि सेवा समिति के द्वारा महाराणा कुम्भा की 608वीं जयंती पर मेवाड़ महाकुम्भ - 2 के तहत मदारिया (माल्यावास) में विराट महासभा का आयोजन मदारिया स्टेडियम में किया गया । कार्यक्रम में अलंकृत मंच पर सन्त सानिध्य श्री श्री 1008 महंत सुरेश दास महाराज अंतरराष्ट्रीय तीर्थ श्री सवाई भोज, देव नारायण मंदिर आसींद, मुख्य अतिथि दामोदर अग्रवाल सांसद भीलवाड़ा, विशिष्ट अतिथि भीम विधायक हरि सिंह रावत, सुरेन्द्र सिंह जी राठौड़ विधायक कुम्भलगढ़, सम्मानित अतिथि में डॉ. ओमेन्द्र जी रत्नू सर्जन एवं संस्थापक, धर्मांश फाउण्डेशन, जयपुर, जय आहुजा हिन्दु विचारक एवं समाजसेवी, जयपुर, डॉ. लक्ष्मण प्रजापत, हृदय रोग विशेषज्ञ एवं हिन्दु विचारक पिट्सबर्ग, अमेरिका, मिनाक्षी आहुजा अध्यक्ष निमित्तेकम, जयपुर बाईसा संगीता चौहान, उपाध्यक्ष, जौहर स्मृति संस्थान, प्रेरक उपस्थिति रावत वीरभद्र सिंह, देवगढ़, रावत जयवर्द्धन सिंह, कुंवर मयूरध्वज सिंह, देव श्री देवगढ़ से महाधृति सिंह, महाराणा कुम्भा जन्मभूमि सेवा समिति के अध्यक्ष नारायण उपाध्याय, समिति संरक्षक अमर सिंह चुण्डावत लसानी, रिटायर्ड डीआईजी बीएसएफ चन्द्रप्रकाश त्रिवेदी, कोमोडोर शौर्य चक्र विजेता किशन सिंह चुंडावत, नगर पालिका अध्यक्ष शोभा लाल रेगर, सरपंच अम्बालाल गुर्जर की गरिमामय उपस्थिति मंच पर रही। मीडिया प्रभारी रमेश कुमार कंसारा ने बताया की सर्वप्रथम अथितियो ने माँ चामुंडा माता मंदिर के दर्शन कर महाराणा कुम्भा पेनोरमा का भ्रमण किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अथितियो ने महाराणा कुम्भा की छवि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर किया। समिति सदस्यों ने सभी का इकलाई और प्रतिक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने ऑनलाइन अपना उद्बोधन देते कहा मेवाड़ निर्माता कीर्तिपुरुष महाराणा कुम्भा की पावन जन्मभूमि मेवाड़ का एक गौरवशाली तीर्थ है महाराणा कुम्भा ने युद्धभूमि में विजयगाथाओं के साथ, साहित्य, कला, संगीत और संस्कृति क्षेत्र में नये कीर्तिमान रचे मेवाड़ के संस्थापक कीर्ति कलश महाराणा कुम्भा का कार्यकाल मेवाड़ के इतिहास का स्वर्णिम युग है ।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमो ने मन मोहा :** इस अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की बालिकाओ द्वारा आरम्भ है प्रचण्ड बोल मस्तकों के झुण्ड आज जंग की घड़ी की तुम गुहार दो, अब मन ये हुआ है धूनी और आँगन है रणभूमि, अब काल भी आँख में आँख ना डाले, ऐसी ठन गई मैं नीले घोड़े रा असवार,म्हारा मेवाड़ी सरदार, राणा सुणता ही जाजो जी, मेवाड़ी राणा सुणता ही जाजो जी पर अपनी प्रस्तुतियाँ दी।

**भामाशाहो का हुआ सम्मान :** महाराणा कुम्भा जन्मभूमि सेवा समिति के द्वारा सम्मानित अतिथियों ने कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान करने के लिए राजेन्द्र यादव, हिम्मत सिंह झाला, चन्द्रभान सिंह बियाना, सुरेश देरासरिया, जय सिंह निमझर, चन्द्रभान सिंह मोयना, अर्जुन सिंह सरपंच माद, शोभा लाल जी रेगर, सोहन लाल जी गुर्जर, सीता देवी रेगर, कैलाश मेहता, चिरंजी लाल टांक, पंकज कोठारी, दिलीप टांक, अम्बा लाल गुर्जर, गोविन्द कंसारा, कान सिंह चौहान को सभी अतिथियों ने महाराणा कुम्भा प्रतिक चिन्ह और इकलाई पहनाकर सम्मान किया गया।





# ऋतिक को फिल्म में नहीं लेना चाहते थे राकेश रोशन

## ससुर ने कहा कोयला में लो, तो जवाब दिया- ये कहां काम करेगा, बोलता तो है नहीं कुछ

रोशन परिवार की जिंदगी पर बनी डॉक्यूमेंट्री सीरीज द रोशन्स 17 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। सीरीज की रिलीज से पहले राकेश रोशन का सीरीज से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने वो किस्सा शेयर किया, जब उनके ससुर चाहते थे कि ऋतिक रोशन फिल्म कोयला में काम करें। हालांकि राकेश रोशन ने ऋतिक के चुप-चुप रहने का हवाला देते हुए इससे इनकार कर दिया था।

नेटफ्लिक्स इंडिया के यूट्यूब चैनल पर शेयर किए गए वीडियो में ऋतिक रोशन अपने पिता राकेश रोशन और चाचा राजेश रोशन के साथ फैमिली एल्बम देखते नजर आए हैं। पन्ने पलटाते हुए राकेश रोशन, हर तस्वीर से जुड़ा किस्सा सुनाते हैं।

उन्होंने फिल्म कहो न प्यार है के सेट की एक तस्वीर दिखाई, जिसमें कोरियोग्राफर फराह खान ऋतिक रोशन के बाईसेप्स देखती नजर आई हैं। तस्वीर पर राकेश रोशन ने कहा कि मैं फराह को सीन समझा रहा था और वो इसके बाईसेप्स देख रही थी।

आगे उन्होंने ऋतिक के उन दिनों की तस्वीर दिखाई, जब वो शाहरुख खान और माधुरी दीक्षित स्टारर फिल्म कोयला में असिस्टेंट डायरेक्टर थे।

सामने आई तस्वीर में ऋतिक पिता के साथ बैठे दिखे हैं। इस तस्वीर को देखते ही राकेश रोशन ने कहा, मेरे फादर-इन-लॉ ओम जी ने मुझसे कहा था कि इसे फिल्म में ले लो, मैंने कहा- डेडी ये कहां काम करेगा, बोलता तो है नहीं कुछ। चुपचाप रहता है। जवाब में राकेश रोशन के ससुर ने कहा था- ले ले, तेरे साथ चुपचाप रहता है, मेरे साथ बात करता है।

वीडियो में राकेश रोशन ने आगे बताया है कि जब ऋतिक रोशन ने फिल्म कहो न प्यार है कि लिए पहला शॉट दिया तो वो एक्टिंग देखकर हैरान रह गए थे।

बताते चलें कि अपकमिंग सीरीज द रोशन्स, रोशन परिवार की लीगेसी पर बनी एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है। सीरीज में ऋतिक रोशन के दादाजी रोशन लाल नागरथ के म्यूजिक इंडस्ट्री में पकड़ बनाने से लेकर उनकी हर पीढ़ी की कहानी बताई जाने वाली है। बताते चलें कि उनके परिवार का सरनेम नागरथ था, जिसे बाद में ऋतिक के दादा जी के नाम पर रोशन किया गया था। रोशन लाल नागरथ ने लागा चुनरी में दाग, मुंगड़ा, जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा जैसे कई बेहतरीन गाने कंपोज किए हैं।

# शक्ति कपूर के लिए पत्नी ने छोड़ा था फिल्मी करियर : एक्टर बोले- मुझे हाउसवाइफ चाहिए थी, शिवांगी ने मेरे लिए सब कुछ छोड़ दिया



शक्ति कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें हमेशा एक हाउसवाइफ चाहिए थी और इसी कारण उनकी पत्नी शिवांगी ने अपना फिल्मी करियर छोड़ दिया। दरअसल, शक्ति कपूर ने एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरे की बहन शिवांगी से शादी की थी। शिवांगी एक एक्ट्रेस और सिंगर थीं।

टाइम आउट विद अंकित के साथ बातचीत के दौरान शक्ति कपूर ने फिल्म किस्मत के सेट पर पत्नी शिवांगी से पहली मुलाकात का किस्सा बताया। उन्होंने कहा, मैं उनसे (शिवांगी) मिला था, वह एक चाइल्ड आर्टिस्ट थीं। मैं फिल्म में एक बुजुर्ग का रोल निभा रहा था। वह मुझसे 12 साल छोटी हैं। हम मिले, प्यार हो गया और मैंने मन में सोचा मुझे इतनी घरेलू और खूबसूरत लड़की कहां मिलेगी ?।

शक्ति कपूर ने कहा, एक दिन मैंने उनसे कहा कि मेरा काम डिस्टर्ब हो रहा है। मुझे फोकस करने की जरूरत है, तो वह गुस्सा हो गईं। मैं उनके पास गया और उनसे भीख मांगी। मैंने माफी मांगी और कहा कि मैं तुमसे शादी करना चाहता हूं। साथ ही यह भी कहा कि मैं चाहता हूं कि वह हाउसवाइफ बनें। इसके बाद, हमने कोर्ट में शादी की। बाद में फिर परिवार ने भी हमारे रिश्ते को स्वीकार कर लिया।

शक्ति कपूर ने फिर कहा, उन्होंने मेरे लिए अपना सिंगिंग करियर और बाकी सब कुछ छोड़ दिया। आज तक मैं हाथ जोड़कर उन्हें इसके लिए धन्यवाद देता हूं।

एक्ट्रेस थीं शक्ति की वाइफ शक्ति की वाइफ शिवांगी कोल्हापुरे 80 के दशक में एक्ट्रेस रह चुकी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1980 में आई फिल्म किस्मत से की थी। इस फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती और रंजीता लीड रोल में थे। इस फिल्म में शक्ति कपूर ने भी काम किया था।

दोनों की पहली मुलाकात इसी फिल्म के सेट पर हुई थी। दोनों में दोस्ती हुई और फिर प्यार। आखिर में दोनों ने शादी करने का फैसला किया। भागकर की थी शादी शिवांगी के माता-पिता इस शादी के लिए राजी नहीं थे। शक्ति से रिश्ते की बात सुनकर शिवांगी के पेरेंट्स ने उन्हें कमरे में बंद कर दिया था। शिवांगी बचते-बचाते घर से निकलीं और आखिर में दोनों ने भागकर शादी करने का फैसला किया।

दोनों ने 1982 में भागकर शादी कर ली। जब शिवांगी ने शादी की उस वक्त उनकी उम्र 18 साल थी। इस शादी के बाद शिवांगी के माता-पिता इतने नाराज हुए कि उन्होंने उनसे बातचीत भी बंद कर दी।

शादी के बाद शिवांगी ने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया और फैमिली लाइफ में बिजी हो गईं। फिर जब 19 साल की उम्र में शिवांगी बेटे सिद्धांत की मां बनीं तो उनकी मां उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में देखने आईं और फिर रिश्तों में कुछ सुधार हुआ।



# विक्की कौशल की छावा का ट्रेलर जल्द होगा रिलीज

## मेकर्स ने नए पोस्टर के साथ दी जानकारी

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल के फैंस उनकी अपकमिंग फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। इन दिनों उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म छावा की चर्चा चल रही है। साल 2025 में रिलीज होने वाली इस मूवी में एक्टर छत्रपति संभाजी के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में मेकर्स ने इससे उनका फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया था। इसके बाद अब एक बार फिर दर्शकों की एक्साइटमेंट को सातवें आसमान पर पहुंचाने का काम फिल्म निर्माताओं ने किया है।

विक्की कौशल की मूवी छावा से उनका नया पोस्टर शेयर किया गया है। छत्रपति संभाजी के किरदार में एक्टर की लुक तारीफ के काबिल लग रही है। लेटेस्ट पोस्टर के साथ मेकर्स ने फैंस को एक बड़ा सरप्राइज भी दिया है। आइए इसके बारे में आपको भी बताते हैं।

छावा फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने ट्रेलर का अपडेट शेयर किया है। बता दें कि एक्टर की लुक देखने के बाद फैंस ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे। हालांकि, अब इस बात से पर्दा उठ गया है कि उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म का ट्रेलर किस दिन रिलीज होगा। पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया कि 16 जनवरी 1681 को छत्रपति संभाजी महाराज के राज्याभिषेक समारोह से एक महान विरासत की शुरुआत हुई। 344 साल के बाद हम उनके साहस और महिमा की कहानी बताने जा रहे हैं।

# सलमान की अटेंशन के लिए कंटेस्टेंट करते हैं लड़ाई

## शिल्पा शिरोडकर बोलीं- सोचा नहीं था मैं बाहर हो जाऊंगी, लेकिन सफर शानदार रहा



बिग बॉस 18 में नजर आईं एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर का सफर शो के ग्रैंड फिनाले से चार दिन पहले खत्म हो गया। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में शिल्पा ने बिग बॉस में अपने सफर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि सलमान खान की अटेंशन के लिए कंटेस्टेंट्स लड़ाई करते हैं।

स्क्रीन के साथ बातचीत के दौरान शिल्पा शिरोडकर ने कहा, हमें पता था कि मिड-वीक एविक्शन होगा, लेकिन मुझे नहीं पता था कि मैं बाहर हो जाऊंगी। शो के अंत में आप किसी भी चीज के बारे में पूरी तरह से आत्मविश्वास नहीं रख सकते। लेकिन मेरा सफर बहुत खास था। मैं शो में बहुत अलग थी।

विवियन के साथ अपने रिश्ते को लेकर शिल्पा ने कहा कि अगर रिश्ते में एक व्यक्ति दूसरे पक्ष को नहीं देखना चाहता है और सिर्फ एक पक्ष पर विश्वास करता है, तो उससे दूर चले जाना ही सबसे अच्छा है। उन्होंने आगे कहा, मुझे नहीं पता कि कन्फेशन रूम में क्या हुआ। हमें नूरेन और उसकी बातचीत के बारे में मीडिया से पता चला। मीडिया के चले जाने के बाद, पूरा सवाल उसके इर्द-गिर्द घूमता रहा कि उसने मुझे और करण को क्यों परेशान किया। यहां तक कि जब मीडिया ने उससे सवाल पूछे, तो उसके पास देने के लिए कोई जवाब नहीं था। करणवीर के बारे में बात करते हुए शिल्पा ने कहा, 'करणवीर के साथ मेरा रिश्ता हमेशा मजबूत रहा। हालांकि, लोग उसे हर हफ्ते बताते रहे कि मैं उसे तोड़ रही हूं। शिल्पा शिरोडकर की मानें तो सलमान खान का ध्यान खींचने के लिए कंटेस्टेंट लड़ाई करते हैं, ताकि वीकेंड के वार पर उन्हें लेकर बात की जाए और वह शो में लाइमलाइट में आ सकें।

शिल्पा ने कहा, 'इस घर में मैंने यह सीखा है कि लोग आपको जज करेंगे और उनकी अपनी राय होगी, तो आपको यादा फिक्र नहीं करनी चाहिए। यह सब असुरक्षा से जुड़ा होता है, जो बातें पूरे हफ्ते होती हैं, वे वीकेंड पर चर्चा की जाती हैं। जब सलमान उनसे बात करते हैं, तो वह एक बड़ा पल बन जाता है।'

# जिद पर अड़ गया पुष्पाराज, श्रीवल्ली के लिए बॉक्स ऑफिस पर किया बड़ा धमाका

आमतौर पर यह देखा गया है कि सीक्वल कई मामलों में पहली फिल्म जैसी सक्सेस नहीं पा पाता है। लेकिन पुष्पा 2 एकमात्र ऐसी फिल्म है जो तीन साल पहले इसी नाम से आई पुष्पा: द राइज को कड़ी टक्कर दे रही है। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि सुकुमार का निर्देशन और पुष्पाराज के किरदार में नजर आए अल्लू अर्जुन फिल्म की जान हैं।

### फिल्म की पकड़ नहीं पड़ी ढीली?

कहानी, निर्देशन और बॉक्स ऑफिस के मामले में पुष्पा 2 ने अपनी ही फिल्म से कॉम्पटीशन किया और ब्लॉकबस्टर साबित हुई। फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक महीने से ज्यादा समय हो गया है, लेकिन फिर भी यह अपनी पकड़ बनाए हुए है।



### कितना रहा फिल्म का 43वें दिन का कलेक्शन?

फिल्म ने तमिल, तेलुगु के अलावा हिंदी भाषा में भी कमाल किया। हालांकि 42वें दिन पहली बार ये देखा गया कि फिल्म का हिंदी वर्जन करोड़ के नीचे आया हो। फिल्म ने 42वें दिन एक करोड़ का कलेक्शन किया। इसमें से 78 लाख इसने हिंदी से, 20 लाख तेलुगु में और 2 लाख तमिल वर्जन में कमाए। वरना अभी तक हिंदी कमाई से फिल्म को काफी अच्छा कलेक्शन हो रहा था। वहीं बात 43वें दिन की करें तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार अर्ली ट्रेंड्स 34 लाख के आसपास है लेकिन इसके और बढ़ने की उम्मीद है। फिल्म अपने 6वें हफ्ते में प्रवेश कर चुकी है।

# सैफ अली खान पर हुए हमले पर करीना ने तोड़ी चुप्पी, कहा- परिवार के लिए मुश्किल भरा दिन

**सैफ अली खान पर बुधवार देर रात हमला हुआ जिस वजह से वह अस्पताल में भर्ती हैं। एक्टर की 2 सर्जरी हुई है हालांकि अब उनकी हालत बेहतर है। अब इस मामले पर करीना कपूर खान का रिएक्शन आया है। करीना ने सोशल मीडिया पर इस मामले में सपोर्ट करने वालों को थैंक्यू कहा है और यह भी रिक्वेस्ट की है कि इस मामले में उन्हें प्राइवेसी दें।**




### क्या लिखा करीना ने

करीना ने लिखा, %हमारे परिवार के लिए आज का दिन काफी चैलेंजिंग रहा है और हम अब भी उस हादसे को प्रोसेस करने में लगे हैं। इस मुश्किल समय में मैं मीडिया और पैपराजी से रिक्वेस्ट करती हूं कि फालतू की अफवाह और कवरेज से दूर रहें। फालतू की अटेंशन हमारी सुरक्षा के लिए खतरा हो सकती है। मैं रिक्वेस्ट करती हूं कि आप हमारी बाउंड्रीज की रिस्पेक्ट करें और हमें स्पेस दें।%

### क्या हुआ सैफ के साथ

दरअसल, सैफ के 12वें फ्लोर पर एक शख्स चोरी से घुसा और जब सैफ को इसकी भनक हुई तो उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की। इसके बाद उसने सैफ पर हमला कर दिया। सैफ को फिर अस्पताल ले जाया गया और उनकी 2 सर्जरी हुई है। सैफ को उनके बड़े बेटे इब्राहिम अस्पताल लेकर गए थे क्योंकि घर में ड्राइवर मौजूद नहीं था।

पुलिस जांच कर रही है और उन्होंने सीसीटीवी में कैद हुई हमला करने वाली की फोटो शेयर कर दी है। फिलहाल करीना बहन करिश्मा कपूर के घर में हैं बच्चों के साथ। सभी सेलेब्स करीना से मिलने करिश्मा के घर जा रहे हैं।



मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

### राजस्थान मंडपम और यूनिटी मॉल के संबंध में उच्चस्तरीय बैठक

# राजस्थान मंडपम होगा विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त

## बड़े आयोजनों की करेगा मेजबानी, यूनिटी मॉल से स्थानीय उत्पादों को मिलेगा प्रोत्साहन - मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान मंडपम विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त और अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय होगा। उन्होंने राजस्थान मंडपम में आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की पुख्ता कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए ताकि यहां पर बड़े आयोजन सुगमता से हो सके। शर्मा जयपुर में प्रस्तावित राजस्थान मण्डपम एवं यूनिटी मॉल की कार्ययोजना के संबंध में गुरूवार को मुख्यमंत्री कार्यालय पर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान मंडपम स्थानीय कला, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ सांस्कृतिक और व्यावसायिक आयोजनों के लिए प्रमुख आकर्षण के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि देश एवं विदेशों के बेहतरीन कन्वेंशन सेन्टर का परीक्षण कर राजस्थान मंडपम में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएगी। उन्होंने यहां विकसित होने वाले कन्वेंशन सेन्टर, एक्जीबिशन सेन्टर, मीटिंग हॉल एवं आगन्तुकों की पार्किंग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।



### वन स्टॉप मार्केट प्लेस के रूप में कार्य करेगा यूनिटी मॉल

मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर में 'मेक इन इंडिया' तथा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' के तहत स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए यूनिटी मॉल का भी निर्माण किया जाएगा। यह मॉल जीआई प्रोडक्ट, हस्तशिल्प उत्पाद एवं अन्य स्थानीय उत्पादों के प्रमोशन एवं विक्रय के लिए वन स्टॉप मार्केट प्लेस के रूप में कार्य करेगा। इसमें दुकानकारों की आवश्यकताओं के दृष्टिगत सभी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही, यहां कॉमन ट्रेनिंग सेन्टर, ओपन थिएटर, बिजनेस मीटिंग हॉल एवं सेमीनार हॉल आदि सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। बैठक में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राजस्थान मंडपम एवं यूनिटी मॉल की प्रस्तावित कार्ययोजना के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। इस दौरान उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़, मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, रीको के वरिष्ठ अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# ब्लू ओरिजिन का न्यू ग्लेन रॉकेट सफलतापूर्वक लॉन्च

## टेस्ट मिशन को 13 मिनट में पूरा किया; 98 मीटर लंबे रॉकेट में 7 इंजन लगे हैं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के फाउंडर और अरबपति जेफ बेजोस की स्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन ने गुरुवार को न्यू ग्लेन रॉकेट की सफल टेस्टिंग की है। रॉकेट को स्थानीय समय के मुताबिक सुबह 2 बजे अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा से लॉन्च किया गया। रॉकेट ने पहले ही प्रयास में ये सफलता हासिल की है। इससे पहले इसकी लॉन्चिंग टाली गई थी। रॉकेट से एक प्रोटोटाइप उपग्रह को कक्षा में स्थापित किया गया। लॉन्च होने के 13 मिनट बाद ही इसने अपना मिशन पूरा किया। इस विशाल रॉकेट की लंबाई 98 मीटर है। इसे चंद्रमा तक अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। रॉकेट में 7 इंजन हैं। रॉकेट की फर्स्ट स्टेज अलग होने से पहले सभी इंजन को 3 मिनट से अधिक समय तक चालू रखा गया था। रॉकेट को उसी लॉन्च पैड से लॉन्च किया गया है जहां से 50 साल पहले मेरिनर और पायनियर अंतरिक्ष यान को लॉन्च किया था।

### बूस्टर की सफल लैंडिंग नहीं हो सकी

रॉकेट लॉन्चिंग के अलावा इसके बूस्टर को सुरक्षित तरीके से समुद्र में उतारने का प्लान था। हालांकि बूस्टर अपनी निर्धारित जगह पर नहीं उतर सका। इस पर जेफ बेजोस ने माफी भी मांगी। इन बूस्टर को दोबारा में इस्तेमाल में लाने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। इसे स्पेसएक्स के फाल्कन रॉकेट की तर्ज पर तैयार किया गया है, जिससे की फ्यूचर मिशन में लगने वाली लागत के कम किया जा सके। बूस्टर को समुद्र में जैकलिन नाम के एक प्लेटफॉर्म पर लैंड करना था। इस प्लेटफॉर्म का नाम बेजोस ने अपनी मां के नाम पर रखा है। लैंडिग के वक्त बूस्टर का इंजन चालू होने से पहले ही, रॉकेट से लाइव डेटा कट गया।



# अंतरिक्ष में डॉकिंग करने वाला चौथा देश बना भारत

### इसरो ने दो स्पेसक्राफ्ट जोड़े, 30 दिसंबर को लॉन्च हुआ था स्पेडेक्स मिशन

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारत अंतरिक्ष में दो स्पेसक्राफ्ट को सक्सेसफुली डॉक करने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन ही ऐसा करने में सफल रहे हैं। इसरो ने बताया कि 16 जनवरी को सुबह डॉकिंग एक्सपेरिमेंट को पूरा किया गया। इस मिशन की कामयाबी पर चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसे मिशन्स निर्भर थे। चंद्रयान-4 मिशन में चंद्रमा की मिट्टी के सैंपल पृथ्वी पर लाए जाएंगे। वहीं गगनयान मिशन में मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इसरो ने 30 दिसंबर 2024 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से रात 10 बजे स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लॉन्च किया था। इसके तहत पीएसएलवी-सी60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट पृथ्वी से 470 किमी ऊपर डिप्लॉय किए गए। 7 जनवरी को इस मिशन में दोनों स्पेसक्राफ्ट्स को कनेक्ट किया जाना था। लेकिन इसे टाल दिया गया। फिर 9 जनवरी को भी तकनीकी दिक्कतों के कारण डॉकिंग टल गई। 12 जनवरी को स्पेसक्राफ्ट्स को 3 मीटर तक पास लाने के बाद वापस इन्हें सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया था।

# दिल्ली विस चुनाव : भाजपा की चौथी लिस्ट में 9 नाम



### ग्रेटर कैलाश से सौरभ भारद्वाज के खिलाफ शिखा राय

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी चौथी लिस्ट गुरुवार को जारी कर दी। इस लिस्ट में 9 उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। भाजपा ने अपनी कुल चार लिस्ट में 68 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, जबकि एक-एक सीट सहयोगी पार्टी जेडीयू और एलजेपी (रामनिवास) के लिए छोड़ी है।

भाजपा ने ग्रेटर कैलाश से आप प्रत्याशी और मंत्री सौरभ भारद्वाज के खिलाफ शिखा राय को टिकट दिया है। जबकि आप के दिल्ली अध्यक्ष और बाबरपुर से प्रत्याशी गोपाल राय के खिलाफ अनिल वशिष्ठ को उतारा है।

वहीं, वजीरपुर सीट से कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक के सामने पूनम शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। पूनम अशोक विहार से निगम पार्षद हैं।

# दिल्ली विस चुनाव : कांग्रेस ने छठी लिस्ट जारी की



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने गुरुवार को 2 कैंडिडेट की छठी लिस्ट जारी की। इसमें तिमारपुर से लोकेंद्र चौधरी और रोहतास नगर से सुरेशवती चौहान को टिकट दिया गया है। इसके साथ ही कांग्रेस ने सभी 70 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। इससे पहले बुधवार देर रात कांग्रेस ने 5 कैंडिडेट की पांचवी लिस्ट जारी की थी। जिसमें 2 स्ष्ट कैंडिडेट के नाम थे। बवाना सीट से सुरेंद्र कुमार को प्रत्याशी बनाया गया है। रोहिणी सीट से सुमेश गुप्ता को टिकट दिया गया है। पार्टी ने करोल बाग से राहुल धानक को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा तुगलकाबाद से वीरेंद्र बिधूड़ी और बदरपुर से अर्जुन भड़ाना को मैदान में उतारा गया है।

14 जनवरी को कांग्रेस ने चौथी लिस्ट जारी की थी। इसमें 16 नाम थे। गोकलपुर सीट से प्रत्याशी बदला गया। मुंडका सीट से आम आदमी पार्टी से कांग्रेस में आए पूर्व विधायक धरम पाल लाकड़ा को टिकट दिया गया। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णा तीरथ को पटेल नगर सुरक्षित सीट से उम्मीदवार बनाए गए हैं।

# सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता, मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को किया ढेर

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन में, छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक गहन मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया। क्षेत्र के घने जंगली इलाकों में चलाया गया यह ऑपरेशन वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक बड़ी सफलता है। क्षेत्र के घने जंगली इलाकों में चलाया गया यह ऑपरेशन वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक बड़ी सफलता है। अधिकारी ने बताया कि तीन जिलों के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की विशिष्ट जंगल युद्ध इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन) की पांच बटालियन और सीआरपीएफकी 229वीं बटालियन के जवान इस अभियान में शामिल थ। बीजापुर के मद्देड़ थाना क्षेत्र में12 जनवरी को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत पांच नक्सली मारे गए थे। पुलिस ने बताया कि छत्तीसगढ़ में दो वर्षों में सुरक्षा बलों पर सबसे बड़ा हमला करते हुए नक्सलियों ने इस महीने की शुरुआत में बीजापुर जिले में 60 से 70 किलोग्राम वजनी संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में धमाका किया जिसकी चपेट में सुरक्षाबलों का एक वाहन आ गया और उसमें सवार आठ सुरक्षाकर्मी और उनके चालक की मौत हो गई थी।

# राजस्थान में तीन यूनिवर्सिटी के पीएचडी कोर्स पर बैन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने गुरुवार को राजस्थान की 3 यूनिवर्सिटी में पीएचडी के कोर्स पर बैन लगा दिया। इसके साथ ही यूजीसी ने स्टूडेंट्स को पीएचडी कोर्स के लिए इन यूनिवर्सिटी में एडमिशन नहीं लेने की अपील की। यूजीसी से जारी नोटिस के मुताबिक OPJS यूनिवर्सिटी (चूरू), सनराइज यूनिवर्सिटी (अलवर) और सिंघानिया यूनिवर्सिटी (झुंझुनूं) को बैन किया है। यूजीसी के पीएचडी नियमों को पूरा नहीं करने के मामले पर पहले तीनों यूनिवर्सिटी को नोटिस जारी किया था। नोटिस का कोई जवाब नहीं देने पर यूजीसी की स्टेंडिंग कमेटी ने तीनों यूनिवर्सिटी में पीएचडी के कोर्स पर बैन लगा दिया।

### 5 साल के लिए लगाया प्रतिबंध

स्टेंडिंग कमेटी की सिफारिश पर यूजीसी ने इन तीनों विश्वविद्यालयों को अगले पांच वर्षों (शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक) पीएचडी. कार्यक्रम के तहत छात्रों का नामांकन करने से प्रतिबंधित किया है। साथ ही इन विश्वविद्यालयों प्रबंधन को भी तत्काल प्रभाव से पीएच.डी. छात्रों का नामांकन बंद करने का निर्देश दिए है।

# कर्मचारी संगठनों को विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का संदेश

## कहा- आंदोलन के दौरान देश हित में करेंगे काम और काम का लेंगे पूरा दाम नारा होना चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर कलेक्ट्रेट में राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नवनियुक्त कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई। इस मौके पर देवनानी ने कर्मचारियों को संदेश देते हुए कहा कि आंदोलन के दौरान लगाए जाने वाले नारे को बदला जाना चाहिए।

निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा और उनकी कार्यकारिणी ने शपथ ली। इस दौरान वासुदेव देवनानी ने अपने संबोधन में कर्मचारियों को सीख देते हुए कहा कि कर्मचारियों की अपनी कई मांगी होती हैं, समय आने पर पूरी भी होती हैं, लेकिन कर्मचारी संगठनों का आंदोलन के दौरान चाहे जो मजबूरी हो हमारी मांगें पूरी हों नारा नहीं होना चाहिए। उसकी जगह नारा देश हित में करेंगे काम और काम का लेंगे पूरा दाम का नारा होना चाहिए।

इस मौके पर देवनानी ने कहा- पहले भी कई कर्मचारी नेता विधायक बने हैं, मैं भी पहले कॉलेज लेक्चरर रह चुका हूं। मैं हमेशा कहता हूं कि लॉकर दो चाबी से खुलता है, एक कर्म और दूसरा भाग्य की चाबी से। दोनों चाबी जब एक साथ लग जाती हैं तो व्यक्ति आगे बढ़ जाता है। इसी तरह से यदि आपके भी राजनीतिक भाग्य की चाबी लग जाएगी तो आप में से ही कोई भी व्यक्ति विधायक और मंत्री बन सकता है। शपथ ग्रहण समारोह में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा और जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी भी मौजूद रहे।

### मंत्रालयिक निदेशालय से राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों अलग करवाना प्राथमिकता

समारोह को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता मंत्रालयिक निदेशालय से राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों को अलग करवाना है।



साथ ही राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी हार्ड ड्यूटी करते हैं उन्हें हार्ड ड्यूटी एलाउंस दिलाना भी उनका अहम लक्ष्य है।

शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों ने मुझे निर्विरोध निर्वाचित करके अध्यक्ष बनाया है, मेरा ये दायित्व बनता है कि मैं भविष्य में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके हित में कार्य करूं। शर्मा ने कहा कि मंत्रालयिक कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए भी हर स्तर पर वे प्रयास करेंगे और उपखंड स्तर पर पदों को लेकर लंबित पत्रावलियों को भी जल्द आगे भिजवाने की उनकी प्राथमिकता

# अडाणी पर रिपोर्ट पेश करने वाली हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी बंद

**नई दिल्ली।** अमेरिकी शॉर्ट-सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च बंद होने जा रही है। बुधवार देर रात कंपनी के फाउंडर नाथन एंडरसन ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि कंपनी बंद करने का फैसला काफी बातचीत और सोच कर लिया है। हालांकि एंडरसन ने कंपनी बंद करने का कोई विशेष कारण नहीं बताया। हिंडनबर्ग रिसर्च की शुरुआत 2017 में हुई थी। भारत के अडाणी ग्रुप और इकान इंटरप्राइजेज सहित कई कंपनियों को अरबों डॉलर का नुकसान पहुंचाया था। अगस्त 2024 में हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड चीफ माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की अडाणी ग्रुप से जुड़ी ऑफशोर कंपनी में हिस्सेदारी है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com